www.ambikavani.com

# अम्बिकावाणी

संस्थापक : स्व. श्रीकिशन असावा एवं स्व. श्री गोपाल असावा ■ वर्ष-42 अंक-229 ■ पृष्ठ-8+4 ■ मूल्य 2.50 ■ प्रधान संपादक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, ● प्रबंध संपादक-नरेन्द्र सिंह टुटेजा

अम्बिकापुर, शुक्रवार 13 जून , 2025


**आज का विचार**

लकीरें मामूली होती है, ये माथे पर चिंता, हथेली पर तकदीर, जमीन पर बंटवारा, और रिश्तों में दरार कर देती है।




केंद्रीय चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन कल

स्टीव स्मिथ ने डब्ल्यूटीसी फाइनल में रचा इतिहास, तोड़ डाला 99 साल पुराना महारिकॉर्ड


# अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान क्रैश, उड़ान भरने के तुरंत बाद 191 मीटर की ऊंचाई से अचानक नीचे गिरा, 230 यात्री, चालक दल के 10 सदस्य सवार थे




- एयर इंडिया का यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त
- अहमदाबाद से लंदन जा रही थी फ्लाइट
- हादसे के बाद विमान के परखच्चे उड़े

**अहमदाबाद ।** गुजरात के अहमदाबाद में बड़ा विमान हादसा हुआ है। अब तक की जानकारी के मुताबिक, विमान रिहायशी इलाके में गिरा है। मेघानी नगर इलाके में विमान गिरा है। एयरपोर्ट आने-जाने वाले रास्तों को बंद कर दिया गया है।

एयरपोर्ट की दीवार से टकराने के बाद प्लेन हादसे का शिकार हुआ है। यह एयरइंडिया (Air India) का बोईंग ७८७ विमान ड्रीमलाइनर (AIC 2716) था, जिसने लंदन के लिए उड़ान भरी थी। अधिकांश यात्री भारतीय (गुजरात) थे। विमान की क्षमता ३०० यात्रियों की है। समाचार एजेंसी ANI के अनुसार, विमान में २४२ यात्री थे। अब तक ५० से अधिक यात्रियों के मारे जाने की खबर है। NSG कमांडो मौके पर हैं। आसपास के अस्पतालों में आपातकालीन तैयार की गई है। धमाके के साथ विमान टूटकर गिरा है।

कनाडा के उच्चायोग ने अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे के बाद गहरी संवेदना व्यक्त की है। हमारी संवेदनाएँ पीड़ित परिवारों और प्रियजनों के साथ हैं। विमान में एक कनाडाई नागरिक सहित २४२ यात्री सवार थे।

**किन देशों के यात्री सवार थे**

**१६९ भारतीय**

**५२ ब्रिटिश**

**६ पुर्तगाली**

अब तक की जानकारी

विमान को कैप्टन सुमित सभरवाल उड़ा रहे थे, जिन्हें ८२०० घंटे विमान उड़ाने का अनुभव था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से बात की और दोनों को तत्काल अहमदाबाद रवाना होने के निर्देश दिए हैं।

केंद्र सरकार हालात पर नजर रखे हुए है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के मुख्यमंत्री से बात की। वहीं विमानन मंत्री ने एक्स पर पोस्ट में बताया है कि देश के सभी एयरपोर्ट पर अलर्ट घोषित किया गया है।

हादसा उस समय हुआ जब विमान उड़ान भर रहा था। विमान का एक हिस्सा एयरपोर्ट की बाउंड्री से टकरा गया, जिसके बाद विमान क्रैश हो गया। इसके बाद विमान आगे के गोले में तब्दील हो गया। विमान का मलबा दूर तक बिखरा हुआ है।

क्रैश होने के बाद विमान का मलबा आसपास की इमारतों पर गिरा, जिससे वहां भी आग लग गई। यहां तक कि वहां पार्क किए गए वाहनों में भी आग लग गई। नजदीक ही जिला अस्पताल है, जहां सभी डॉक्टरों को अलर्ट पर रखा गया।

## पहला कॉलम

### पूर्व सीएम विजय रुपाणी का अहमदाबाद विमान हादसे में निधन, पत्नी व बेटी से मिलने जा रहे थे लंदन



**इंदौर।** अहमदाबाद में एअर इंडिया का बोइंग ७८७ ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश का बड़ा हादसा हुआ है। इसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी सवार थे, जिनका इस हादसे में मौत निधन हो गया है। विमान के गिरते ही पूरा इलाका धुएं के गुबार ढक गया था। इसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी सहित २४२ पैसेंजर सवार थे, जिसमें ५६ ब्रिटिश और ६ पुर्तगाल नागरिक भी थे। विजय रूपाणी लंदन अपनी बेटी व पत्नी से मिलने के लिए जा रहे थे। विजय रूपाणी का नाम गुजरात भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं में आता है। वह भाजपा के उन खांटी नेताओं में गिने जाते हैं, जो शुरू से पार्टी से जुड़े रहे। इसका इनाम भी उनको मिला। उन्होंने २०१४ में पहली बार विधानसभा का चुनाव जीता था। २०१६ में आनंदीबेन पटेल को हटाकर उनको राज्य का मुख्यमंत्री बनाया गया।

## कुछ अलग

### लोकसभा चुनाव 2029 में लागू हो सकता है 33 प्रतिशत महिला आरक्षण, सरकार कर रही विचार

**नईदिल्ली,12 जून (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार 2029 के लोकसभा चुनाव में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को लागू करने पर विचार कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्र सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विचार कर रही है, जिसके तहत अगले लोकसभा चुनाव और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित की जाएंगी। बताया जा रहा है कि महिला आरक्षण विधेयक परिसीमन प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है। केंद्र सरकार के अधिकारियों ने बताया कि महिला आरक्षण को लागू करने के लिए जनगणना होगी। इसके बाद तय समय पर परिसीमन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके बाद चुनाव आयोग द्वारा निर्वाचन क्षेत्रों के नए परिसीमन के आधार पर 2029 के चुनाव कराए जा सकेंगे। बता दें कि जनगणना मार्च 2027 से शुरू होगा, जो 2 चरण में होगा। जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन कोरोना के चलते इसे स्थगित कर दिया गया था। कानून के मुताबिक, इससे राज्य विधानसभाओं, केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली की विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। इसी 33 प्रतिशत में से एक तिहाई सीटें अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) की महिलाओं के लिए होंगी। यानी एससी और एसटी महिलाओं को अलग से आरक्षण नहीं मिलेगा, बल्कि आरक्षण के भीतर ही आरक्षण होगा।

## खरी-खरी




## 'किसी की बहन तो किसी की साली', प्लेन क्रैश के शिकार यात्रियों के परिजन का हाल-बेहाल



**नई दिल्ली ।** गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान क्रैश हो गया इस प्लेन में कुल २४२ लोग सवार थे जिसमें २३० यात्री, दो पायलट और १० क्रू मेंबर थे। विमान उड़ान भरने के साथ ही एयरपोर्ट के करीब ही क्रैश हो गई। जिस जगह यह प्लेन क्रैश हुआ वहां आसपास में कई बिल्डिंग थे। घटना के बाद यात्रियों के परिजनों और वहां के लोगों के बयान सामने आ रहा है।

**'साली लंदन जा रही थी'**

गुजरात के सिविल अस्पताल पहुंचे पूनम पटेल ने कहा कि उनकी साली लंदन जा रही थी। उन्होंने बताया कि एक घंटे के भीतर खबर मिली कि विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इसलिए वह अस्पताल पहुंचे है. उनके परिजल से कोई संपर्क नहीं हो पाया है।

**बहन लंदन जा रही थी**

वहीं, अहमदाबाद, गुजरात के सिविल अस्पताल में पहुंची भावना पटेल ने कहा कि मेरी बहन लंदन जा रही थी। दोपहर १.१० बजे के आसपास उसकी उड़ान थी, लेकिन विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मेरे बहन से कोई संपर्क नहीं हुआ है और वह कैसी है ये भी पता नहीं है।

**दूसरी मंजिल से कूदकर जान बचाई**

उधर, गुजरात के अहमदाबाद के सिविल अस्पताल पहुंची रमीला कहती है कि उनका बेटा लंच ब्रेक के दौरान हॉस्टल गया था। विमान वहीं दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने अपने बेटे से बात की तो पता चला कि वह सुरक्षित है। बेटे ने दूसरी मंजिल से छलांग लगाकर खुद की जान बचाई, हालांकि उसे कुछ मामूली चोटें भी आई है।

## मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में ई-गवर्नेंस की ओर बड़ा कदमः अब कर्मचारियों की कुंडली मोबाइल एप पर

**00 मुख्यमंत्री की पहल से कर्मचारियों को डिजिटल सुविधाः सेवा जानकारी अब मोबाइल एप पर अपडेट 00 प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को होगा लाभः सेवानिवृत्ति, पदोन्नति और वेतन विसंगति में नहीं होगी कोई परेशानीः जीपीएफ का होगा त्वरित भुगतान**



रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन ई-गवर्नेंस के माध्यम से सुशासन को सशक्त और सहज बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। "डिजिटल प्रशासन - पारदर्शी समाधान" की नीति को आगे बढ़ाते हुए, प्रदेश सरकार ने अब कर्मचारियों की सेवा जानकारी को मोबाइल एप के माध्यम से अद्यतन करने की अभिनव पहल की है। यह प्रयास मुख्यमंत्री श्री साय की उस सोच को दशार्ता है जिसमें प्रत्येक कर्मचारी की सुविधा, सम्मान और अधिकार सुरक्षित हों — तेज, सरल और भरोसेमंद प्रणाली के माध्यम से। इसी कड़ी में प्रदेश के लगभग 4 लाख सरकारी कर्मचारियों की सीआर के लिए अब फाइलें पलटने का झंझट समाप्त हो गया है।कर्मचारियों की प्रोफाइल अब एम्प्लाई कॉर्नर मोबाइल एप पर अद्यतन (अपडेट) की जाएगी। इससे सेवानिवृत्ति, पदोन्नति, वेतन विसंगति आदि के समय किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। नई व्यवस्था के अनुसार अब कर्मचारियों की प्रोफाइल को कार्मिक संपदा पोर्टल पर लोड और अपडेट करना अनिवार्य होगा। इसके लिए एम्प्लाई कॉर्नर मोबाइल एप और वेब पोर्टल विकसित किए गए हैं।संचालनालय कोष एवं लेखा की इस नई व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। कर्मचारियों की सेवा संबंधी "कुंडली" को अद्यतन रखने में यह व्यवस्था अत्यंत सहायक सिद्ध होगी। हालाँकि 2019 से कार्मिक संपदा मॉड्यूल का उपयोग किया जा रहा है, किंतु यह नवीन डिजिटल प्लेटफॉर्म कर्मचारियों को उनकी व्यक्तिगत एवं सेवा संबंधी जानकारी त्वरित व सुविधाजनक रूप से उपलब्ध कराएगा। संचालक कोष एवं लेखा श्री रितेश अग्रवाल ने कहा कि यह पाया गया है कि कार्मिक संपदा पोर्टल पर अधिकांश कर्मचारी अपनी जानकारी अपडेट नहीं करते हैं, जिसके कारण सेवानिवृत्ति के समय उन्हें अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कार्मिक संपदा मॉड्यूल में व्यक्तिगत जानकारी अपडेट करने की जिम्मेदारी कार्यालय प्रमुख की होती है, लेकिन इसमें समय लगने के कारण असुविधाएँ उत्पन्न होती हैं। इन समस्याओं के समाधान हेतु एम्प्लाई कॉर्नर मोबाइल एप विकसित किया गया है, जो कर्मचारियों को स्वयं लॉगिन कर अपनी जानकारी अपडेट करने की सुविधा देता है।

अब सेवा संबंधी जानकारी, नामिनी परिवर्तन, बैंक खाता परिवर्तन आदि के लिए कार्यालय प्रमुख पर निर्भरता नहीं रहेगी, जिससे अनावश्यक विलंब की स्थिति में भी कमी आएगी। स्थानांतरण, वेतन निर्धारण, पदोन्नति और अन्य प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और प्रगति सुनिश्चित होगी। साथ ही सेवा के दौरान और सेवानिवृत्ति उपरांत मिलने वाले लाभ जैसे पेंशन, जीपीएफ, उपादान, अवकाश नगदीकरण आदि प्रकरणों का शीघ्र निराकरण संभव होगा, क्योंकि संबंधित डेटा अद्यतन रहेगा।

**कार्मिक संपदा एप से मिलेंगे ये प्रमुख लाभ**

कर्मचारियों से प्राप्त सेवा संबंधी आवेदनों का निपटारा सक्षम अधिकारी समयबद्ध तरीके से कर सकेंगे। मॉड्यूल के अद्यतन होने से वेतन विसंगति से जुड़ी समस्याएँ कम होंगी। कर्मचारी एम्प्लाई कॉर्नर मोबाइल एप या वेब एप्लिकेशन पर लॉगइन कर जानकारी स्वयं अपडेट कर सकते हैं। प्रोफाइल अद्यतन की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने के उद्देश्य से यह एप और पोर्टल तैयार किया गया है। इसके उपयोग के लिए एसओपी की जानकारी वेबसाइट में दी गई है। साथ ही, शासकीय कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति उपरांत महालेखाकार कार्यालय में अंतिम जीपीएफ दावा को पूर्णतः ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत करने की व्यवस्था भी तैयार की गई है। इससे दावे के निराकरण में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा। इसके अतिरिक्त, ऑनलाइन जीपीएफ क्रेडिट मिसिंग मॉड्यूल भी विकसित किया गया है, जिससे कार्यालय प्रमुख और कर्मचारी सेवा काल के दौरान मिसिंग जीपीएफ एंट्री का ऑनलाइन सुधार कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का यह स्पष्ट दृष्टिकोण है कि राज्य शासन का प्रत्येक निर्णय आम जन और कर्मचारियों के हित में हो। यह डिजिटल पहल कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा, प्रक्रिया में पारदर्शिता और त्वरित निपटान की दिशा में एक सशक्त कदम है, जो छत्तीसगढ़ को ई-गवर्नेंस की अग्रणी श्रेणी में स्थापित करता है।

## कई राज्यों में गर्मी का प्रकोप जारी, दक्षिण में भीषण बारिश का अलर्ट






**नई दिल्ली,12 जून (ए)।** मौसम विभाग के अनुसार दक्षिणी राज्यों में शामिल आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना और पुदुचेरी मानसून सक्रिय अवस्था में रहने की संभावना है. इससे आज से अगले एक दो दिनों के दौरान दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने का अनुमान है.

गोवा और कोंकण में कुछ स्थानों पर बृहस्पतिवार और शुक्रवार को भीषण बारिश होने का अनुमान है. इसके विपरीत पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र सहित उत्तर-पश्चिमी और मध्य भारत में अगले एक दो दिनों के दौरान कुछ स्थानों पर सामान्य से भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है.

जम्मू-कश्मीर, पंजाब, पश्चिमी राजस्थान, पश्चिमी मध्य प्रदेश में कई स्थानों पर भीषण गर्मी की स्थिति बनी रही. हिमाचल प्रदेश, हरियाणा चंडीगढ़ और दिल्ली में कई स्थानों पर भीषण गर्मी की स्थिति बनी रही. उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान और पूर्वी मध्य प्रदेश में कुछ स्थानों पर भीषण गर्मी की स्थिति बनी रही.

पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी राजस्थान के कुछ स्थानों पर रात में गर्म से लेकर अत्यधिक गर्म मौसम की स्थिति बनी रही. पंजाब, पूर्वी उत्तर प्रदेश और हरियाणा के कुछ स्थानों पर रात में गर्म मौसम की स्थिति बनी रही.

तेलंगाना, केरल और माहे में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हुई. उत्तराखंड, ओडिशा, असम, त्रिपुरा, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु पुडुचेरी और कराईकल, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हुई.

मध्य महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मराठवाड़ा, तमिलनाडु के कई हिस्सों आंधी आई. पूर्वोत्तर राज्यों में आंधी तूफान ने लोगों को परेशान किया. जम्मू, झारखंड, बिहार, ओडिशा में अलग-अलग स्थानों पर आंधी आई.

केरल, माहे, कर्नाटक, लक्षद्वीप में अधिकांश स्थानों पर आज से अगले एक दो दिनों के दौरान मध्यम बारिश होने के आसार हैं. आज और कल तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल, तटीय आंध्र प्रदेश,कर्नाटक, यनम, रायलसीमा, तेलंगाना में अलग-अलग स्थानों पर सामान्य से भारी बारिश के साथ गरज, बिजली, आंधी आने की संभावना है.

गुजरात में 14-16 जून के दौरान गरज के साथ बौछारें पड़ने और 12-14 जून के दौरान मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, कोंकण और गोवा में अलग-अलग स्थानों पर सामान्य से भारी बारिश के साथ तेज हवा चलने की संभावना है.

उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, ओडिशा में अलग-अलगह हिस्सों में आज से एक दो दिनों के दौरान सामान्य से भारी बारिश होने के आसार हैं. मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, गंगा के मैदानी पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड में भी इस दौरान कुछ जगहों पर गरज के साथ छींटे पड? की संभावना है.

उत्तर-पश्चिम भारत में आज से अगले एक दो दिनों के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से भारी बारिश होने की संभावना है. हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान में कुछ जगहों पर गरज के साथ बौछारें पड? का अनुमान है. हालांकि उत्तराखंड में कुछ स्थानों पर भीषण बारिश होने का अनुमान है.

अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में अलग-अलग स्थानों पर आज से दो तीन दिनों के दौरान हल्की से भारी वर्षा हो सकती है.

उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में अधिकतम तापमान में अगले तीन दिनों के दौरान को बड़ा परिवर्तन नहीं होने का अनुमान है. वहीं आज पूर्वी भारत में अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलान नहीं आने वाला है. देश के बाकी हिस्सों में अधिकतम तापमान में कोई बड़ा उतार चढ़ाव नहीं होने की उम्मीद है.

जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली में कई स्थानों पर एक दो दिनों के दौरान भीषण गर्मी पड? का अनुमान है. हिमाचल प्रदेश, पूर्वी राजस्थान में कई स्थानों पर आज हीटवेव की स्थिति बहुत संभावित है. इस दौरान पश्चिमी राजस्थान में कुछ स्थानों पर लू की स्थिति बहुत संभावित है. बिहार, असम और मेघालय के कुछ हिस्सों में आज मौसम गर्म रहने का अनुमान है.




पहला कालम

## सिख धर्म के छठवें गुरु हरगोबिंद साहेब का हर्षोल्लास से मना प्रकाश परब



**बिश्रामपुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा बिश्रामपुर में सिख धर्म के छठवें गुरु श्री गुरु हरगोबिंद साहेब जी का प्रकाश परब साध संगत व श्रद्धा भाव से मनाया गया। उनका जन्म अमृतसर के पास वडाली ग्राम में हुआ था। सभी मानव जन गुरु साहेब जी के साम्राज्य एवं आध्यात्म के धनी व्यक्तित्व से प्रेरणा लेते हैं। गुरु जी बाल अवस्था से ही दीन दुखियों की मदद, सहयोग में तत्पर रहते थे। साथ ही युद्ध कला में भी उनका कोई सामी नहीं था। उन्होंने दीन दुखियों व धर्म की रक्षा हेतु सेना तैयार कर सिख धर्म में सैन्य शक्ति की अवधारणा को प्रस्तुत किया। श्री गुरु हरगोबिंद साहेब जी का प्रकाश परब मनाने में हजूरी जत्थे में करनेल सिंघ, हरदेव सिंघ, मनप्रीत सिंघ ने कीर्तन व कथा द्वारा गुरु जी के जीवन पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत मिसी रोटी व लस्सी का लंगर चलाया गया। साध संगत, महिला समिति, युवा समिति एवं प्रबंधक कमेटी ने बड़ी ही सदभावना से सेवा की प्रबंधक कमेटी हजूरी जत्थे व सेवादारों को सेवा के लिए धन्यवाद देती है।

इस दौरान सेवादार बक्सीश मान, दलजीत सिंघ, जसबीर सिंघ, परमजीत सिंघ पम्मे, सुखदेव सिंघ, रणवीर सिंघ भामरा, अवतार सिंघ मान, मंजीत सिंघ भामरा, इंदरजीत सिंघ, मंजीत सोहेल, इंदरपाल सिंघ भामरा, प्रिंसराज ढिल्लो, प्रताप सिंघ, निंदर सिंघ, शानू, निक्कू, आनंद चावला, सोनू, अंकित बग्गा, अमन बग्गा, जस्सी, परमजीत सिंघ जूनियर व अन्य मौजूद रहे।

### अनियंत्रित कार दरभगुड़ा के पास पलटी 1 की मौत 3 घायल

**दंतेवाड़ा।** जिले के नेशनल हाईवे-30 पर ग्राम दरभगुड़ा के पास आज गुरूवार सुबह एक तेज रफ्तार कार मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। यह कार दंतेवाड़ा से कोंटा की ओर जा रही थी, जिसमें चार परीक्षार्थी बी.एड. की परीक्षा देने जा रहे थे। इस हादसे में 26 वर्षीय त्रिवेणी बघेल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य तीन जिसमें दो परीक्षार्थी और वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को कोंटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।

# मोदी सरकार ने 11 वर्षों में जो किया, वह कांग्रेस 60 वर्षों में नहीं कर सकी-ओ. पी. चौधरी

## ओ.पी. चौधरी ने पत्रकार वार्ता में प्रस्तुत किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की 11 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियाँ




**अंबिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के ११ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे "संकल्प से सिद्धि अभियान" अंतर्गत मुख्य अतिथि वित्त व जिले के प्रभारी मंत्री ओ पी चौधरी के मुख्य आतिथ्य, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता एवं सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक प्रबोध मिंज, विधायक रामकुमार टोप्पो , महापौर मंजूषा भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह के विशेष आतिथ्य में संकल्प भवन भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया ।

प्रेस को सम्बोधित करते हुए मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने एक नई दिशा, नई गति और नए सोच के साथ विकास यात्रा को रफ्तार दी है। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की त्रिसूत्रीय नीति पर केंद्रित यह सरकार हर वर्ग को साथ लेकर च्विकसित भारतज की ओर अग्रसर है। मोदी सरकार ने ११ वर्षों में जो किया, वह कांग्रेस ६० वर्षों में नहीं कर सकी, कांग्रेस की साजिशें बेनकाब होंगी और जनता उन्हें जवाब देगी। केंद्र सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि भारत आज पाँचवीं नहीं, तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। रुपये की ताकत, विदेशी निवेश, उत्पादन (मेक इन इंडिया) और व्यापार के नए कीर्तिमान स्थापित किए गए हैं। श्री चौधरी ने कहा कि उज्ज्वला योजना से ३६.७६ लाख गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत के तहत ८१ लाख से अधिक कार्डधारी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से छत्तीसगढ़ के २६ लाख से अधिक किसानों को १३,००० करोड़ की सहायता, प्रधानमंत्री आवास योजना से ग्रामीण और शहरी गरीबों को पक्के घर, धान की रिकॉर्ड खरीद (१४९ लाख मीट्रिक टन), जैविक खेती का विस्तार, किसानों के लिए फसल बीमा योजना, सॉयल हेल्थ कार्ड, मृदा परीक्षण लैब का सुदृढ़ीकरण, जनजातीय गौरव दिवस की शुरूआत, ८२० एकलव्य मॉडल स्कूल, डिजिटल शिक्षा के लिए स्मार्ट क्लासरूम व टैबलेट वितरण एवं आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य व पोषण केंद्रों की स्थापना की गई है।

आगे उन्होंने कहा कि करोड़ युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण, १.६ लाख से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत, जिनसे १७.६ लाख नौकरियाँ सृजित हुई, नए मेडिकल कॉलेज, एम्स और आईआईटी आईआईएम जैसे संस्थान विकसित हुए, जन औषधि केंद्रों के माध्यम से किफायती दवाइयाँ, मेडिकल सीटों में ११० प्रतिशत वृद्धि, छात्रवृत्ति, डिजिटल यूनिवर्सिटी की पहल, ३८ लाख से अधिक लोगों को आयुष्मान योजना से इलाज मिला, ३.८ लाख करोड़ रुपये की लागत से ३७ राजमार्ग परियोजनाएँ, ९९ प्रतिशत गाँवों को ऑल वेदर सड़कों से जोड़ा गया तथा रेलवे, मेट्रो और हवाई अड्डों का तीव्र विस्तार हुआ है। आगे उन्होंने कहा कि डिजिटल लेन-देन में भारत का विश्व में पहला स्थान है , ऐप के माध्यम से आम नागरिकों को तकनीक से जोड़ा गया एवं ई-गवर्नेंस से पारदर्शिता बढ़ी है । रक्षा और रणनीतिक पहल जानकारी देते हुए श्री चौधरी ने कहा कि अनुच्छेद ३७० हटाकर जम्मू-कश्मीर को मुख्यधारा में जोड़ा गया, सेनाओं को आधुनिक हथियार, बुलेटप्रूफ जैकेट, एयरक्राफ्ट की आपूर्ति तथा और एलओसी पर संरचनात्मक निर्माण किए गए हैं। पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा के क्षेत्र में २.५ करोड़ पौधारोपण, जलवायु समझौते में सक्रिय भागीदारी, सौर ऊर्जा, बायोफ्यूल, और हाइड्रोजन मिशन की शुरूआत, ४२ प्रतिशत ऊर्जा उत्पादन अक्षय स्रोतों से किये जा रहे हैं । प्रेस को संबोधित करते हुए अपने प्रस्तावना उद्बोधन में भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि आज का दिन हम सबके लिए गौरव का विषय है कि देश ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में ११ वर्षों की विकास यात्रा पूरी की है। यह केवल सरकार की उपलब्धियाँ नहीं, बल्कि जनभागीदारी से गढ़ी गई एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत की नींव है। अतिथियों एवं मीडिया कर्मियों का आभार संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के जिला प्रभारी रजनीश पांडेय ने की। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर, पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, जिला महामंत्री देवनाथ सिंह, जिला सह संवाद प्रमुख रूपेश दुबे, मयंक जायसवाल, सचिन अग्रवाल , अभय साहू मीडिया प्रतिनिधि एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# भाजपा ने मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर अमृतकाल विषयक पर संकल्प से सिद्धि तक कार्यशाला का आयोजन



**बसंतपुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के ११ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "अमृतकाल" विषय पर भाजपा मण्डल वाड्रफनगर संकल्प से सिद्धि तक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वाड्रफनगर विकासखण्ड के शिवशक्ति लॉज में संपन्न हुआ।इस अवसर पर भाजपा जिला संगठन से नियुक्त इस कार्यक्रम के मण्डल प्रभारी शैलेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र द्विवेदी, वरिष्ठ भाजपा नेता गोपल कश्यप , मण्डल उपध्यक्ष - बिजेंद्र यादव , पवन गुप्ता, अमरजीत श्यामले , महामंत्री अनिरुद्ध यादव , मण्डल कोषाध्यक्ष - सत्यप्रकास जायसवाल , अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष अब्दुल अंसारी , मण्डल मंत्री ओमप्रकास कनोजिया , जनपद सदस्य - नेवाजो आयाम, प्रियंका सिंह , नगर पंचायत अध्यक्ष मान सिंह, पार्षद रामकुमार कुशवाहा (इस कार्यक्रम मण्डल सहप्रभारी), पार्षद शारदा भगत , महिला मोर्चा मण्डल महामंत्री श्रीमती अंजु कुशवाहा, कृष्ण कुशवाहा, रूपचंद कुशवाहा, शिवकुमार कुशवाहा, जगदीश कुशवाहा, मानिकराम कुशवाहा, प्रमोद कश्यप , भूपेंद्र ठाकुर , बिरेन्द्र यादव, मनोज पटेल, नरेंद्र पटेल, डॉ अश्वनि चौबे, बसन्त कनोजिया, सुरेन्द्र यादव , चंदा कुशवाहा, रौशनी यादव , रामचरण आयाम, सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यशाला में शैलेश गुप्ता मण्डल प्रभारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा की ११ वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं, भारत की वैश्विक छवि, डिजिटल प्रगति, आत्मनिर्भर भारत अभियान और जन-जन तक विकास पहुंचाने के संकल्प पर विस्तार से चर्चा की।भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र द्विवेदी ने नरेन्द्र मोदी की सरकार के ११ वर्षो के कार्यकाल मे हुएं कार्यो को विस्तार से गिनाया और कहा कि जो कांग्रेस सरकार ने ७० सालों में नहीं किया वह मोदी सरकार मे हुआ है , काश्मीर ३७० को लेकर बताया कि वहां किस तरह लोग रहते थे।और पार्टी संगठन को मजबूत बनाने, आगामी चुनावों के लिए बूथ स्तर तक तैयारी करने तथा केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया।भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस अवसर को "अमृतकाल" के रूप में रेखांकित करते हुए भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में सभी की भागीदारी को आवश्यक बताया।

भाजपा का यह कार्यक्रम आगे जाकर शक्तिकेंद्र स्तर से बुथ स्तर तक होगा ।सभी मंडल पदाधिकारी एवं कार्य समिति सदस्य , शक्ति केंद्र के प्रभारी , संयोजक , सह संयोजक , पोलिंग बुथ के अध्यक्ष और जन-प्रतिनिधि गण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया। इस कार्यशाला में मंडल के कार्यकताओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाज के जागरूक नागरिकों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। सभी ने संकल्प लिया कि मोदी सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाने का कार्य पूरी निष्ठा और लगन से करेंगे।

कार्यशाला के समापन पर उपस्थित सभी जनों ने विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने हेतु एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन पवन कुमार गुप्ता द्वारा किया गया ।

## सीजीपीएससी की तैयारी और संघर्ष पर आधारित पहली छत्तीसगढ़ी वेब सीरीज सरकारी अफसर का पहला एपिसोड आज होगा रिलीज



**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** छत्तीसगढ़ की कोचिंग गलियों और युवा सपनों को पर्दे पर लाने वाली ऐतिहासिक पहल के रूप में सरकारी अफसरः मंजिल नहीं, शुरूआत है नामक छत्तीसगढ़ी वेब सीरीज का पहला एपिसोड़ १३ जून को एनवी एंटरटेनमेंट यूट्यूब चैनल पर रिलीज हो रहा है। यह वेब सीरीज केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह प्रदेश के उन हजारों युवाओं की आवाज है जो सीजी पीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं की तैयारी के दौरान संघर्ष और आत्म-संशय से जूझते हैं। छत्तीसगढ़ी सिनेमा जगत के लिए यह वेब सीरीज एक नए युग की शुरूआत मानी जा रही है। इसका निर्माण सोन मछरी जैसे लोकप्रिय गीत की निमार्ता नीरा वर्मा के प्रोडक्शन हाउस द्वारा किया गया है, जबकि निर्देशन की कमान संभाली है। सरकारी अफसर की कहानी बिलासपुर के गांधी चौक पर आधारित है—एक ऐसा इलाका जिसे छत्तीसगढ़ का च्मुखर्जी नगरज कहा जाता है। हर साल यहां हजारों विद्यार्थी सीजी पीएससी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पहुंचते हैं। यह वेब सीरीज उन्हीं छात्रों के जीवन, उम्मीदों, रिश्तों और हौसले की कहानी कहती है।मुख्य किरदारों में हैं चर्चित अभिनेता अनिल सिन्हा, जिन्हें फूफू के नाम से जाना जाता है और जिन्होंने हंडा व दस्तावेज जैसी छत्तीसगढ़ी फिल्मों में अपनी पहचान बनाई है। उनके साथ नजर आएंगे वैष्णवी जैन (कांकेर), जो यादव जी के मधु जी से प्रसिद्ध हुई थीं, साथ ही अमन सागर, हर्षवर्धन पटनायक, क्रांति दीक्षित, सुरेश गोंडले और विक्रम राज जैसे प्रतिभाशाली कलाकार भी सीरीज को सशक्त बनाते हैं।

### अखिलेश और सुमन की प्रेरणादायक यात्रा

कहानी के केंद्र में है अखिलेश—एक गरीब किसान का बेटा, जो अपने पिता के ख्वाबों को साकार करने बिलासपुर आता है। यहां उसकी मुलाकात होती है प्रीतम और रवि से, जो खुद भी सीजी पीएससी की तैयारी में लगे हुए हैं। वहीं उसे कोचिंग संस्थान में सुमन मिलती है—एक अनाथ लड़की जो अपने दत्तक परिवार की उपेक्षा और समाज की चुनौतियों से जूझते हुए अपनी पहचान बना रही है। दोनों के बीच बना भावनात्मक रिश्ता, सिर्फ प्रेम की कहानी नहीं है, बल्कि यह दो आत्माओं का मिलन है, जो अपने-अपने संघर्षों में एक-दूसरे का संबल बनते हैं। यह वेब सीरीज इस रिश्ते को बेहद संवेदनशीलता और यथार्थ के साथ प्रस्तुत करती है।

## केंद्रीय चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन कल

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** एसईसीएल केंद्रीय चित्सालय के तत्वावधान में शनिवार १४ जून को प्रातः दस बजे से दो बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। एसईसीएल केंद्रीय चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर निरंजन कुमार ने बताया कि रक्तदान शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह करेंगे।उन्होंने आमजनो से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान शिविर में उपस्थित हो रक्तदान करने की अपील की है।उन्होंने बताया कि रक्तदान से जरूरतमंद को समय पर रक्त देकर उसकी जान बचाई जा सकती है जबकि रक्तदान करने वाले को भी इसका लाभ प्राप्त होता है एक यूनिट रक्तदान से शरीर में ६५० कैलोरी बर्न होती हैं।रक्तदान से हार्ट अटैक सहित गंभीर बीमारियों का खतरा कम हो जाता है।उन्होंने बताया कि कोई भी महिला पुरुष जिसकी आयु १८ से ६५ वर्ष हो और वजन ५० किलोग्राम से अधिक हो वह रक्तदान कर सकता है।

## सीआईएल कर्मचारियों के लिए अनिवार्य ड्रेस कोड जुलाई से लागू

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** कोल इंडिया लिमिटेड के कर्मचारियों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। जुलाई २०२५ से ड्रेस कोड अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा। सीआईएल प्रबंधन ने इस संबंध में औपचारिक आदेश जारी कर दिया है। यह फैसला कर्मचारियों की पहचान व कंपनी की छवि को एकरूपता देने के उद्देश्य से लिया गया है।सीआईएल के महाप्रबंधक (कार्मिक) गौतम बनर्जी द्वारा ६ जून को जारी किए गए पत्र में ड्रेस कोड की स्पष्ट समय सीमा और दिशा निर्देश निर्धारित किए गए हैं। इस आदेश की प्रति सभी सहायक महाप्रबंधकों (एपीएम) और मानव संसाधन विभाग के प्रमुखों को भेज दी गई है, जिन्हें अपने-अपने क्षेत्र में इस नीति का प्रचार-प्रसार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बताया जा रहा है कि १५ जून से ड्रेस कोड के लिए धनराशि का भुगतान शुरू होगा। कर्मचारियों को निर्धारित राशि कंपनी द्वारा या स्वयं वहन कर कपड़े खरीदने की अनुमति दी गई है। १४ जुलाई तक कर्मचारियों को ड्रेस को सिलवाकर तैयार रखना अनिवार्य होगा। जुलाई के अंतिम सप्ताह से सभी कर्मचारियों को ड्रेस कोड के अनुसार कार्यस्थल पर उपस्थित होना अनिवार्य किया गया है।हालांकि अभी तक ड्रेस के रंग, डिजाइन और सामग्री को लेकर विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन सूत्रों के अनुसार यह ड्रेस कोड पेशेवर लुक को बढ़ावा देगा और हर पद के लिए अलग-अलग रंग या डिजाइन तय किए जा सकते हैं, जिससे कार्यस्थल पर अनुशासन और एकरूपता का माहौल बने। ड्रेस कोड लागू किए जाने को लेकर कर्मचारियों के बीच मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। कई कर्मचारियों ने इसे स्वागत योग्य पहल बताया है, जो कंपनी की एकजुटता को प्रदर्शित करेगा, जबकि कुछ इसे व्यावहारिक कठिनाइयों के नजरिए से देख रहे हैं।सीआईएल के अधिकारी इस समय ड्रेस कोड को लेकर क्षेत्रीय स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित करने की तैयारी कर रहे हैं, जिससे सभी कर्मचारियों को इस बदलाव की जानकारी दी जा सके। साथ ही कई जगहों पर चयनित दुकानों के माध्यम से सामूहिक कपड़ा उपलब्धता और दर्जी सेवाएं भी सुनिश्चित की जा रही हैं।

## स्कूलों व शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण में लापरवाही बरतने वाले गीदम बीईओ निलंबित

**दंतेवाड़ा।** जिले के गीदम बीईओ शेख रफीक को स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण में लापरवाही भारी पड़ा। मामला सामने आने के बाद बीईओ शेख रफीक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में कलेक्टर कार्यलय से आदेश जारी किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार जांच में बीईओ शेख रफीक ने कुटरचना करते हुए जान बूझकर विकासखंड की 31 आश्रम शालाओं के रिक्त पदों को युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया से अलग रखा, जिससे 20 शिक्षकों को अन्य संस्थानों में काउंसलिंग के माध्यम से संस्था चुननी पड़ी, इसके अलावा शिक्षकों की वरिष्ठता सूची में मनमाने तरीके से फेरबदल किया गया।

आश्रम अधीक्षकों को अतिशेष से मुक्त रखा जाना था, लेकिन इसका पालन नहीं किया गया। वहीं विशिष्ट संस्थाओं में कार्यरत शिक्षकों और शासन के निदेर्शानुसार दिव्यांग व्यक्तियों को भी युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया से अलग रखा जाना था, लेकिन बीईओ ने इन्हें भी प्रक्रिया में शामिल कर दिया।

# बिलासपुर स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहा है स्टेशन पुनर्विकास कार्य

बिलासपुर। बिलासपुर रेलवे स्टेशन, जिसकी स्थापना 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में हुई थी, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का मुख्यालय एवं देश के प्रमुख रेल जंक्शनों में से एक है। यह स्टेशन न केवल यात्री सेवाओं बल्कि रेल परिचालन की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यहां स्थित इलेक्ट्रिक लोकोशेड में बड़ी संख्या में विद्युत इंजनों का रखरखाव एवं संचालन किया जाता है। साथ ही, बीसीएन (ब्रॉड गेज कवरड वैगन) डिपो मालगाडि ?ों की निरंतर आपूर्ति और प्रबंधन में सहयोग करता है, जबकि कोचिंग डिपो यात्री ट्रेनों के रखरखाव, सफाई एवं तकनीकी तैयारियों की प्रक्रिया को अंजाम देता है। इसके अतिरिक्त, बिलासपुर में स्थित गुड्स शेड आसपास के क्षेत्रों के लिए आवश्यक वस्तुओं जैसे खाद्यान्न, खाद, कपड़े तथा अन्य उपभोक्ता वस्तुओं के लदान और परिवहन को सुव्यवस्थित करता है। वर्तमान में यहां वंदे भारत ट्रेनों के अनुरक्षण हेतु एक उन्नत मेंटेनेंस डिपो का निर्माण किया जा रहा है, जिससे उच्च गति की ट्रेनों की सेवा एवं संचालन में और अधिक दक्षता सुनिश्चित की जा सकेगी। इन सभी सुविधाओं की उपस्थिति बिलासपुर को रेलवे परिचालन का एक सशक्त और रणनीतिक केंद्र बनाती है। वर्तमान में बिलासपुर स्टेशन पर यात्री सुविधाओं और परिचालनिक आवश्यकताओं से संबंधित कई कार्य प्रगति पर हैं, जिनसे यात्रियों को बेहतर अनुभव और रेलवे को अधिक दक्षता प्राप्त होगी।

इसी क्रम में, बिलासपुर रेलवे स्टेशन से कटनी, नागपुर एवं झारसुगुड़ा की तीन प्रमुख दिशाओं में ट्रेनों का नियमित संचालन होता है, जिसके कारण स्टेशन पर क्रॉस मूवमेंट की मात्रा अत्यधिक होती है और यह ट्रेनों की समयबद्धता को प्रभावित करता है। वर्तमान में बिलासपुर यार्ड में 25 से अधिक रेल लाइनें विद्यमान हैं, और यात्री तथा माल यातायात को संरक्षित एवं सुचारु रूप से संचालित बनाए रखने हेतु समय-समय पर यार्ड मॉडिफिकेशन आवश्यक होता है। इसी के तहत लगभग 250 करोड़ रुपये की लागत से यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य किया जा रहा है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के लिए ईआई पैनल सिस्टम की स्थापना भी की जा रही है। यार्ड की सतत निगरानी कर संरक्षा और तकनीकी पहलुओं, कमियों की पहचान कर उनका समाधान किया जाता है। इसी कार्य के अंतर्गत ट्रेन मूवमेंट से संबंधित लगभग 70 पॉइंट्स को दुरुस्त किया जाएगा। यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के अंतर्गत स्टेशन यार्ड में कई नई लाइनों का निर्माण, बाईपास कनेक्टिविटी, कोचिंग डिपो से डायरेक्ट मूवमेंट, क्लासिफिकेशन यार्ड एवं बीसीएन डिपो से सुगम संपर्क, साथ ही फ्लाईओवर लाइन जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, मौजूदा लाइनों की रीडिजाइनिंग और सिग्नलिंग सिस्टम का उन्नयन किया जा रहा है, जिससे क्रॉस मूवमेंट में कमी आएगी। इन सभी सुधारों के फलस्वरूप ट्रेनों की समयपालन में सुधार के साथ-साथ परिचालन की गति और दक्षता में भी उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित होगी।

वर्तमान में बिलासपुर स्टेशन पर 8 प्लेटफार्म कार्यशील हैं। प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर प्रतिदिन 8 दैनिक ट्रेनों के साथ-साथ 9 साप्ताहिक, द्विसाप्ताहिक और त्रिसाप्ताहिक ट्रेनों का संचालन होता है। लगभग एक डेढ़ वर्ष पूर्व दुर्ग एवं रायपुर से कटनी की ओर जाने वाली कुछ ट्रेनें, जो कि प्लेटफार्म 1 से संचालित होती थी, को उसलापुर स्थानांतरित किया गया था।

बिलासपुर स्टेशन पर प्लेटफार्म 1, 2, 3, 4 एवं 5 से थ्रू ट्रेनों का संचालन होता है। क्रॉस लाइन से मेन लाइन पर आने के लिए ट्रेनों को कई पॉइंट और क्रॉसिंग पार करनी पड़ती है, जिसमें समय लगता है।

इस दौरान अन्य लाइनों की ट्रेनों को भी मेन लाइन में आने के लिए इंतजार करना पड़ता है, जिससे समयबद्धता प्रभावित होती है। कोचिंग ट्रेनों की लंबाई कम होती है, जबकि मालगाडि ?ँ लंबी होती हैं। यार्ड से ट्रेन मूवमेंट प्लान करते समय क्रॉस मूवमेंट, लूप लाइन की लंबाई एवं ट्रेन की लंबाई इन चीजों का ध्यान रखा जाता है। इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए प्लेटफार्म क्रमांक 1 से डाउन दिशा की ओर, प्लेटफार्म क्रमांक 2 एवं 3 से अप और डाउन दोनों दिशाओं की, और प्लेटफार्म क्रमांक 4 एवं 5 से मुख्यतः अप दिशा की ट्रेनें संचालित की जाती हैं। प्लेटफार्म 6, 7 एवं 8 का उपयोग आमतौर पर यहां से शुरू या समाप्त होने वाली ट्रेनों के लिए किया जाता है। यदि एक ही दिशा की एक से अधिक ट्रेनें एक साथ आती हैं तो उन्हें सुचारू संचालन के लिए अलग-अलग प्लेटफार्म पर लिया जाता है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कोरबा जिले को दी 223 करोड़ की विकास कार्यों की सौगात

### 199 करोड़ से अधिक राशि के 50 विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन, 24 करोड़ से अधिक राशि के 16 कार्यों का हुआ लोकार्पण

**कोरबा अम्बिकावाणी** – मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज कोरबा जिले के प्रवास के दौरान जिलेवासियों को लगभग २२३ करोड़ ८८ लाख ४१ हजार से अधिक लागत की ६६ विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। श्री साय ने विभिन्न विभागों के अंतर्गत किए जा रहे ६६ विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन और शिलान्यास किया। इन विकास कार्यों में २४ करोड़ १० लाख ७० हजार से अधिक राशि के १६ कार्यों का लोकार्पण एवं १९९ करोड़ ७७ लाख ७१ हजार से अधिक राशि की ५० कार्यों का भूमिपूजन/शिलान्यास शामिल हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने कन्वेंशन सेंटर में लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का लोकार्पण किया और कन्वेंशन सेंटर को लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होल्कर के नाम से नामकरण किया।



मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा किए जाने वाली १६ लोकार्पण कार्यों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत १५ करोड़ ०६ लाख ७७ हजार लागत के ११ कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम केरवाद्वारी, डूमरडीह, कोरकोमा, कसईपाली, बारी उमरांव, कपोट, नुनेरा, कोटमर्रा, लैंगा, बेतलो और सरपता में एकल ग्राम योजना शामिल है। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत भैसमा, कुदमुरा और पसान में ७५-७५ लाख की लागत से नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण, नगर पालिक निगम कोरबा के अन्तर्गत ०३ करोड़ ५८ लाख की लागत से स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय एनसीडीसी कोरबा में नवीन भवन/जीर्णोद्धार कार्य, और क्रेड़ा विभाग अन्तर्गत ०३ करोड़ २० लाख ७० हजार ९२० रुपए की लागत से कोरबा जिले के ४७ छात्रावासों/आश्रमों में २.४ किलोवाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट स्थापना कार्य शामिल हैं।

भूमि पूजन के कार्यों के अंतर्गत नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नगर पालिका निगम कोरबा व नगर पालिका परिषद दीपका में डीएमएफ, १५ वें वित्त सहित अन्य मदों से १५ करोड़ ३८ लाख ८५ हजार लागत के ०९ कार्यों का भूमि पूजन/शिलान्यास किया गया। इनमें ०६ करोड़ ६६ लाख ३५ हजार की लागत से १५ वें वित्त अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा हेतु १०० टीपीडी सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट, ०५ करोड़ ७८ लाख एक हजार की लागत से प्रधानमंत्री ई-बस सेवा अंतर्गत दर्री जोन क्रमांक ०६ में सिटी बस डिपो/टर्मिनल कॉपलेक्स का निर्माण कार्य, ४१ लाख १३ हजार की लागत से १०० बैड हॉस्पिटल में एसएनसीयू हॉल, गैलरी शेड, रैम्प एवं बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य, ६१ लाख की लागत से वार्ड क्रमांक ३२ में प्रशिक्षण हाल निर्माण, वार्ड क्रमांक ३१ में ५० लाख की लागत से प्रशिक्षण हॉल निर्माण, २५ लाख की लागत से अयोध्यापुरी तालाब में जल संवर्धन हेतु निर्माण कार्य, ४२ लाख ३१ हजार की लागत से भू-जल स्त्रोत सुधार के लिए रिचार्ज वेल, डिसिल्टींग, आयल एवं ग्रीस ट्रैपिंग का निर्माण कार्य, नगर पालिका परिषद दीपका अंतर्गत ६८ लाख २० हजार की लागत से निकाय क्षेत्रांतर्गत घरों में पेयजल हेतु सर्विस कनेक्शन प्रदाय कार्य और ०६ लाख ८५ हजार लागत की वार्ड क्रमांक ०६ में टॉवर रोड से गणेश साहू घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य शामिल हैं।

इसी तरह ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अंतर्गत जिला खनिज संस्थान न्यास मद से ०३ करोड़ ७२ लाख ०८ हजार की लागत से ०७ कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इनमें ०१ करोड़ ८४ लाख ६८ हजार की लागत से विकासखंड स्तर पर ०४ ट्रेनिंग हॉल, ४९ लाख ९८ हजार की लागत से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजगामार में ०१ प्रयोगशाला कक्ष, ३० लाख ६५ हजार की लागत से प्राथमिक शाला हेतु ०२ नवीन भवन, ३३ लाख २० हजार की लागत से माध्यमिक शाला हेतु ०२ नवीन भवन निर्माण, ३६ लाख ९० हजार की लागत से शासकीय उप स्वास्थ्य केन्द्र नोनदरहा हेतु नवीन भवन निर्माण, २६ लाख ६७ हजार की लागत से खाद भंडारण केन्द्र कटघोरा में अहाता निर्माण और १० लाख की लागत से कलमीटिकरा से बरपाली आर.डी. २ किलोमीटर में पुलिया निर्माण कार्य शामिल है। जल संसाधन विभाग अंतर्गत ०२ करोड़ ७९ लाख ३२ हजार की लागत से तेन्दुभाठा एनीकट और ०२ करोड़ ८९ लाख १३ हजार की लागत से हाउसिंग बोर्ड कालोनी उरगा के पास डोमनाला स्टापडेम का निर्माण कार्य, कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगो बांध संभाग क्र. ३ माचाडोली अंतर्गत मिनीमाता (हसदेव) बांगो परियोजना के तहत ०३ करोड़ ०२ लाख २५ हजार की लागत से कोरबा जिले के मिनीमाता बांगो बांध परिक्षेत्र में स्थित आई.बी.(निरीक्षण गृह) का जीर्णोद्धार कार्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के तहत ०१ करोड़ १९ लाख ७८ हजार की लागत से पोंड़ी उपरोड़ा से जिला खनिज संस्थान न्यास से स्वीकृत लेपरा मार्ग के २७४ मीटर लंबाई में पुर्ननिर्माण एवं रिटर्निंग वॉल निर्माण कार्य, छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय उर्जा विकास अभिकरण अंतर्गत ०२ करोड़ ६८ लाख ८९ हजार १०० की लागत से विभिन्न स्थलों में ५० नग सोलर हाईमास्ट संयंत्र स्थापना कार्य, ०२ करोड़ १४ हजार ३५० की लागत से ५० उप स्वास्थ्य केन्द्रों में १.२ किलोवाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट स्थापना कार्य और लोक निर्माण विभाग अंतर्गत १६६ करोड़ ०७ लाख २७ हजार की लागत से पुल-पुलिया, सड़क, भवन निर्माण, पहुंच मार्ग निर्माण सहित कुल २८ कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उद्योग,वाणिज्य और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर संजू देवी राजपूत आदि उपस्थित थे।

## छोटी खबरें

## सहायक विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा हेतु उड़नदस्ता दल गठित

**कोरबा अम्बिकावाणी** – सहायक विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा का आयोजन १५ जून रविवार को प्रातः १० बजे से दोपहर १२.१५ बजे तक आयोजित होगी। कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों के आकस्मिक निरीक्षण हेतु ०४ उड़नदस्ता दल के गठन हेतु आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेश के अनुसार दल क्रमांक ०१ अंतर्गत परीक्षा केंद्र २२००१ से २२०१० तक के निरीक्षण के लिए तहसीलदार दर्री श्री बजरंग लाल साहू, अधीक्षक भू-अभिलेख श्री अमित झा और नायब तहसीलदार कोरबा श्रीमती सविता सिदार को शामिल किया गया है। इसी प्रकार दल क्रमांक ०२ परीक्षा केंद्र २२०११ से २२०२० तक के लिये उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा श्रीमती दिशा शुक्ला, नायब तहसीलदार श्री मधुसूदन, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती श्रद्धा चंद्रा, दल क्रमांक ०३ परीक्षा केन्द्र २२०२१ से २२०३१ तक के लिए उप संचालक पंचायत सुश्री जुली तिर्की, नायब तहसीलदार विमल खांडेकर, खाद्य निरीक्षक श्रीमती उर्मिला गुप्ता और दल क्रमांक ४ परीक्षा केन्द्र २२०३२ से २२०४३ तक के निरीक्षण के लिए सहायक आयुक्त आबकारी आशा सिंह, तहसीलदार लीलाधर ध्रुव एवं अधीक्षक भू-अभिलेख पूजा अग्रवाल की ड्यूटी निर्धारित की गई है। उपरोक्त अधिकारी-कर्मचारियों को परीक्षा प्रारंभ होने के आधे घंटे पूर्व अपनी उपस्थिति कलेक्टर कार्यालय में नोडल अधिकारी को अनिवार्य रूप से देने के लिए निर्देशत किया गया है। साथ ही १३ जून को प्रातः ११ बजे शासकीय पीजी कालेज कोरबा में ब्रिफिंग हेतु बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने निर्देशित किया गया है।

## भीषण गर्मी, बिजली संकट और रुके विकास कार्यों को लेकर विपक्ष का वार, मुख्यमंत्री को सौंपा गया ज्ञापन



**कोरबा अम्बिकावाणी** – ऊर्जा नगरी कोरबा भीषण गर्मी, अघोषित बिजली कटौती और ठप विकास कार्यों से जूझ रही है। एक ओर जहां कोरबा देश के कई हिस्सों को बिजली उपलब्ध कराता है, वहीं स्थानीय नागरिक बार-बार बिजली गुल होने से परेशान हैं। हल्की हवा या बूंदाबांदी होते ही घंटों तक अंधेरा छा जाता है। स्थिति यह है कि श्रमिक वर्ग को वैकल्पिक साधन भी उपलब्ध नहीं हैं, जिससे उनका जीवन और कठिन हो गया है।

इन्हीं समस्याओं को लेकर विपक्षी दल के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बिजली संकट के साथ-साथ शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर भी गहरी चिंता व्यक्त की गई है। कहा गया है कि शहर की गलियों में कचरे के ढेर और जाम नालियां आम हो गई हैं, जिससे नागरिकों का जीवन नारकीय होता जा रहा है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख है कि १२ दिसंबर २०२४ को कोरबा प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा नगर पालिक निगम कोरबा के लिए अधोसंरचना मद से ?२३ करोड़ की घोषणा की गई थी, परंतु अब तक वह राशि जारी नहीं हुई है। परिणामस्वरूप, कोरबा के बहुप्रतीक्षित विकास कार्य अधर में लटक गए हैं। विपक्ष ने मांग की है कि शासन तत्काल हस्तक्षेप कर बिजली आपूर्ति को सुचारु करे, रुके विकास कार्यों में गति लाए और सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करे। प्रतिनिधियों का कहना है कि यदि इन बुनियादी समस्याओं का समय पर समाधान नहीं किया गया तो नागरिकों का जनाक्रोश बढ़ सकता है।

नगरवासियों को उम्मीद है कि ज्ञापन पर शीघ्र संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री एवं प्रशासन कोरबा की समस्याओं को प्राथमिकता देंगे, ताकि यह शहर न केवल ऊर्जा नगरी कहलाए, बल्कि रहने योग्य स्वच्छ और विकसित नगर के रूप में भी पहचाना जाए।

## बच्चों से श्रम कराना नहीं, उन्हें सपने दिखाना हमारी जिम्मेदारी : मंत्री राजवाड़े

**रायपुर**। अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने बाल श्रम के प्रति सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि बच्चों से श्रम कराना न केवल अमानवीय है, बल्कि यह एक दंडनीय अपराध भी है। उन्होंने कहा कि बच्चों का स्थान किताबों, खेल के मैदान और परिवार के स्नेह में होना चाहिए, न कि कारखानों, होटलों या दुकानों में। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि आज भी समाज के कई हिस्सों से बाल श्रम और बाल तस्करी की घटनाएं सामने आती हैं, जो चिंताजनक हैं। कुछ लोग थोड़े से लाभ के लिए बच्चों से काम करवाकर न केवल उनका बचपन छीनते हैं, बल्कि उनके भविष्य को भी अंधकार में धकेलते हैं। बच्चों से किया गया कोई भी ऐसा कार्य जो उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में बाधा उत्पन्न करे, कानून की दृष्टि में संगीन अपराध है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बाल श्रम की रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र०-/......./अ-20(3)/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक अजय विश्वकर्मा आ०स्व० शोभनाथ विश्वकर्मा जाति लोहार निवासी सदर रोड, अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला सदर रोड नगर अम्बिकापुर सीट-8 स्थित प्लाट नम्बर-2839/1, 2840/3 रकबा 0.01,3/4, 0.001/2 एकड़ भूमि को बिना प्रतिफल लिये अपने पुत्र अनावेदक श्याम विश्वकर्मा आ० अजय विश्वकर्मा जाति लोहार निवासी सदर रोड, अम्बिकापुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के पक्ष में दान करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-27/06/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।

आज दिनांक-03/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**नजूल अधिकारी,**
**अम्बिकापुर**

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) राजपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

क्रमांक/1455/वाचक/अ0वि0अ0/2025
राजपुर, दिनांक 12/06/2025

रा०प्र०क्र०-/अ-2/2024-25
ग्राम भिलाईखुर्द प०ह०नं० 28,
उप तहसील बरियों

**-:: ईश्तहार ::-**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम भिलाईखुर्द उप तहसील बरियों को सूचित किया जाता है, कि आवेदक हरप्रीत सिंह आ० जसविन्दर सिंह जाति- सीख, निवासी ग्राम अम्बिकापुर, तहसील-अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ०ग०) द्वारा अपने नाम की भूमि जो ग्राम भिलाईखुर्द, प०ह०नं०- 28, रा०नि०मं० बरियों में स्थित भूमि स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं०-150 कुल रकबा 0.4210 हे० में से रकबा 0.256 हे० भूमि को कृषि प्रयोजन से भिन्न औद्योगिक प्रयोजन (क्रेशर संचालन) में व्यपवर्तन कराने बावत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को उजर आपत्ति या दावा हो वह स्वयं या किसी मान्य अधिवक्ता अथवा वैध अभिकर्ता के माध्यम में अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में दिनांक 27/06/2025 न्यायालयीन समय में पेश कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा०)**
**राजपुर**
**जिला-बलरामपुर-रा.गंज (छ०ग०)**

## पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर समाज के 42 शिक्षित युवाओं ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

### अतिथि शिक्षकों को यथावत रखने की मांग

**कोरबा अम्बिकावाणी** – विशेष पिछड़ी जनजाति के शिक्षित युवाओं ने अपनी नौकरी बचाने तथा शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं जारी रखने की मांग को लेकर कोरबा में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से सौंपा गया जिसमें ४२ पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर समाज के युवाओं ने हस्ताक्षर कर अपनी बात रखी। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वर्ष २०२४-२५ में जिला खनिज न्यास मद के अंतर्गत कोरबा जिले की प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में विशेष पिछड़ी जनजाति—पहाड़ी कोरवा और बिरहोर समुदाय के शिक्षित युवाओं को अतिथि शिक्षक के रूप में कार्य करने का अवसर प्रदान किया गया था। यह नियुक्ति ३० अप्रैल २०२५ तक प्रभावशील रही। युवाओं का कहना है कि वर्तमान में उनके पास किसी भी प्रकार का रोजगार उपलब्ध नहीं है और वे आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में उन्हें जो अवसर मिला था, उससे न केवल उन्हें रोजगार मिला बल्कि वे अपने समुदाय के बच्चों को शिक्षित कर समाज को मुख्यधारा से जोड़ने का काम भी कर रहे थे। ज्ञापन में विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि यदि इन्हें पूर्व की तरह पुनः कार्य पर रखा जाए या नियमित किया जाए, तो न केवल उनका भविष्य सुरक्षित होगा, बल्कि आदिवासी समुदाय में शिक्षा के प्रति जागरूकता भी और बढ़ेगी।



शिक्षित युवाओं ने यह भी कहा कि यदि उनकी सेवाएं रोकी जाती हैं तो वे पुनः बेरोजगारी की स्थिति में आ जाएंगे, जिससे समाज में हताशा फैल सकती है। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया कि अतिथि शिक्षकों को पूर्व संस्था में ही यथावत रखते हुए नियमितीकरण की दिशा में सकारात्मक निर्णय लिया जाए।

समाज के प्रबुद्धजनों ने भी सरकार से अपील की है कि पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर समाज के इन शिक्षित युवाओं को स्थायित्व प्रदान कर शिक्षा के क्षेत्र में इनकी भागीदारी बनाए रखी जाए। यह कदम समाज की शिक्षा स्थिति को सुधारने में मील का पत्थर साबित होगा।

## 1 जुलाई से तत्काल टिकट आरक्षण के लिये अब आधार सत्यापित ओटीपी अनिवार्य

**रायपुर**। यात्रियों को तत्काल टिकट निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सुलभ कराने और उनके हितों की रक्षा के लिए भारतीय रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली में महत्वपूर्ण संशोधनों की घोषणा की है। इनका उद्देश्य उपयोगकर्ता सत्यापन बढ़ाना और योजना का दुरुपयोग रोकना है। नए प्रावधान में निम्नलिखित व्यवस्था की गई है:*

1. ऑनलाइन तत्काल बुकिंग के लिए आधार सत्यापन:*
एक जुलाई 2025 से, भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की आधिकारिक वेबसाइट और मोबाइल ऐप द्वारा तत्काल टिकट बुकिंग केवल आधार सत्यापित उपयोगकताओं के लिए ही उपलब्ध होंगे। इसके अलावा, 15 जुलाई 2025 से ऑनलाइन तत्काल बुकिंग के लिए आधार ओटीपी सत्यापन अनिवार्य हो जाएगा।
2. यात्री आरक्षण प्रणाली काउंटर (पीआरएस काउंटर) और एजेंटों द्वारा बुकिंग में सिस्टम-आधारित ओटीपी सत्यापनः
कम्प्यूटरीकृत यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों और अधिकृत एजेंटों के माध्यम से तत्काल टिकटों की बुकिंग के दौरान उपयोगकर्ता के मोबाइल नंबर पर ओटीपी सत्यापन की आवश्यकता होगी। यह प्रावधान भी 15 जुलाई 2025 से लागू होगा।
3. अधिकृत एजेंटों के लिए बुकिंग समय की पाबंदी:
रेल आरक्षण के शुरूआती समय में बल्क (एक साथ बहुत सारे) बुकिंग रोकने के लिए, भारतीय रेलवे के अधिकृत टिकटिंग एजेंटों को बुकिंग विंडो के पहले 30 मिनट के दौरान तत्काल टिकट बुक करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एसी क्लासों के लिए, यह प्रतिबंध सुबह 10 बजे से 10 बजकर 30 मिनट तक और गैर-एसी क्लास के लिए, सुबह 11 बजे से 11 बजकर 30 मिनट तक लागू होगा। ये बदलाव तत्काल बुकिंग में पारदर्शिता बढ़ाने और सुनिश्चित करने के लिए लागू किए जा रहे हैं कि योजना का लाभ वास्तविक उपयोगकताओं को मिले।

## भाजपा नेत्री व साथियों पर आदिवासी युवक से मारपीट और उगाही का आरोप, भाजपा नेत्री व साथियों को बांकी पुलिस के संरक्षण का आरोप- मुख्यमंत्री को सौंपा गया ज्ञापन

### कार्रवाई नहीं हुई तो आदिवासी समाज देगा उग्र आंदोलन की चेतावनी





**कोरबा अम्बिकावाणी** – थाना बांकीमोंगरा परिसर में भाजपा नेत्री ज्योति महंत एवं उनके साथियों द्वारा एक आदिवासी युवक बलवान सिंह कंवर के साथ मारपीट, जातिसूचक गाली-गलौच, और आर्थिक उगाही किए जाने का गंभीर आरोप सामने आया है। इस मामले को लेकर पीड़ित पक्ष ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि ७ जून २०२५ को शाम करीब ४:३० बजे बलवान सिंह कंवर हरदीबाजार से बैल खरीदकर गजरा होते हुए अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान गजरा रावणभांठा के पास भाजपा नेत्री ज्योति महंत एक मेहंदी रंग की कार में अपने साथियों के साथ पहुंची और बलवान सिंह से झगड़ा करने लगीं। आरोप है कि उन्होंने सड़क जाम करने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौच की और बलवान सिंह के सफाई देने व माफी मांगने के बावजूद उसे बंधक बनाकर जबरन मोटरसाइकिल में बैठाकर बांकीमोंगरा थाना ले जाया गया।

थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों के सामने बलवान सिंह के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की गई। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। आरोप है कि ज्योति महंत और उनके सहयोगियों ने बलवान सिंह से २०,००० की मांग की और ४५०० लेकर ही उसे छोड़ा गया।

**ज्ञापन में प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं :**
घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता एवं अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम १९८९ के तहत कार्रवाई की जाए।
पीड़ित बलवान सिंह कंवर को न्याय और सुरक्षा प्रदान की जाए। थाना परिसर में हुई घटना के लिए जिम्मेदार पुलिसकर्मियों की भूमिका की जांच कर उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाए। ज्योति महंत द्वारा पीड़ित पर छेड़छाड़ का झूठा मामला दर्ज कराने के प्रयास की निष्पक्ष जांच की जाए और मामले को खारिज किया जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि यदि शीघ्र और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं होती है, तो सर्व आदिवासी समाज और कंवर समाज सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे और कोरबा में उग्र आंदोलन, चक्काजाम और प्रशासनिक कार्यालयों का घेराव किया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। घटना की गंभीरता को देखते हुए आदिवासी समाज में आक्रोश का माहौल है और सभी ने न्याय की मांग को लेकर एकजुटता दिखाई है।

# अम्बिकावाणी

अम्बिकापुर, शुक्रवार 13 जून, 2025


# सम्पादकीय

> परमात्मा में दृढ़ विश्वास का अर्थ है- निर्भयता।
> 0 ब्रम्हकुमारी



संपादकीय

## तथ्यों को दबाना संभव नहीं

*प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को सिंगापुर में जो कहा है वह सबकी आंखें खोल देने वाला है। इससे साबित होता है कि जब दो देशों के बीच छिटपुट सैन्य संघर्ष की स्थिति हो तो ऐसे में असत्य अवधारणाओं और समर्थक मीडिया के सहारे ही बढ़त नहीं ली जा सकती।*

*तथ्यों को दबाना संभव नहीं होता और वे किसी न किसी रास्ते बाहर आ ही जाते हैं। 'ब्लूमबर्ग टीवीइ को दिये एक साक्षात्कार में जनरल चौहान ने पड़ोसी देश के साथ चार दिन तक चले सैन्य संघर्ष में साफ ब्योरा न देते हुए भारतीय पक्ष को हुए नुकसान की एक तरह से स्पष्ट स्वीकारोक्ति की है।*

*उनका कहना था विमान गिरे यह महत्त्वपूर्ण नहीं है, क्यों गिरे यह जानना जरूरी है। प्रारंभिक नुकसान के कारणों का पता लगाने के बाद भारत ने अपनी रणनीति में सुधार किया, लंबी दूरी का लक्ष्य कर अपने सभी लड़ाकू विमान उड़ाए और पाकिस्तान में काफी अंदर तक सटीक हमले किए जिससे पाक संघर्ष विराम की गुहार लगाने पर मजबूर हुआ। हालांकि उन्होंने छह भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने के पाकिस्तान के दावे को 'सरासर गलतइ बताया। जनरल चौहान की टिप्पणी से वायुसेना के वायु संचालन महानिदेशक, एयर मार्शल ए के भारती की उस बात को भी बल मिला कि 'नुकसान लड़ाई का एक हिस्सा है।इ भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में छह मई की देर रात 'ऑपरेशनसिदूर के तहत ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल जैसी लंबी दूरी की मिसाइल का इस्तेमाल करके पाकिस्तान के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकियों के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। हमले के बाद चार दिन तक सैन्य टकराव हुआ।*

*दोनों देशों के बीच दस मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी। इस सारे मामले में विपक्ष और देशवासियों को सही तथ्यों से अनभिज्ञ रखने की केंद्र सरकार की नीति सवालों के घेरे में है। अमेरिका के बड़बोले राष्ट्रपति के भारत-पाक में सीजफायर कराने के दावों ने पहले हास्यास्पद स्थिति पैदा की हुई है। वायु सेना प्रमुख की हाल में रक्षा उपकरणों को लेकर किए गए वादों को समय से पूरा न करने संबंधी टिप्पणी भी चिंताजनक है। सीडीएस की टिप्पणी के बाद कांग्रेस पार्टी ने सरकार से कहा है कि वह देश को सच-सच बताए कि पाकिस्तान के साथ चार दिन तक सैन्य टकराव में कितना नुकसान हुआ। पार्टी ने 1999 में करगिल समीक्षा समिति के गठन की तर्ज पर समीक्षा समिति का सवाल उठाया है। रक्षा विशेषज्ञ 'उपयुक्त युद्ध सामग्री नहीं होने के कारणइ सैन्य संघर्ष की पहली रात नुकसान होने की बात कह रहे हैं। सब कुछ बहुत उलझा हुआ और चिंताजनक है।*

# चुप्पी से सुरक्षा तकः मोदी सरकार के शासन में कानूनी सुधारों ने महिला सुरक्षा को नया रूप दिया

सुश्री सावित्री ठाकुर

***2012 में क्रूर निर्भया कांड ने देश की अन्तरात्मा को झकझोर कर रख दिया था। इस घटना ने महिलाओं की सुरक्षा में भारत के कानूनी और प्रशासनिक ढांचे की गहरी कमियों को भी उजागर कर दिया था। अपर्याप्त पुलिस व्यवस्था, धीमी न्यायिक प्रक्रिया, पुराने पड़ चुके कानून और पीड़ितों के ना-काफी सहायता इंतजाम निराशाजनक तस्वीरें पेश कर रहे थे। 2014 तक, भारत एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा था। जनता में जबरदस्त आक्रोश था। लेकिन कानूनी तंत्र सुस्त पड़ा था। फास्ट ट्रैक कोर्ट महज एक अवधारणा थी, वास्तविकता नहीं। कोई एकल समाधान और केंद्र नहीं थे,***

कोई राष्ट्रीय महिला हेल्पलाइन नहीं थी, जांच तेज करने के लिए कोई फोरेंसिक (न्यायालयिक विज्ञान जांच) सहायता नहीं थी और इन उपायों के संचालन के लिए कोई समर्पित निधि भी नहीं थी। महिलाओं के मुद्दों को सामाजिक सरोकारों के तौर पर देखा जाता था-राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के रूप में नहीं।

**मोदी युगः सुरक्षा से संरचनात्मक सशक्तिकरण तक**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों के शासन में सुस्त आंशिक प्रतिक्रिया की जगह अब कानूनी सुधार, संस्थानों के दायित्वपूर्ण रवैये और हर महिला के सम्मान से संबधित दृष्टिकोण को मिशन-मोड में अपनाते हुए व्यापक बदलाव किया है।

**कानूनी सुरक्षा, अब राष्ट्रीय प्रतिबद्धता**

सरकार ने देश भर में फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (त्वरित न्याय प्रदान करने के लिए स्थापित विशेष न्यायालय) की स्थापना की शुरूआत की और आज ऐसी 745 अदालतें क्रियाशील हैं। इनमें 404 विशेष रूप से यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत मामलों को निपटाती हैं। वर्ष 2014 की तुलना में जब वन स्टॉप सेंटर (शारीरिक, यौन, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और आर्थिक शोषण का सामना करने वाली महिलाओं की सहायता और निवारण संबंधी केंद्र) अस्तित्व में नहीं थे, अब 820 से अधिक जिलों में ये पूरी तरह कार्यान्वित हैं जो हिंसा से प्रभावित किसी भी महिला को एक ही स्थान पर कानूनी सहायता, पुलिस हस्तक्षेप, आश्रय और परामर्श प्रदान करते हैं। इस पारिस्थितिकी तंत्र के हिस्से के रूप में आरंभ की गई राष्ट्रीय महिला हेल्पलाइन 181 ने हर दिन चौबीसों घंटे 86 लाख से अधिक महिलाओं को आपातकालीन सहायता प्रदान की है। इसके अलावा, देश भर में 14,600 से अधिक पुलिस स्टेशनों (पुलिस थाने) में अब महिला हेल्प डेस्क स्थापित हैं, जिनमें महिला अधिकारी मौजूद हैं। यह महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराध की स्थिति में पहले बरते जाने वाली उदासीनता या यहां तक कि आक्रामकता के माहौल की अपेक्षा अधिक संवेदनशीलता और सहायता प्रदान करने के माहौल में बदल गए हैं। निर्भया कोष के जरिए सरकार ने वर्ष 2014 से पहले की ढुलमुल प्रतिक्रिया प्रणाली की तुलना में अब महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षा पर केंद्रित 50 से ज्यादा बड़ी परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की है।

**प्रगतिशील कानूनी संशोधन**

आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2013 में कुछ आवश्यक सुधारों से शुरूआत के बाद अब भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और 2023 में संबंधित कानूनों के व्यापक संहिताबद्ध किए जाने से औपनिवेशिक युग के आपराधिक न्यायशास्त्र की जगह अब भारतीय संदर्भ में कानून परिभाषित किए गए हैं।

नए कानूनों में महिलाओं के विरूद्ध सभी अपराधों को एक अध्याय में समेकित किया गया है। पीड़ित के बयानों को वीडियो-रिकॉर्ड किया जाना अनिवार्य बनाया गया है जिसमें संवेदनशीलता बरतने के लिए महिला मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में बयान दर्ज कराने को प्राथमिकता दी गई है। डिजिटल स्टॉकिंग (डिजिटल माध्यम से पीछा करना), वॉयरिज्म (रति क्रिया छुपकर देखना) और शादी के झूठे वादे कर शारीरिक शोषण जैसे अपराधों को पहली बार आपराधिक बनाया गया है। कानूनी प्रणाली में अब तेजाब हमलों, मानव तस्करी, सामूहिक बलात्कार और हिरासत में यौन हिंसा के विरूद्ध कठोर दंड की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त, बलात्कार पीड़िता को प्राथमिकी दर्ज करने या आपातकालीन चिकित्सा देखभाल प्रदान न करना भी अपराध माना गया है। पुराने संरक्षणवादी प्रतिबंधों को हटाते हुए महिलाओं को अब कानूनी रूप से किसी भी क्षेत्र में और किसी भी समय काम करने की अनुमति है, जो उनके खुद निर्णय लेने की आजादी की पुष्टि करते हैं। महत्वपूर्ण प्रक्रियागत सुधार भी किए गए हैं जिनमें गवाहों की सुरक्षा और डिजिटल साक्ष्यों को मंजूरी देना शामिल है। यौन हिंसा के मामलों में पीड़ितों को न्याय दिलाने की प्रक्रिया को यह पुनर्परिभाषित करता है।

ये सभी केवल संशोधन भर नहीं हैं - ये पीड़ितों को न्याय दिलाने की प्रणाली को पुनःस्थापित करते हैं।

**कानून से परे भी सशक्तिकरण**

कानूनी सुरक्षा के दायरे से परे, महिलाओं के प्रति सरकार का दृष्टिकोण सामाजिक, वित्तीय और डिजिटल सशक्तिकरण के व्यापक पहलुओं में कानूनी सुधार लाना है। मातृत्व अवकाश को अब 12 से बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दिया गया है, और 50 से अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों में अब क्रेच (बच्चों की देखभाल) की सुविधा प्रदान करना आवश्यक है। महिलाएं अब सशस्त्र बलों में युद्धक-भूमिकाओं में सक्रियता से भाग ले रही हैं। वे सैनिक स्कूलों में प्रवेश पा रही हैं, प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में दाखिला ले रही हैं, और स्थायी कमीशन प्राप्त कर रही हैं। ये ऐसे उल्लेखनीय बदलाव हैं जो पहले उनके लिए बहुत मुश्किल थे। तीन तलाक जैसी भेदभावपूर्ण प्रथाओं को कानूनी तौर पर समाप्त कर दिया गया है, साथ ही महिलाओं को अब पुरुष अभिभावक के बिना भी हज यात्रा करने की अनुमति है। न्याय प्रदान करने को अब समुदाय-आधारित नारी अदालतों और शी-बॉक्स 2.0 जैसे प्लेटफार्म के माध्यम से विकेंद्रीकृत और डिजिटीकृत किया गया है। इससे सीधे जमीनी स्तर पर समयबद्ध निवारण तंत्र सक्रिय हो गया है।

**सुरक्षित, मजबूत भारत की शुरूआत कानूनी गरिमा से**

वर्ष 2014 से पहले, महिलाओं की सुरक्षा को अक्सर नीति नहीं बल्कि सुर्खियों से प्रेरित प्रतिक्रियात्मक मुद्दे के रूप में देखा जाता था लेकिन आज यह शासन की संरचना में अंतर्निहित है जो वित्त पोषित, फोरेंसिक उपकरणों, कानूनी सुधार और अग्रिम पंक्ति के कार्यकताओं द्वारा सहायता प्रदत्त है। अमृत काल में प्रवेश करने के साथ ही अब स्पष्ट दृष्टि है कि इस नए भारत में कोई भी महिला अकेली नहीं है। अब उसकी सुरक्षा विशेषाधिकार नहीं बल्कि सरकार की क्षमता से समर्थित संवैधानिक गारंटी है। यह यात्रा अभी जारी है, लेकिन महिलाओं की सुरक्षा में हम अब तक एक लंबा सफर तय कर चुके हैं। निरंतर राजनीतिक इच्छाशक्ति, सामाजिक भागीदारी और कानूनी प्रतिबद्धता के साथ, भारत निश्चित रूप से एक महिला के रहने, काम करने और नेतृत्व करने का सबसे सुरक्षित स्थान बन सकता है।

लेखिका राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय हैं

# ऑपरेशन सिंदूर को लेकर देश के दो परस्पर विरोधी दृश्य

अवधेश कुमार

***हमारे सामने 'ऑपरेशन सिंदूरइ को लेकर देश के दो परस्पर विरोधी दृश्य हैं। विदेश गए सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने इस तरह भारत का पक्ष प्रस्तुत किया जैसे देश पाकिस्तान केंद्रित सीमा पार आतंकवाद, जम्मू-कश्मीर तथा 'ऑपरेशन सिंदूरइ को लेकर पूरी तरह एकजुट है और कोई विपक्ष है ही नहीं। दूसरी ओर आप पहलगाम हमले से लेकर 'ऑपरेशन सिंदूरइ और उसके बाद देश के अंदर विपक्ष की भूमिका देखिए, किसी भी देशभक्त और सच्चाई का ज्ञान रखने वाले निष्पक्ष व्यक्ति का दिल दहल जाएगा या फिर उसको गुस्सा आएगा।***

ऐसा कोई दिन नहीं जब विपक्ष के बड़े नेता 'ऑपरेशन सिंदूरइ पर मोदी सरकार को घेरने की कोशिश नहीं कर रहे।

लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पहले दिन से प्रश्न उठा रहे हैं कि हमारे कितने लड़ाकू विमान को नुकसान हुआ। लगभग यही स्वर कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे का है। जयराम रमेश ने तो लगता है जैसे 'ऑपरेशन सिंदूरइ को ही अपने सोशल मीडिया का मुख्य विषय बना दिया है। सबसे अंतिम हमला सिंगापुर शंग्रीला सम्मेलन में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान के भाषण और ब्लूमबर्ग को दिए साक्षात्कार पर है। सभी नेता एक साथ टूट पड़े हैं कि अब सरकार बताए कि कितने राफेल नष्ट हुए, इस पर संसद का विशेष सत्र बुलाएं तथा रिव्यू कमेटी यानी पुनरीक्षण समिति बनाया जाए। इसमें यहां विस्तार से जाने की आवश्यकता नहीं है। सीडीएस का पूरा इंटरव्यू सबके सामने है। उसमें कहीं नहीं है कि पाकिस्तान ने हमारे कितने लड़ाकू विमान गिराए या हमें कोई बड़ी क्षति हुई। यह सामान्य बात है कि कोई भी युद्ध या लड़ाई एकपक्षीय क्षति वाली नहीं होती। यही सीडीएस ने कहा है। किसी को ज्यादा क्षति होगी किसी को कम। मूल बात यह है कि भारत ने पाकिस्तान के सैन्य दुस्साहस का ऐसा करारा प्रत्युत्तर दिया, जिससे उसकी हुई व्यापक क्षति के बारे में दुनिया के विशेषज्ञ बता रहे हैं और उनसे संबंधित उपग्रह के चित्र आदि सामने ले जा चुके हैं। कई बार लगता है कि हम सरकार को घेर रहे हैं सेना और देश को नहीं। किंतु इसका दूसरा पहलू यही है कि सरकार निर्णय करती है क्रियान्वित सेना करती है। सेना सरकार के लिए नहीं देश के लिए सैन्य कार्रवाई करती है। 'ऑपरेशन सिंदूरइ में सरकार ने यह तय नहीं किया होगा कि सेना कैसे कार्रवाई करे कि हथियार, लड़ाकू विमान, मिसाइल, राडार आदि का प्रयोग करें या कितने जवान उनमें लगें। जिस तरह पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री सीडीएस, तीनों सेना के प्रमुखों से लेकर विदेश मंत्री, उनसे जुड़े मंत्रालय, रक्षा मंत्री, मंत्रालयों के अधिकारी एवं अन्य अलग-अलग आवश्यक क्षेत्र के शीर्ष लोगों से मिल रहे थे उससे साफ था की रणनीति पर गहराई से विचार हो रहा है। निश्चित रूप से सैन्य रणनीतिकारों ने अपनी पूरी स्थिति से अवगत कराते हुए उन्हें आस्त किया होगा या फिर उनकी जो आवश्यकता होगी उसके बारे में बात की होगी।

सरकार यानी राजनीतिक नेतृत्व की भूमिका साहसपूर्वक निर्णय करने के साथ सेना को कार्रवाई और रणनीति की संपूर्ण स्वतंत्रता देना तथा अपने व्यवहार एवं कदमों से आस्त करना कि कार्रवाई में किसी तरह की आवश्यकता में कमी नहीं होगी। कहने का तात्पर्य कि पाकिस्तान की सैन्य प्रतिक्रियाओं का उत्तर हमारी सेना दे रही थी। यह भी सच है कि टकराव शुरू होने के बाद विदेश के प्रमुख नेताओं ने राजनीतिक नेतृत्व से ही संपर्क किया होगा। सरकार की ओर से अमेरिकी उपराष्ट्रपति, विदेश मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार आदि ने कब-कब किसे कॉल किया इसका भी विवरण देश के सामने रखा जा चुका है। ट्रंप के भी वक्तव्य में क्या है? हमने दोनों देशों को समझाया..उन्हें कहा कि आपके साथ पूरा ट्रेड करेंगे..दोनों देश के नेताओं ने बुद्धिमता का परिचय दिया..हमने दो न्यूक्लियर यानी नाभिकीय संपन्न देशों के बीच नाभिकीय टकराव रोका आदि आदि। इसी में एक जगह उन्होंने किसी तटस्थ स्थान पर मध्यस्थता में बातचीत कराने का भी वक्तव्य दे दिया। यह बात अलग है कि अपनी मध्य पूर्व यात्रा के दौरान उन्होंने बोल दिया कि हमने कोई मध्यस्थता नहीं की। सामान्य तौर पर भी जिन्होंने भारत के वक्तव्यों पर ध्यान दिया होगा उन्हें स्पष्ट है कि हमारे स्टैंड में किंचित भी अस्पष्टता नहीं थी।

10 मई को ही भारत ने साफ कर दिया कि किसी तरह की आतंकवादी घटना युद्ध मानी जाएगी। दूसरे, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन, फिर आदमपुर और बीकानेर के भाषणों में एक-एक बिंदु रख दिया कि आतंकवाद और बातचीत, व्यापार और आतंकवाद नहीं चलेगा। यहां तक कि पानी और खून भी एक साथ नहीं बहेगा। यह भी कहा कि अब अगर आतंकवादी घटना हुई तो सेना को सीधा नुकसान उठाना पड़ेगा। हम इसे केवल आतंकवादियों की नहीं मानकर पाकिस्तान सरकार और सेना की कार्रवाई मानेंगे और उसी प्रकार प्रत्युत्तर देंगे।

सबसे बढ़कर पाकिस्तान से बातचीत होगी तो केवल पाक अधिकृत कश्मीर पर।

## राष्ट्र और मानवता के कल्याण हेतु धमार्नुकूल आचरण को अनिवार्य मानते हैं मोहन भागवत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने गत दिवस गुजरात के वलसाड जिले के धरमपुरा में स्थित सदगुरु धाम में श्री भावभावेश्वर महादेव मंदिर के रजत जयंती समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से सचेत किया कि भय अथवा प्रलोभन का दैनिक जीवन में सामना करना पड़ सकता है और ये लोगों को उनके धर्म से दूर ले जा सकते हैं लेकिन धर्म ही खुशी की ओर ले जा सकता है। धर्म हमें जोड़ता है और सही रास्ते पर ले जाता है। इसीलिए भय या प्रलोभन के प्रभाव में आकर लोगों को अपना धर्म परिवर्तन नहीं करना चाहिए। संघ प्रमुख ने कहा कि हम एक जुट होना जानते हैं और एक जुट होना भी चाहते हैं । हम किसी से लडना नहीं चाहते लेकिन आज भी कुछ ऐसी ताकतें मौजूद हैं जो चाहती हैं कि हम अपने आप को बदल बदल दें हमें ऐसी ताकतों से बच कर रहना है।

संघ प्रमुख ने महाभारत काल का एक दृष्टांत देते हुए कहा कि उस काल में धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास करने वाली ताकतें मौजूद नहीं थीं लेकिन दुर्योधन ने पांडवों का राज्य हड़पने के लिए जो कुछ किया वह अधर्म था। संघ प्रमुख ने दैनिक जीवन में धार्मिक आचरण को व्यवहार में लाने का आह्वान करते हुए कहा कि लालच और भय हमें अपनी आस्था से विमुख करते हैं इसीलिए सदगुरु धाम जैसे स्थलों का निर्माण किया गया है। लोगों में धार्मिक चेतना के प्रचार प्रसार हेतु सदगुरु धाम के द्वारा संचालित गतिविधियों एवं कार्यों की सराहना करते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि यह संस्थान सुदूर आदिवासी क्षेत्रों में जाकर आदिवासियों के उत्थान के लिए सामाजिक गतिविधियों का संचालन कर रहा है। अतीत में जब इस तरह के केंद्रों का अभाव था तब तपस्वी गांव गांव में अपने सत्संग कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को धर्म के मार्ग पर दृढ़ रखते थे लेकिन अब आबादी बढ़ जाने से सदगुरु धाम जैसे केंद्र बन गये हैं जहां समाज के लोग एकत्र हो कर पूजा करते हैं और आध्यात्मिक सत्संग का लाभ प्राप्त करते हैं । यहां उनके कला का अभ्यास करने का अवसर भी मिलता है। संघ प्रमुख ने अपनी इस बात को रेखांकित किया कि सदगुरु धाम जैसे आध्यात्मिक केंद्र लोगों का धर्म परिवर्तन नहीं करते बल्कि उन्हें अपने धर्म पर दृढ़ रहकर धर्म के अनुसार आचरण करने के लिए प्रेरित करते हैं। ऐसे केंद्रों को मजबूत करना हमारी जिम्मेदारी है।इसी से हमारा कल्याण , राष्ट्र की सेवा और संपूर्ण मानवता का कल्याण सुनिश्चित होगा।भागवत ने कहा कि धर्म के अभाव में मनुष्य बुरी आदतों में पड़कर जीवन बर्बाद कर लेता है और धर्म के अनुसार आचरण करने से समाज और राष्ट्र का कल्याण होता है। यही हमारे राष्ट्र की प्रगति भी सुनिश्चित करता है। 0 कृष्णमोहन झा

## अम्बिकावाणी-वर्गपहेली 1351

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | | | ■ | 8 | | |
| 9 | | ■ | 10 | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | | 14 | ■ | 15 | 16 | | ■ |
| | ■ | 17 | | | | ■ | ■ |
| ■ | 18 | | ■ | 19 | | | 20 |
| 21 | | | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | 23 | | ■ | ■ | 24 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. पाकिस्तान, सऊडी अरब और 53 अन्य इस्लामी देशों ने 16 जुलाई 2003 को य निर्णय लिया गया कि इस देश को 2005 तक मान्यता दी जाएगी (5)
5. यह विश्व में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा देश है (2)
7. बलराम के नामों में से एक, बलभद्र (4)
8. श्रीमान, महोदय, महाशय (3)
9. तीन बूटियों बाला ताश का पत्ता (3)
10. मंगल ग्रह इस रंग का बताया गया है, इंनद्रधनुष के रंगों में से एक (2)
12. प्रयोगशाला को अंग्रेजी में यह कहते हे (2)
13. असुर, राक्षस, दनु नाम की पत्नी से उत्पन्न कश्यप ऋषि के पुत्र (3)
15. आक्रमण, धावा (3)
17. कामना, मनावांछा, तमन्ना, आरजू (4)
18. क्रांतिवृत्त में पड़नेवाले तारों का समूह, निश्चित संख्या (2)
19. आहार पदार्थ, भोज्य सामग्री (4)
21. पुश, आखेट (3)
22. प्रभु, परमेश्वर (पंजाबी)(2)
23. संबंध से, हेतु, वास्ते (2)
24. उन्नति का समय अभ्युदय काल (2)

**ऊपर से नीचे**

1. आरंभिक, प्राथमिक, शुरूआती (5)
2. वारिस्थ, बोट, सफीना (4)
3. यह उत्तरभारत में बहने वाली एक नदी है इसका पौराणिक नाम परूष्णी है (2)
4. इस पार का, निकटतटवर्ती (3)
5. यह एक बांग्लादेशी गायिका है (4)
6. मूल कारण, वजह , हेतु (3)
11. जो सीधा न जाकर बलखाते हुए गया हो (5)
14. वन्यतापूर्ण, जंगली, पशुतापूर्ण (5)
16. स्वार्थ, प्रयोजन, अर्थ, मकसद (4)
18. संगीत में स्वरों के विशेष क्रम, शास्त्रीय संगीत की रचना (3)
20. अध्यापक, शिक्षक, गुरू (3)
21. चंद्रमा के रथ 10 घोड़ों में से एक का नाम, आखेटित पशु, हिरण (2)

**वर्ग पहेली 1350 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री | ह | रि | को | टा | ■ | ना | री |
| मा | ल | वा | ■ | ल | घु | म | ति |
| न | वा | ज | ना | ■ | न | ■ | ग |
| ■ | ई | ■ | ज | न | ■ | बु | त |
| ■ | ■ | त | ■ | क | ना | डा | ■ |
| ■ | म | ह | ता | ब | ■ | पे | रू |
| ग | नी | म | त | ■ | पि | स्ट | ल |
| ■ | ला | त | ■ | भा | तृ | ■ | र |

## एकदा


### टिकाऊ हल की तलाश



प्रदूषण से भारत की छवि को नुकसान पहुंचा है। दिल्ली में हर साल औसतन 275 दिन खराब हवा दर्ज की जाती है। ये मुश्किलें स्पष्ट हैं। फिर भी टिकाऊ हल की तलाश का कोई गंभीर प्रयास होते हम नहीं देख रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में छाया जहरीला धुआं इस महीने की प्रमुख खबरों में रहा है। इस बीच यह जिक्र भी हुआ है कि एनसीआर की बदहाली तो फिर भी सुर्खियों में आ जाती है, लेकिन देश के बहुत-से शहरों के प्रदूषण पर शायद ही कभी ध्यान जाता है, जबकि वहां हाल किसी रूप में बेहतर नहीं है। फिर प्रदूषण पर चर्चा अक्सर स्वास्थ्य के नजरिए से होती है- जबकि अर्थव्यवस्था पर होने वाले खराब असर पर अक्सर बात नहीं होती। जबकि हकीकत यह है कि इसका अर्थव्यवस्था पर भी भारी असर हो रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रदूषण से हर साल देश की जीडीपी के लगभग तीन प्रतिशत हिस्से का का नुकसान हुआ है। डलबर्ग नाम की ग्लोबल कंसल्टेंसी फर्म ने यह अनुमान लगाया था। बेशक प्रदूषण के नुकसान को पैसों में नहीं तोला जा सकता। फिर भी इसकी आर्थिक कीमत भी बहुत महंगी है, यह साफ है। सघन प्रदूषण के समय दफ्तरों का बंद होना, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण लोगों का काम पर ना जा पाना, बीमारियों के इलाज, समय से पहले मौत, और इन सबके परिवारों पर पडने. वाले असर की कीमत बेहद महंगी है।

## राशिफल

**ग्रह स्थिति-** सूर्य-वृषभ, चंद्र-मीन, मंगल-वृषभ, बुध-मेष, गुरु-कन्या, शुक्र-मीन



**चौघड़िया**

09 :03 से 10 :43 तक-चंचल
10 :43 से 12 :23 तक- लाभ
12 :23 से 14 .04 तक- अमृत
20 :24 से 21.44 तक- लाभ




मेष राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपको अपने खर्चे पर नियंत्रण रखना चाहिए। किसी भी फैसले में जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि के जो लोग लेखक हैं, उनकी किसी कविता को ज्यादा से ज्यादा लोग पसंद करेंगे,




वृष राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप परिवार वालों के साथ टाईम स्पेंड करेंगे , घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। आप किसी काम को नये सिरे से शुरू करने के बारे में विचार कर सकते हैं। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। आज आपके कार्य समय से पूरे होते चले जायेंगे।



मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप कार्यस्थल पर कुछ बदलाव कर सकते हैं, इससे आपको फायदा होगा। आज आपका रुझान आध्यात्म की तरफ हो सकता है। परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको बढ़ोत्तरी के नये अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा।



कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज आपका नजदीकी मित्र आपसे मिलने आ सकता है, आप उनसे अपनी कुछ निजी बातें शेयर कर सकते हैं, मन हल्का होगा।




सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप जो भी काम हाथ में लेंगे, वो पूरा हो जायेगा, साथ ही अन्य कामों की गति बनी रहेगी। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उनके विवाह की बात फाइनल हो जाएगी। अगर आप स्टूडेंट हैं और किसी विषय के लिये ट्यूशन क्लासेज लेना चाहते हैं, तो आज से शुरू कर सकते हैं।




कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे, यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों की कुछ उलझी हुई स्थितियों का समाधान आज निकल जायेगा। आज आपके आस-पास के लोग आपके व्यवहार की तारीफ करेंगे।



तुला राशि- आज का दिन बदलाव से भरा रहेगा। आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लाएगा, जिससे कुछ बदलाव होना संभव है। आपको अपने करियर का कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है, ध्यान रहे जो भी करें, सोच-समझ कर करें।




वृश्चिक राशि- आज का दिन जीवन में किसी नयी खुशी का संकेत लायेगा। आज जीवनसाथी आपको एक बड़ी खुशखबरी देंगे, परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आयेंगे। रिश्तों और काम के बीच तालमेल बना रहेगा। इस राशि के मैनेजर पोस्ट के लोग अपने काम को अच्छे से संभालेंगे।



धनु राशि- आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा जिससे आपका काम समय पर पूरा होगा। आपके सकारात्मक विचार किसी व्यक्ति को प्रभावित कर सकते हैं। आपकी मदद दूसरों के लिये फायदेमंद रहेगी। स्टूडेंट्स पढ़ाई को लेकर कुछ बदलाव कर सकते हैं।



मकर राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज किसी काम में माता- पिता की सलाह फायदेमंद साबित होगी। इस राशि के स्पोर्ट्स से जुड़े लोग किसी नई एक्टिविटी में भाग ले सकते हैं।



कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज ऑफिस में आपको कोई ऐसा काम दिया जायेगा, जिसे आप आसानी से पूरा कर लेंगे। आज आपसे किसी मामले में एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। आपका वैवाहिक जीवन बेहतर बना रहेगा। इस राशि के बिजनेसमैन को काम में कुछ नए अनुभव मिलेंगे एवं काम भी बेहतर ढंग से चलेगा।



मीन राशि- आज का दिन यात्रा में बीत सकता है। ये यात्रा ऑफिस के किसी काम से रिलेटेड हो सकती है। आज आप कुछ मस्ती के मूड में रहेंगे, इससे आपका मन खुश रहेगा। इस राशि के बच्चे किसी ड्राइंग कॉम्पिटिशन में भाग ले सकते हैं। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात होने की संभावना है।



# वेट लॉस ही नहीं डिप्रेशन से भी छुटकारा दिला सकता है चीकू

आलू की तरह दिखने वाला फल चीकू सपोटा के नाम से भी जाना जाता है। चीकू में विटामिन-बी, विटामिन ई, पोटैशियम,फाइबर और मिनरल आदि प्रचुर मात्रा में पाए जाते है। जो शरीर को कई बीमारियों से लड़ने की ताकत देते है। चीकू खाने से त्वचा, दिमाग और पाचन अच्छा रहता है। चीकू खाने से शरीर को तुरंत ऊर्जा मिलती है। चीकू का हर भाग स्वास्थ्य लाभों से भरा है इसके पत्ते, जड़ और छाल को औषधी के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं चीकू खाने से व्यक्ति को मिलते हैं कौन से गजब के फायदे।

## हड्डियां बनाए रखे मजबूत

चीकू में कैल्शियम, आयरन और फास्फोरस भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो शरीर की हड्डियों को मजबूत बनाने का काम करता है। चीकू का रोजाना सेवन हड्डियों को मजबूत बनाने का काम करता है। चीकू खाने से बुढ़ापे की वजह से होने वाली कमजोर हड्डियों को ठीक करने में भी मदद मिलती है।

## डिप्रेशन में राहत

चीकू दिमाग को सेहतमंद बनाए रखने के साथ नींद न आने की समस्या को भी दूर करता है। चीकू का सेवन करने से गहरी और अच्छी नींद आती है। चीकू में मौजूद तत्व दिमाग में ऑक्सीजन पहुचाने में मदद करते हैं। इतना ही नहीं चीकू का सेवन डिप्रेशन को दूर करने के लिए भी किया जा सकता है।

## एनर्जी

चीकू को एनर्जी का अच्छा सोर्स माना जाता है। इसमें मौजूद कार्बोहाइड्रेट शरीर को एनर्जी देने का काम करते हैं।
जिन लोगों को एनर्जी की कमी महसूस होती है उनके लिए चीकू का सेवन फायदेमंद हो सकता है।

## वेट लॉस

चीकू शरीर के मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिसकी वजह से व्यक्ति को लंबे समय तक भूख का अहसास नहीं होता और वेट लॉस में मिलती है। चीकू को दिन में किसी भी समय खाया जा सकता है। ये शरीर को तुरंत एनर्जी देने के साथ शरीर को मजबूत भी बनाता है।




# कई सेहत गुणों से भरपूर है हरी मिर्च

**भोजन का स्वाद बढ़ाने और खाने में तीखापन लाने के लिए हरी मिर्च का उपयोग किया जाता है। अधिकतर लोग इसे अलग से खाने के साथ लेकर खाना भी पसंद करते है। लेकिन क्या आप जानते हैं हरी मिर्च कई सेहत गुणों से भरपूर है। यह आपके स्वास्थ्य को बेहतर और आपको सेहतमंद बनाएं रखने में मदद करती है।**

हम आपको बता दें, कि हरी मिर्च कई तरह के पोषक तत्वों जैसे- विटामिन ए, बी6, सी, आयरन, कॉपर, पोटेशियम, प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट से भरपूर होती है। यही नहीं इसमें बीटा कैरोटीन, क्रीप्टोक्सान्थिन, लुटेन -जॅक्सान्थिन आदि स्वास्थ्यवर्धक चीजें मौजूद हैं।

- रक्तचाप को नियंत्रित करने में हरी मिर्च काफी फयदेमंद होती है। मधुमेह होने की स्थिति में भी हरी मिर्च में रक्तचाप का स्तर नियंत्रित रखने के गुण होते हैं।
- हरी मिर्च में एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं जो किसी भी प्रकार के संक्रमण से शरीर और त्वचा की रक्षा करते हैं। यह त्वचा के लिए एंटी इंफ्लेमेटरी मेडिसिन की तरह काम करती है।
- हरी मिर्च मे भरपूर मात्रा में विटामिन-सी होता है, जो रोगों के लड़ने की क्षमता मे वृद्धि कर हमारी प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है। हरी मिर्च खाने के बाद आपकी बंद नाक का खुल जाना भी इसी का एक उदाहरण है।
- कैंसर से लड़ने और शरीर को सुरक्षित रखने के लिए भी हरी मिर्च फायदेमंद है। इसमें भरपूर मात्रा में एंटी ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर की आंतरिक सफाई के साथ ही फ्री रेडिकल से बचाकर कैंसर के खतरे को कम करती है।
- इसके सेवन से फेफड़ों के कैंसर का खतरा भी कम होता है। अत: धूम्रपान का सेवन करने वालों को हरी मिर्च को अपने भोजन में ज्यादा शामिल करना चाहिए, क्योंकि उन्हें फेफड़ों के कैंसर का खतरा सबसे ज्यादा होता है।
- हरी मिर्च को मूड बूस्टर के रूप में भी जाना जाता है। यह मस्तिष्क में एंडोर्फिन का संचार करती है जिससे हमारा मूड काफी हद तक खुशनुमा रहने में मदद मिलती है।
- वजन घटाने मे हरी मिर्च आपके लिए फायदेमंद हो सकती है। इसका प्रमुख कारण है, कि हरी मिर्च में कैलोरी बिल्कुल भी नहीं होती। इसके प्रयोग से आप पोषक तत्वों को तो ग्रहण करते हैं, लेकिन शरीर को कैलोरी नहीं मिलती।
- विटामिन-ई से भरपूर हरी मिर्च हरी आपकी त्वचा के लिए भी फायदेमंद होती है। यह आपकी त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ ही कसाव लाती है, जिससे त्वचा जवां और खूबसूरत दिखाई देती है।
- हरी मिर्च पुरुषों में प्रोस्टेट कैंसर के खतरे को कम करती है। वैज्ञानिक द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार हरी मिर्च खाने से प्रोस्टेट की समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाती है।
- दिल के लिए भी हरी मिर्च काफी फायदेमंद होती है। एक शोध के अनुसार हरी मिर्च से हृदय से संबंधित सारी बीमारियां ठीक हो जाती हैं। इस से रक्त में थक्कों की समस्या ठीक हो जाती है।



# दवाओं के असर को कम कर देती हैं ये चीजें

दवा लिखते समय डॉक्टर हमेशा उसे खाने के तरीके से लेकर समय तक के बारे में सलाह देते हैं। बावजूद इसके कई बार व्यक्ति अनजाने में दवा के साथ कुछ ऐसी चीजों का सेवन कर लेता है, जो उसे फायदे की जगह नुकसान पहुंचाने लगती हैं। दवा के साथ इन चीजों का सेवन शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव डालने लगता है। कोई भी दवा लेते समय उसके साथ जुड़ी कुछ सावधानियां भी रखनी जरूरी हैं। खान-पान की कुछ चीजें दवाओं के असर को कम कर देती हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कुछ ऐसी खास चीजों के बारे मे जिन्हें दवा के साथ लेने की गलती भूलकर भी नहीं करनी चाहिए।

## डेयरी प्रोडक्ट्स

डेयरी प्रोडक्ट आपके शरीर में कुछ एंटीबायोटिक दवाओं का असर ठीक से नहीं होने देते है। दूध में पाए जाने वाले कैल्शियम, मैग्नीशियम जैसे मिनरल्स कैसीन प्रोटीन के साथ मिलकर दवाइयों के असर को कम कर देते हैं। अगर आप एंटीबायोटिक ले रहे हैं तो उस समय दूध ना पिएं।

## पोटेशियम से भरपूर फूड्स

ब्लड प्रेशर को कम करने के लिए ली जाने वाली दवा, शरीर को आवश्यकता से अधिक पोटेशियम बनाए रखने मे मदद कर सकती है। शरीर में किसी भी चीज की अधिकता हानिकारक होती है, पोटेशियम की अधिकता से हृदय और रक्त प्रवाह में समस्या हो सकती है। कुछ अन्य पोटेशियम वाले फूड्स जिनसे आपको बचना चाहिए ये हैं आलू, मशरूम, शकरकंद, आलू आदि।

## मुलेठी

मुलेठी का इस्तेमाल कुछ लोग पाचन के लिए हर्बल उपचार के तौर पर करते हैं। इसमें पाया जाने वाला ग्लाइसीरिजिन साइक्लोस्पोरिन सहित कुछ दवाओं के असर को कम कर देता है। इसके अलावा, अगर आप ट्रांसप्लांट कराने की कोई दवा ले रहे हैं तो भी मुलेठी का सेवन ना करें।

## पत्तेदार सब्जियां

हरी पत्तेदार सब्जियों के रूप में भी पहचाना जाता है, कुछ दवाओं के अवशोषण और प्रभावशीलता को बाधित कर सकती है। केल, ब्रोकली आदि जैसी सब्जियां विटामिन के का एक बड़ा स्रोत हैं। विटामिन के का अधिक सेवन वार्फरिन जैसी दवाओं के प्रभाव में बाधा डाल सकता है। वारफेरिन का सेवन अक्सर ब्लीडिंग, रक्त के थक्कों या अन्य रक्त संबंधी विकारों के जोखिम को कम करने के लिए किया जाता है।

## शराब

दवा के साथ शराब का सेवन आपकी दवा के असर को कम करने के साथ आपकी सेहत पर भी बुरा असर डाल सकता है। एक अवधि में शराब और दवा का एक साथ सेवन करने से लीवर को काफी नुकसान हो सकता है और इससे लीवर से संबंधित अन्य विकार पैदा हो सकते हैं।

## सिगरेट

धूम्रपान फेफड़ों और शरीर के अन्य हिस्सों को नुकसान पहुंचाता है। धूम्रपान आपको बीमारियों के प्रति संवेदनशील बनाकर आपकी इम्यूनिटी को भी कमजोर कर सकता धूम्रपान आपके द्वारा ली जा रही दवा के अवशोषण, वितरण और प्रभाव में बाधा उत्पन्न कर सकता है।

## एनर्जी ड्रिंक्स

एनर्जी ड्रिंक्स के साथ भी दवाई नहीं खानी चाहिए, यह दवाई के डिजॉल्व होने के टाइम को बढ़ाता है। साथ ही इससे आपकी बॉडी पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है।

# उम्र बढ़ते ही क्यों होती है पेट में सूजन और भारीपन की समस्या



जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है वैसे-वैसे शरीर में कई तरह के बदलाव देखने को मिलते हैं। चेहरे पर झुर्रियां, सफेद बाल, त्वचा का मुरझाना जैसे बढ़ती उम्र के आम लक्षण हैं। इसी के साथ-साथ लोगों को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं भी होने लगती हैं। उम्र के एक पड़ाव पर लोगों को मोतियाबिंद, मांसपेशियों में दर्द, पीठ दर्द, गर्दन दर्द, मधुमेह सहित न जाने कितने ही विकारों का सामना करना पड़ता है। वृद्धावस्था में लोगों की सेहत को प्रभावित करने वाली हेल्थ कंडीशन की एक लंबी लिस्ट में ब्लोटिंग यानी पेट फूलना की भी एक बड़ी समस्या है। आमा भाषा में इसे इसे पेट की सूजन भी कहते हैं। पेट की सूजन को गैस्ट्राइटिस भी कहते हैं और इसके कई बार कोई लक्षण दिखाई नहीं देते लेकिन महसूस होते हैं। यहां हम आपको इस विकार के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

## ब्लोटिंग का क्या कारण है?

आमतौर पर सभी एज ग्रुप के लोग समय-समय पर अपने पेट को फूला हुआ महसूस करते हैं। लेकिन एक उम्र के साथ ये समस्या बार-बार होने लगती है। पेट में सूजन तब होती है जब गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट हवा या कई गैस से भर जाता है। यही गैस हमारे पेट को भरा हुआ, तंग या सूजा हुआ महसूस कराती है। अत्यधिक पेट फूलना और पेट में गड़गड़ाहट सूजन के कुछ अन्य सामान्य लक्षण हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं जिनके बारे में यहां जिक्र है। वृद्ध लोगों के मामलों में इन्हीं फैक्टर्स के कारण बार-बार सूजन होती है। कुछ विशिष्ट फलों और सब्जियों में फाइबर की मात्रा काफी अधिक होती है जिसे पचा पाना हर किसी के लिए आसान नहीं होता। पेट में फाइबर को पचाने में थोड़ी मुश्किल होती थी, जिससे अक्सर पेट फूलने या सूजन की समस्या हो जाती है। यही वजह है कि वृद्ध लोगों के लिए ठीक से पका हुआ हल्के भोजन करने की सलाह दी जाती है, जिसे वे आसानी से निगल सकें। यदि ये समस्या गंभीर है तो उन्हें ऐसे खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए जो अक्सर सूजन का कारण बनते हैं।


### दूसरी हेल्थ कंडीशन्स

कुछ अन्य स्वास्थ्य स्थितियां जो ज्यादातर बुढ़ापे में उभरती हैं, जो सूजन और बैचेनी का कारण बन सकती हैं।

- इरिटेबल बॉएल सिंड्रोम
- सीलिएक रोग • क्रोहन रोग
- गैस्ट्रोएसोफेगल प्रतिवाह रोग
- पेट दर्द • बड़ी आंत में सूजन
- इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज • मधुमेह

## पेट के एसिड में कमी

उम्र बढ़ने के साथ ही पेट में भोजन पचाने वाले एसिड की भी कमी हो जाती है जिससे बुजुर्गों का पेट फूलने लगता है। बता दें कि बुजुर्गों में उम्र बढ़ने के साथ ही फूड को डाइजेस्ट करने वाले एसिड पेप्सिन का उत्पादन लगभग 40 प्रतिशत कम हो जाता है। पेप्सिन की कमी से शरीर के लिए प्रोटीन को तोड़ना मुश्किल हो जाता है, जिससे लोग फूला हुआ महसूस करते हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए लोगों को प्रोटीन के एनिमल बेस्ड सोर्स का सेवन कम करना चाहिए।



# पोषक तत्वों के पावरहाउस हैं चिया सीड्स

चिया सीड्स पोषक तत्वों के पावरहाउस हैं। ये बीज भरपूर मात्रा में फाइबर, प्रोटीन और दिल के लिए हेल्दी पॉलीअनसेचुरेटेड वसा से भरपूर होते हैं, जो इम्युनिटी को बढ़ावा देने के साथ आपको हेल्दी रखते हैं। इसके अलावा, इन सुपर सीड्स को वेट लॉस के लिए भी बहुत अच्छा माना जाता है। इसे कैसे यूज करना है, आपको इसके बारे में कुछ बातें जरूर जान लेनी चाहिए।

## चिया सीड्स के पोषक तत्व

100 ग्राम चिया सीड्स में 16.5 ग्राम प्रोटीन, 42.1 ग्राम कार्ब्स, 34.3 ग्राम फाइबर, 30.7 ग्राम फैट और 0 शुगर होता है। उच्च प्रोटीन, उच्च फाइबर पोषण संयोजन वजन घटाने के लिए इसे बहुत अच्छा बनाता है। जबकि को एक्टिव रखने के साथ चिया सीड्स खाने से पेट भरा-भरा भी लगता है।

## चिया सीड्स के साथ वेट लॉस

चिया बीज प्रति 100 ग्राम में 486 ग्राम कैलोरी होती है। कैलोरी वह इकाई है जो ऊर्जा को मापती है, जो शरीर के स्वस्थ कामकाज के लिए आवश्यक है। आसान शब्दों में, यह वह ऊर्जा है जो लोग अपने खाने-पीने के लिए प्राप्त करते हैं, जिसका उपयोग वे शारीरिक गतिविधियों को करने के लिए करते हैं। इसके अलावा वेट मैनेंजमेंट में भी चिया सीड्स बहुत फायदेमंद है। जो लोग जरूरत से ज्यादा कैलोरी का सेवन करते हैं, उनका वजन बढ़ सकता है, क्योंकि शरीर में एक्सट्रा कैलोरी को बर्न करना इतना आसान नहीं होता है।

## चिया सीड्स के फायदे

चिया सीड्स हाई ब्लड प्रेशर को कम करने मे मदद कर सकता है। चिया सीड्स में क्लोरोजेनिक एसिड नामक एक एंटीऑक्सीडेंट यौगिक हाई ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद कर सकता है। सूजन को कम करने मे मदद कर सकता है। इसमें अल्फा-लिनोलेनिक एसिड नामक एक ओमेगा -3 फैटी एसिड होता है, जो आपकी दिल की हेल्थ के लिए भी फायदेमंद है जिन लोगों का शुगर लेवल हाई रहता है, उन्हें भी चिया सीड्स भी इस्तेमाल करना चाहिए। चिया सीड्स मे मौजूद फैटी एसिड त्वचा की जलन से राहत दिलाने में मदद कर सकता है और पानी पीने से त्वचा मे नमी बनी रहती है। चिया सीड्स को हमेशा पानी में भिगाकर ही इस्तेमाल करना चाहिए।



# एलर्जिक तत्वों से बनाएं दूरी

हम में से कुछ को किसी भी चीज से एलर्जी नहीं होती, जबकि कुछ लोगों को बहुत ही नॉर्मल चीजों से भी एलर्जी हो जाती है। असल में एलर्जी हमारे इम्यून सिस्टम का नुकसान न पहुंचाने वाली चीजों की तरह एब्नॉर्मल रिएक्शन है। आप जो कुछ भी खाते हैं या अप्लाई करते हैं, यह उसका रिएक्शन भी हो सकता है। आमतौर पर मोल्ड, पॉलन या जानवरों की वजह से यह एलर्जिक रिएक्शन हो सकता है। सांस लेने या खाने के दौरान इनसे हमारा एक्सपोजर होता है। आंखों से पानी आना या इनमें खुजली होना, छींके आना, नाक बहना, रैशेज, रेड पैचेज के साथ रैशेज, थकान या बीमार महसूस करना वगैरह एलर्जी के सामान्य लक्षण हैं। गंभीर एलर्जिक रिएक्शन पूरी बॉडी मे इचिंग, सांस फूलना, गले में कसाव महसूस होना, हाथों और पैरों में सिहरन वगैरह हैं।

## दूसरी, एलर्जी रिएक्शंस हैं

फूड एलर्जी - खाने की कुछ चीजों से एलर्जिक रिएक्शन के कारण पेट मे दर्द, उलटी या डायरिया की शिकायत हो सकती है। कीड़े का काटना-मधुमक्खी या किसी और कीड़े के डंक से सूजन, रेडनेस या दर्द हो सकता है।

## कॉमन एलर्जी

वैक्सीन, पेनिसिलीन और एस्पिरीन जैसी दवाइयां, कुछ खास तरह की मछलियां, धूल, पॉलन, पीनट्स, कीड़े के काटने, छोटी चोट, हॉट या कोल्ड टेम्परेचर, एक्सरसाइज या खास तरह के इमोशन से भी एलर्जी हो सकती है। एलर्जी के कारणों में दूध, नट्स, वीट और एग्स सबसे कॉमन हैं।

## आपको हो सकती है एलर्जी...

वैसे, एलर्जी किसी भी उम्र में हो सकती है, लेकिन बच्चों मे यह कॉमन है। आपके परिवार मे अगर किसी को एलर्जी है, तो यह आपको भी हो सकती है। वैसे, यह भी हो सकता है कि आपके पैरेंट्स को एलर्जी हो, लेकिन आप इसके शिकार न हों। आपके आसपास का माहौल भी इसके लिए काफी हद तक जिम्मेदार है। कई बार स्मोक, पल्यूशन, हार्मोंस वगैरह में घर के पर्दे, चद्दर वगैरह बदल डालें।

# कोरिया

## शहीद स्मारक के पार्किंग के पास से गांजा के साथ उत्तरप्रदेश का विनोद गिरफ्तार

**रायपुर।** एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना मौदहापारा क्षेत्रांतर्गत शहीद स्मारक के पार्किंग स्थल में एक व्यक्ति अपने पास बैग में गांजा रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना मौदहापारा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिए के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम विनोद निषाद निवासी इलाहाबाद (उ0प्र0) का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में 3.898 किलो ग्राम गांजा कीमती लगभग 38,000 रुपए जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना मौदहापारा में अपराध क्रमांक 92/25 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है।

## न्यूज गैलरी

### भूपेंद्र क्लब की भूमि से हटाए गए दुकानदारों के परिवारों के समक्ष रोजी-रोटी का संकट

**युकां जिलाध्यक्ष मेमन ने प्रशासन से पुनर्वास की मांग की**



**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** बस स्टैंड स्थित भूपेंद्र क्लब की भूमि पर वर्षो से दुकानों के माध्यम से अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे 23 दुकानदारों को प्रशासन द्वारा हाल ही में हटाया गया। बुलडोजर चलाकर इन दुकानों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया, जिससे प्रभावित परिवारों के सामने जीवन यापन और रोजगार का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।

युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हाफिज मेमन ने प्रशासन से मांग की है कि सभी प्रभावित दुकानदारों को मानवीय दृष्टिकोण से देखते हुए पुनः उसी स्थान पर या समीप किसी स्थान पर वैकल्पिक दुकानें बनवाकर दी जाएं, ताकि वे अपने परिवार का जीवन-निर्वाह कर सकें। मेमन ने कहा कि ये दुकानदार लंबे समय से इस स्थान पर काम कर रहे थे और उनके पास आय का कोई अन्य स्रोत नहीं है। ऐसी स्थिति में प्रशासन को संवेदनशीलता दिखाते हुए इनके पुनर्वास की दिशा में शीघ्र कदम उठाना चाहिए।

# सीजीपीएससी तैयारी में डूबे सपनों की कहानी पर एनआईटी छात्रों ने बनाई फिल्म

## छत्तीसगढ़ी सिनेमा में नया प्रयोगः सरकारी अफसर वेब सीरीज में छात्रों के संघर्षों को दिखाया





**कोरिया बैकुंठपुर** – बिलासपुर के गांधी चौक की तंग गलियों में सुबह की पहली किरण के साथ एक और दिन जागता है। चाय की भाप के साथ उड़ती किताबों की खुशबू और छात्रों की आंखों में झलकते अधूरे सपने। यही से शुरू होती है कहानी अखिलेश की जो एक किसान का बेटा है, जो अपने पिता की आंखों में छिपे सरकारी अफसर के ख्वाब को पूरा करने गांव से शहर आया है। यह कहानी सीजीपीएससी तैयारी में डूबे सपनों की है। जिसपर एनआईटी रायपुर के पांच छात्रों ने वेब सीरीज बनाई है, जिसे १३ जून को यूट्यूब पर रिलीज किया जाएगा।

सरकारी अफसर मंजिल नहीं शुरूआत हे में प्रदेश के उन हजारों युवाओं की भावनाओं को स्वर देने का प्रयास किया गया है, जो सीजीपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हैं। यह वेब सीरीज सिर्फ एक कहानी नहीं, बल्कि उन धड़कनों की आवाज है, जो हर साल गांधी चौक की कोचिंग गलियों में गूंजती हैं। यह कहानी, अखिलेश और सुमन जैसे किरदारों के जरिए दशार्ती है कि कैसे सामाजिक, पारिवारिक और आर्थिक संघर्षों के बीच भी सपने मरते नहीं हैं, बल्कि और मजबूत होते हैं। अखिलेश, एक साधारण किसान परिवार से आया लड़का, अपने गांव से चलकर बिलासपुर पहुंचता है। एक ऐसी जगह जिसे छत्तीसगढ़ का 'मुखर्जी नगर' कहा जाता है। वहीं उसकी मुलाकात होती है प्रीतम और रवि से होती है, जो पहले से ही परीक्षा की तैयारी कर रहे होते हैं। वही उसकी दिशा भी बनते हैं और साथी भी। कोचिंग की दीवारों के बीच अखिलेश की मुलाकात सुमन से होती है। एक अनाथ लड़की जो अपने दत्तक परिवार की उपेक्षा और तानों से जूझते हुए खुद को साबित करना चाहती है। धीरे-धीरे, दोनों के संघर्ष एक दूसरे से जुड़ जाते हैं और उनका रिश्ता भी। ये सिर्फ दो लोगों की प्रेम कहानी नहीं, बल्कि दो इच्छाओं की साझी उड़ान है।

एनआईटी के छात्र दिव्यांश सिंह व उनकी टीम ने इस वेब सीरीज को तैयार किया है। जिसे साई भरथ ने निर्देशित किया है। कलाकारों में हैं फूफू के नाम से पहचाने जाने वाले अनिल सिन्हा है। साथ ही कांकेर की वैष्णवी जैन, अमन सागर, हर्षवर्धन पटनायक, क्रांति दीक्षित, सुरेश गोंडले और विक्रम राज जैसे चर्चित चेहरे।सरकारी अफसर का हर एपिसोड करीब २०-२५ मिनट का है और इसे साप्ताहिक रूप से चैनल पर रिलीज किया जाएगा। पहले एपिसोड का नाम ही हैझ मंजिल नहीं, शुरूआत हे।

**गंभीर विषय को लोकभाषा व स्थानीय परिवेश से जोड़ा**

कोरिया जिले के पटना के रहने वाले एनआईटी के छात्र निर्देश शर्मा ने कहा कि यह सीरीज न केवल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों का तनाव और परिश्रम दिखाती है, बल्कि उस सामाजिक ताने-बाने को भी उजागर करती है जिसमें ये छात्र जीते हैंझ किराया, कोचिंग की फीस, पारिवारिक दबाव, रिश्तों की उलझन और आत्म-संदेह। सीजीपीएससी जैसे गंभीर विषय को छत्तीसगढ़ी लोकभाषा और स्थानीय परिवेश में गूंथकर वेब सीरीज में प्रस्तुत करने का प्रयास है। यह उन युवाओं की कहानी है, जो हारने से पहले लड़ना सीखते हैं।

## आर्थिक कारण को लोक स्वास्थ्य पर प्राथमिकता नहीं - कलेक्टर

### पीएचई को कार्यालय और प्रयोगशाला हेतु मांगलिक भवन का प्रथम तल आवंटित

**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** एमसीबी कलेक्टर ने जन स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत नई लेदरी स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर मांगलिक भवन के प्रथम तल को कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मनेंद्रगढ़ को नवीन भवन निर्मित होने तक कार्यालय एवं जिला प्रयोगशाला संचालन हेतु आवंटित किए जाने का आदेश पारित किया है। बता दें कि कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मनेंद्रगढ़ द्वारा नगर पंचायत नई लेदरी स्थित मंगल भवन के प्रथम तल को कार्यालय एवं जिला प्रयोगशाला प्रयोजन हेतु आवंटित किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया था। उक्त आवेदन पर नगर पंचायत नई लेदरी द्वारा 14 मई 2025 को हुई सामान्य सम्मिलन बैठक में आर्थिक कारण को आधार बनाकर भवन आवंटित करने से इंकार कर दिया गया। इस पर कलेक्टर ने अपने आदेश में कहा कि नवगठित जिला एमसीबी के अस्तित्व में आने के बाद आज तक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का कार्यालय एवं जल परीक्षणार्थ प्रयोगशाला प्रारंभ नहीं हुआ है। यदि कार्यालय एवं प्रयोगशाला की स्थापना हेतु भवन नहीं दी जाती है तो न केवल नगरीय निकाय नई लेदरी अपितु संपूर्ण जिला अंतर्गत परीक्षण रहित जल के अभाव में लोक स्वास्थ्य की सुरक्षा खतरे में रहेगी। कलेक्टर ने कहा कि आर्थिक कारण को संपूर्ण जिले के लोक स्वास्थ्य पर प्राथमिकता नहीं दी जा सकती। साथ ही आदेश में यह भी कहा कि उक्त भवन के राजस्व अभिलेख के अवलोकन से स्पष्ट है कि भवन राजस्व विभाग की भूमि पर स्थापित है, जो प्रथम दृष्टया अतिक्रमण को प्रदर्शित करती है, जिसमें तहसीलदार मनेंद्रगढ़ के द्वारा कार्रवाई किया जाना उचित होगा। कलेक्टर ने नगर पंचायत नई लेदरी के सामान्य सम्मिलन बैठक में लिए गए निर्णय को निलंबित कर दिया।

## पतियों को साथ में बैठने की अनुमति नहीं मिलने पर महिला जनप्रतिनिधियों ने किया सामान्य सभा की बैठक का बहिष्कार




**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** पतियों को साथ में बैठने की अनुमति नहीं मिलने पर निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों ने जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ की सामान्य सभा की बैठक का बहिष्कार कर दिया । बैठक में महिला जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने पतियों को बैठक में बैठाने की मांग को लेकर उत्पन्न विवाद ने पूरी सभा को प्रभावित किया और अंततः बैठक की बहिष्कार की स्थिति उत्पन्न हो गई और महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा अधूरी रह गई।


गुरूवार को जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ की सामान्य सभा की बैठक अमृत सदन सभागार में आयोजित की गई। बैठक प्रारंभ होने से पूर्व महिला जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा अन्य महिला जनपद सदस्यों ने अपने पतियों के साथ बैठक में भाग लेने की अनुमति मांगी। जब जनपद पंचायत सीईओ ने स्पष्ट रूप से नियमों का हवाला देते हुए इस मांग को अस्वीकार किया, तो नाराज महिला जनप्रतिनिधियों अध्यक्ष जानकी बाई कुसरो, उपाध्यक्ष ज्योति गुप्ता एवं सदस्य शांति, सुरतिया व रामबाई के द्वारा यह कहते हुए बैठक का बहिष्कार कर दिया गया कि हमारे पति अगर बैठक में शामिल नहीं होंगे तो हम सामान्य सभा का बहिष्कार करते हैं। बैठक नहीं हो पाने की वजह से प्रस्तावित कई महत्वपूर्ण विकास योजनाओं पर चर्चा अधूरी रह गई। भारत में पंचायती राज प्रणाली व्यवस्था के अंतर्गत महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान इस मंशा से किया गया है कि वे ग्राम शासन में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने वाली सशक्त भागीदार बन सकें, लेकिन जब निर्वाचित महिलाएं स्वयं की बजाय अपने पतियों को प्रतिनिधित्व देने की शर्त रखने लगें, तो यह सीधे तौर पर लोकतंत्र और महिला सशक्तिकरण की भावना पर चोट है। यह प्रवृत्ति सरपंच पति, जनपद पति जैसी असंवैधानिक संस्कृति को बढ़ावा देती है।

**जनपद सीईओ ने की सुरक्षा की मांग**

इधर सामान्य सभा की बैठक के दौरान जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ की उपाध्यक्ष ज्योति गुप्ता के पति आनंद गुप्ता के द्वारा शासकीय कार्यो में बाधा डाले जाने एवं धमकी दिए जाने की शिकायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ ने कलेक्टर से करते हुए सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया है।

# जिले के 154 ग्रामों में धरती आबा अभियान के तहत 15 जून से विशेष शिविर

## मुनादी और दीवार लेखन के जरिए जागरूकता बढ़ाने का प्रयास




**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत १५ जून से विशेष शिविरों का आयोजन शुरू होगा। जिले के १५४ चयनित आदिवासी बहुल ग्रामों में यह शिविर ३० जून २०२५ तक आयोजित किए जाएंगे। जिला कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के निर्देश पर इन ग्रामों में दीवार लेखन और कोटवारों के माध्यम से मुनादी कर अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति/निवास प्रमाण पत्र, पेंशन योजनाएं, आयुष्मान भारत कार्ड, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, जनधन खाता, पीएम किसान निधि, मुद्रा लोन, विश्वकर्मा योजना समेत लगभग १७ योजनाओं का सीधा लाभ पात्र हितग्राहियों को प्रदान किया जाएगा। शिविरों में स्वास्थ्य, पंचायत, समाज कल्याण, ग्रामीण विकास, कृषि, खाद्य, राजस्व विभागों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से डिजिटल सेवाएं जैसे आधार ई-केवाईसी और दस्तावेज सत्यापन भी की जाएंगी। कलेक्टर ने इन १५४ ग्रामों के नागरिकों से अपील की है कि वे शिविरों में भाग लें और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन को सशक्त बनाएं। यह अभियान आदिवासी समाज को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# वित्त वर्ष 2025-26 के सम्पतिकर का 30 जून तक पूर्ण भुगतान करने वालों को 6. 25 प्रतिशत की छूट दी जा रही



**रायपुर।** रायपुर नगर पालिक निगम के राजस्व विभाग द्वारा 30 जून 2025 तक वित्त वर्ष 2025-26 के सम्पतिकर का पूर्ण भुगतान करने वाले सम्पति करदाता नागरिकों को सम्पतिकर में 6.25 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है. नगर पालिक निगम रायपुर के राजस्व विभाग को कोई भी सम्पति करदाता नागरिक ऑनलाइन / ऑफलाइन सम्पतिकर भुगतान व्हाट्सएप्प, चैटबॉट क्यूआरकोड आदि उपलब्ध अनेक विकल्पों के माध्यम से अपनी सुविधा अनुसार दिनांक 30 जून या उसके पूर्व करके सम्पतिकर के चालू वित्त वर्ष 2025-26 के भुगतान में 30 जून तक अधिकतम 6.25 प्रतिशत की छूट प्राप्त कर सकते हैँ. रायपुर नगर पालिक निगम के राजस्व विभाग द्वारा समस्त सम्पति करदाता नागरिकों से 30 जून अथवा उससे पहले वर्ष 25-26 के अपने देय सम्पतिकर का पूर्ण भुगतान कर 6.25 प्रतिशत की अधिकतम छूट का लाभ अधिकाधिक संख्या में उठाने की अपील की है.इसमें विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के इच्छुक सम्पति करदाता नागरिक सम्बंधित जोन कार्यालय के राजस्व विभाग में सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

## जनता के लिए राहत भरी खबर, सस्ता होगा खाद्य तेल, महंगाई से मिलेगी राहत!

**नई दिल्ली,12 जून।** केंद्र की मोदी सरकार ने कच्चे खाद्य तेलों के दामों को लेकर बड़ा ऐलान किया. जानकारी के मुताबिक सरकार ने कच्चे सूरखमुखी, सोयाबीन और पाम ऑयल जैसे कच्चे खाद्य तेलों पर बेसिक सीमा शुल्क को 20 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी करने को कहा है.

बता दें, खाद्य मंत्रालय ने खाद्य तेल उद्योग संघों को यह आदेश देते हुए कहा कि सरकार के निर्णय के बाद आयात शुल्क में कटौती का लाभ तत्काल उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाए. खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव की अध्यक्षता में प्रमुख खाद्य तेल उद्योग संघों और उद्योग हितधारकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें यह आदेश दिया गया.

# टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की सबसे बड़ी जीत पर एक नजर




**नईदिल्ली, 12 जून।** भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच 20 जून से 5 मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू होने वाली है। कई बार भारतीय टीम ने अपने शानदार खेल से इंग्लैंड को एकतरफा हराया है।

इन जीतों में न सिर्फ टीम की मजबूती दिखी, बल्कि उन्होंने यह भी साबित किया कि वह किसी भी परिस्थिति में बड़ी टीमों को मात देने का दम रखते हैं।

ऐसे में आइए इंग्लैंड पर भारत की सबसे बड़ी जीत पर एक नजर डालते हैं।

भारत को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में अब तक की सबसे बड़ी जीत साल 2016 में चेन्नई में मिली थी।

उस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 477 रन बनाए थे।

जवाब में भारतीय टीम ने करुण नायर के शानदार तिहरे शतक (303 नाबाद) की बदौलत 759/7 का विशाल स्कोर खड़ा किया।

इसके बाद इंग्लैंड की दूसरी पारी महज 207 रन पर सिमट गई और भारत ने यह मुकाबला पारी और 75 रनों से जीत लिया था।

भारत को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में दूसरी सबसे बड़ी जीत साल 2024 में धर्मशाला में मिली थी।

उस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की टीम सिर्फ 218 रन बना सकी।

जवाब में भारत ने रोहित शर्मा (103) और शुभमन गिल (110) की शतकीय पारियों की बदौलत 477 रन जुटाए।

दूसरी पारी में इंग्लैंड की पूरी टीम 195 रन ही बना पाई और भारत ने यह मुकाबला पारी और 64 रनों से अपने नाम किया। साल 2002 में हेडिंग्ले, लीड्स में भारत ने इंग्लैंड को पारी और 46 रनों से हराया था।

इंग्लैंड में ये भारत की सबसे बड़ी जीत है।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए राहुल द्रविड़ (148), सचिन तेंदुलकर (193) और सौरव गांगुली (128) की शानदार पारियों के दम पर 628/8 का विशाल स्कोर खड़ा किया था।

जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 273 रन पर सिमट गई।

भारत ने उन्हें फॉलोऑन दिया। दूसरी पारी में इंग्लैंड 309 रन ही बना सकी।

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ अपनी चौथी सबसे बड़ी टेस्ट जीत साल 2016 में वानखेड़े स्टेडियम में दर्ज की थी।

इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 400 रन बनाए थे।

जवाब में भारतीय टीम ने मुरली विजय (136), विराट कोहली (235) और जयंत यादव (104) की बेहतरीन पारियों की बदौलत 631 रन बना दिए थे।

दूसरी पारी में इंग्लैंड की टीम 195 रन पर ऑलआउट हो गई।

भारत ने यह मुकाबला पारी और 36 रनों से अपने नाम किया था।

# टेस्ट क्रिकेट: इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों की सबसे बड़ी साझेदारियां




**नईदिल्ली, 12 जून।** भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच टेस्ट क्रिकेट की प्रतिस्पर्धा हमेशा रोमांचक रही है, जिसमें कई ऐतिहासिक साझेदारियां दर्ज की गई हैं। अब एक बार फिर दोनों टीमें आमने-सामने होंगी, जब 20 जून से 5 मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरूआत होगी।

ऐसे में आइए नजर डालते हैं उन सबसे बड़ी साझेदारियों पर, जिन्हें भारतीय बल्लेबाजों ने इंग्लैंड के खिलाफ रचा है।

वो क्षण जब 2 खिलाड़ियों की एकजुटता ने पूरी मैच की दिशा बदल दी थी।

पहले स्थान पर गुंडप्पा विश्वनाथ और यशपाल शर्मा की यादगार जोड़ी है।

साल 1982 में चेन्नई टेस्ट के दौरान दोनों ने पहली पारी में तीसरे विकेट के लिए 316 रन की ऐतिहासिक साझेदारी निभाई थी। विश्वनाथ ने 222 रन बनाए, जबकि यशपाल ने 140 रनों की शानदार पारी खेली थी।

भारत ने 481/4 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी थी।

यह मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। यशपाल और विश्वनाथ की यह साझेदारी आज भी याद की जाती है।

सूची में दूसरे स्थान पर गौतम गंभीर और राहुल द्रविड़ की जोड़ी है।

साल 2008 में इंग्लैंड की टीम भारत के दौरे पर आई थी। सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच मोहाली में खेला गया था।

भारत ने पहली पारी में 453 रन बनाए थे।

गंभीर के बल्ले से 179 रन और द्रविड़ के बल्ले से 136 रन निकले थे। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 314 रनों की साझेदारी हुई थी।

यह मुकाबला भी ड्रॉ पर समाप्त हुआ था।

तीसरे स्थान पर सौरव गांगुली और सचिन तेंदुलकर की महान जोड़ी है।

दोनों ने साल 1996 में नॉटिंघम टेस्ट के दौरान 255 रनों की साझेदारी निभाई थी।

ये इंग्लैंड की धरती पर भारतीय बल्लेबाजों के द्वारा की गई सबसे बड़ी साझेदारी भी है।

भारतीय टीम उस टेस्ट में पहले बल्लेबाजी करने उतरी थी। गांगुली (136) और तेंदुलकर (177) की पारियों के दम पर टीम ने 521 रन बना दिए थे।

यह मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ था।

चौथे स्थान पर भी गांगुली और सचिन की जोड़ी है। दोनों ने साल 2002 में लीड्स टेस्ट के दौरान पहली पारी में चौथे विकेट के लिए 249 रन जोड़े थे।

भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी थी।

गांगुली (128) और तेंदुलकर (193) की शानदार पारियों के दम पर टीम ने 628/8 का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया था।

# स्टीव स्मिथ ने डब्ल्यूटीसी फाइनल में रचा इतिहास, तोड़ डाला 99 साल पुराना महारिकॉर्ड



**लंदन, 12 जून।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ का लॉर्ड्स के साथ प्रेम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में भी जारी रहा. दाएं हाथ के अनुभवी बल्लेबाज ने 99 साल पुराने महारिकॉर्ड को तोड़ते हुए क्रिकेट के घर लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी बल्लेबाज बनकर अपने नाम एक और रिकॉर्ड जोड़ लिया. उन्होंने बुधवार, 11 जून को ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ?ीका के बीच यहां खेले जा रहे डब्ल्यूटीसी फाइनल 2025 के पहले दिन यह अविश्वसनीय उपलब्धि हासिल की.

स्मिथ ने 51 रन बनाते ही यह खास उपलब्धि हासिल की. उन्होंने 76 गेंदों पर 9 चौकों की मदद से अर्धशतक बनाकर ऑस्ट्रेलियाई पारी को संभाला. हालांकि, वे अंततः 66 रन बनाकर आउट हो गए, जब वे पार्ट-टाइम स्पिनर एडेन मार्कराम की गेंद पर स्लिप में खड़े मार्को जेनसन को कैच थमा बैठे.

36 वर्षीय स्मिथ ने प्रतिष्ठित लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के वॉरेन बार्डस्ले के 575 रन (115 की औसत से) को पीछे छोड़ दिया. इस प्रक्रिया में, उन्होंने वेस्टइंडीज के दिग्गज गारफील्ड सोबर्स और ऑस्ट्रेलिया के महान सर डोनाल्ड ब्रैडमैन को भी पीछे छोड़ा. स्मिथ के खाते में अब क्रिकेट के मक्का में 2 शतक और 3 अर्धशतक के साथ 591 रन दर्ज हो गए हैं.

## छोटी खबरें

### कोहली को कप्तान बनाकर उनका संन्यास टाला जा सकता था



**0-रवि शास्त्री का बड़ा बयान**

**नईदिल्ली, 12 जून।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री उस समय भावुक हो गए जब वह विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास पर बात कर रहे थे। उन्होंने कोहली की कप्तानी में एक सफल दौर बिताया है और कई यादगार सीरीज जीतते हुए देखा है। उनका मानना है कि कोहली का संन्यास थोड़ा और समझदारी से संभाला जा सकता था। उन्हें कप्तान बनाकर उनके संन्यास को टाला जा सकता था। शास्त्री ने कहा, कोहली का टेस्ट से संन्यास लेना दुख की बात है। वह एक महान खिलाड़ी हैं। जब कोई चला जाता है तभी लोग उसकी अहमियत समझते हैं। आंकड़े उनकी महानता को पूरी तरह नहीं दिखा सकते, उन्होंने खुद को टेस्ट क्रिकेट के दौरान विदेशी दौरे में जिस तरह पेश किया वो काफी महत्वपूर्ण था। लॉर्ड्स में टीम ने जैसे मैच पलटा वो लम्हा किसी सपने जैसा था और मुझे खुशी है कि मैं उस पल का हिस्सा था। शास्त्री ने कहा, मुझे दुख है कि वह जिस तरह से गए, वह बहुत अचानक हुआ। मुझे लगता है कि इस पूरे मामले को थोड़ा और अच्छे तरीके से संभाला जा सकता था, शायद उनसे ज्यादा बातचीत की जा सकती थी। अगर यह फैसला मेरे हाथ में होता तो मैं उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद ही फिर से कप्तान बना देता। साल 2019 से 2024 तक कोहली ने 46 टेस्ट मैच खेले। इसकी 78 पारियों में 35.84 की औसत से सिर्फ 2,617 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 5 शतक और 11 अर्धशतक निकले थे। कोहली ने 2 शतक साल 2019 में और 2 शतक 2023 में लगाए थे। 1 शतक पिछले साल आया था।

साल 2020, 2021 और 2022 में उनके बल्ले से 1 भी शतक नहीं निकला। इस दौरान वह भारत के लिए 19 टेस्ट मैच खेले थे।

कोहली ने अपने टेस्ट करियर में 123 मैचों की 210 पारियों में 46.85 की उम्दा औसत के साथ 9,230 रन बनाए थे। इस बीच नाबाद 254 रन उनका सर्वोच्च स्कोर स्कोर रहा था।

### 3000 रुपये से ज्यादा के यूपीआई पेमेंट पर लगेगा चार्ज?

**0-वित्त मंत्रालय ने दी सफाई, पेटीएम के शेयर टूटे**

**मुंबई,12 जून।** आज पेटीएम के शेयरों में 10 फीसदी से अधिक की गिरावट आई. वित्त मंत्रालय के स्पष्टीकरण जारी किए जाने के बाद शेयरों में गिरावट दर्ज की गई. वित्त मंत्रालय की ओर से स्पष्टीकरण में कहा गया है कि यूपीआई लेनदेन पर कोई मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) नहीं लिया जाएगा. फिनटेक कंपनी के शेयर 864 रुपये पर कारोबार कर रहे थे और निफ्टी मिडकैप इंडेक्स पर टॉप लूजर के रूप में उभरे.

वित्त मंत्रालय का स्पष्टीकरण उन रिपोर्टों के बाद आया है जिनमें कहा गया था कि सरकार बैंकों और भुगतान समाधान प्रोवाइडर की सहायता के लिए 3,000 रुपये और उससे अधिक मूल्य के लेनदेन पर एमडीआर लागू करने की योजना बना रही है. रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया था कि सरकार लेंडर को मर्चेंट टर्नओवर के बजाय लेनदेन मूल्य पर एमडीआर लगाने की अनुमति दे सकती है.

रिपोर्ट सामने आने के बाद पेटीएम के शेयर तीन महीने के उच्चतम स्तर 978 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गए थे.

एमडीआर एक शुल्क है जो बैंक वास्तविक समय में भुगतान संसाधित करने के लिए व्यापारियों से लेते हैं. इससे पहले, व्यापारियों से कार्ड भुगतान पर कुल लेनदेन मूल्य का 1 फीसदी एमडीआर शुल्क लिया जाता था. बाद में 2020 में सरकार ने देश में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए एमडीआर शुल्क माफ कर दिया.

## ------------------------- व्यापार/फिल्म -------------------------

# किसानों के लिए बड़ी खबर! 20 जून को आएगी पीएम किसान की 20वीं किस्त




**नई दिल्ली,12 जून।** केंद्र सरकार के पीएम किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की 20वीं किस्त इसी महीने जारी किए जाने की उम्मीद है. इस साल के लिए इस योजना की दूसरी किस्त 20 जून को 9.8 करोड़ पात्र किसानों के बैंक खातों में जमा की जाएगी.

भारत सरकार और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएम-किसान) शुरू की है, जिसके तहत भारत के प्रत्येक पात्र किसान को 6,000 रुपये की वार्षिक सब्सिडी मिलेगी, जो हर चार महीने में 2,000 रुपये के तीन बराबर भुगतानों में दी जाएगी. लेटेस्ट घोषणा में भारत सरकार ने अधिसूचित और अनिवार्य किया है कि केवल वे किसान ही पीएम-किसान सम्मान निधि योजना के लाभ के लिए पात्र होंगे जिन्होंने रजिस्ट्रेशन प्रोसस पूरी कर ली है. 20वीं किस्त प्राप्त करने के लिए किसान किसान रजिस्ट्री यूपी मोबाइल ऐप, आधिकारिक पीएम किसान वेबसाइट या किसी भी सार्वजनिक सेवा सुविधा पर जाकर रजिस्ट्रेशन प्रोसस पूरी कर सकते हैं. पीएम-किसान पूरे भारत में गरीब किसानों के लिए एक जीवन रेखा है. पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की शुरू की गई यह योजना पात्र किसानों को प्रति वर्ष 6,000 रुपये देती है. 2019 में शुरू की गई पीएम-किसान योजना, गरीब और हाशिए पर पड़े किसानों को तीन बराबर किस्तों में प्रति वर्ष 6,000 रुपये देती है. मानसून की बुवाई के करीब होने के साथ, जून की किस्त खरीफ फसल के मौसम की तैयारी कर रहे लाखों ग्रामीण परिवारों के लिए महत्वपूर्ण है. सबसे बढ़कर, यह उस अवधि के दौरान समय पर वित्तीय सहायता भी देता है जब इनपुट लागत बढ़ जाती है.

# पंचायत सीजन 4 का ट्रेलर आउट, फुलेरा गांव बना चुनावी अखाड़ा, सामने आई नई रिलीज डेट

पंचायत सीजन 4 को द वायरल फीवर ने प्रोड्यूस किया है. इसे दीपक कुमार मिश्रा और चंदन कुमार ने मिलकर बनाया है, लिखा है चंदन कुमार ने और दीपक कुमार मिश्रा और अक्षत विजयवर्गीय ने डायरेक्शन संभाला है. एक खास इंटरऐक्टिव वेबसाइट पर हुए अनोखे वोटिंग मुकाबले में 6.5 मिलियन से ज्यादा फैंस ने टीम मंजू देवी या टीम क्रांति देवी को सपोर्ट किया और इसी जोश की वजह से नए सीजन की रिलीज डेट पहले कर दी गई. अब पंचायत सीजन 4 भारत समेत दुनियाभर के 240 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों में 24 जून से सिर्फ प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगा.

पंचायत सीजन 4 का जबरदस्त और मजेदार ट्रेलर रिलीज कर दिया है. इसके साथ ही फैंस को एक और तोहफा मिला है, शो अब पहले से जल्दी, यानी 24 जून से स्ट्रीम होगा. पंचायत को प्रोड्यूस किया है द वायरल फीवर ने. इस सीजन को दीपक कुमार मिश्रा और चंदन कुमार ने मिलकर बनाया है, स्क्रिप्ट लिखी है चंदन कुमार ने, और दीपक कुमार मिश्रा और अक्षत विजयवर्गीय ने डायरेक्शन संभाला है.

फुलेरा नाम के काल्पनिक गांव में सेट 'पंचायतइ का नया सीजन एक बार फिर छोटे शहर की हलचल, भावनाएं और ह्यूमर से भरपूर किस्सों से भरा होगा. इस बार नई चुनौतियों के साथ-साथ पुराने और प्यारे चेहरे फिर लौटेंगे और उनके साथ ढेर सारे मजेदार ट्विस्ट भी. शो में एक बार फिर नजर आएंगे जीतेन्द्र कुमार, नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, फैसल मलिक, चंदन रॉय, सान्विका, दुर्गेश कुमार, सुनीता राजवार और पंकज झा जैसे शानदार कलाकार. 'पंचायतइ के नए सीजन का ट्रेलर दिखाता है कि कैसे फुलेरा गांव इस बार चुनावी घमासान का मैदान बनने वाला है, जहां आमने-सामने हैं मंजू देवी और क्रांति देवी. रैली के गीत, बड़े-बड़े वादे और जबरदस्त प्रचार के साथ पूरा गांव जैसे किसी मेले में बदल गया है. दोनों टीमें एक-दूसरे को पछाड ? की होड़ में जुटी हैं, और इसी चक्कर में शुरू होता है असली खेल जैसे एक-दूसरे के ऊपर तंज कसना, छुपे इशारों में सवाल उठाना और चुपचाप चालें चलना. गांव की गलियों में गूंजते देसी गानों और जोश से भरे नारों के बीच ये ट्रेलर वादा करता है एक फुल ऑन देसी झगड़ा, जिसमें होगा मजा, ड्रामा और वो सारा तड़का जो फुलेरा की राजनीति को दिलचस्प बना देता है। देखिए पंचायत सीजन 4 24 जून से सिर्फ प्राइम वीडियो पर.

'पंचायत सीजन 4इ के लॉन्च से पहले फैंस ने इस बार सिर्फ इंतजार नहीं किया, बल्कि रिलीज डेट तय करने में भी बड़ी भूमिका निभाई. साइट पप बनाए गए खास इंटरएक्टिव प्लेटफॉर्म पर फैंस ने टीम मंजू देवी और टीम क्रांति देवी के लिए जोरदार वोटिंग की.

# शेयर बाजार तेजी के साथ ग्रीन जोन में खुला, सेंसेक्स 132 अंक उछला, निफ्टी 25,196 पर



(मुंबई)सपाट पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 56 अंक ऊपर, निफ्टी 25,164 पर

**मुंबई,12 जून।** कारोबारी सप्ताह के चौथे दिन शेयर बाजार सपाट पर खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 56 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 82,571.67 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.09 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 25,164.45 पर खुला.

जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर गुरुवार को सुर्खियों में रहने की संभावना है, क्योंकि ब्लैकरॉक के साथ इसके संयुक्त उद्यम को भारत में निवेश सलाहकार परिचालन शुरू करने के लिए नियामक मंजूरी मिल गई है.

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 7 पैसे बढ़कर 85.46 पर पहुंचा. कारोबारी सप्ताह के तीसरे दिन शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 123 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 82,515.14 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.15 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 25,141.40 पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान सेंसेक्स पर एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स के शेयर टॉप गेनर के लिस्ट में शामिल रहे. जबकि पावर ग्रिड कॉर्प, अडाणी पोर्ट्स, मारुति सुजुकी, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस के शेयर टॉप लूजर के लिस्ट में शामिल रहे.

बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.5 फीसदी की गिरावट आई. क्षेत्रीय मोर्चे पर, एफएमसीजी, पावर, पीएसयू बैंक 0.5-1 फीसदी नीचे रहे, जबकि तेल एवं गैस, फार्मा, आईटी 0.5-1.2 फीसदी ऊपर रहे.

अमेरिका और भारत और चीन जैसे प्रमुख साझेदारों के बीच व्यापार वार्ता में प्रगति के संकेतों के बीच अन्य एशियाई बाजारों में देखी गई बढ़त को दिखाते हुए, बुधवार को भारत के बेंचमार्क सूचकांक में थोड़ी बढ़त दर्ज की गई.

## मुख्यमंत्री ने गुजरात में हुई विमान दुर्घटना पर जताया गहरा शोक



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने गुजरात के अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना को अत्यंत हृदयविदारक और दुखद घटना बताया है। उन्होंने इस भीषण दुर्घटना में मृत यात्रियों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री श्री साय ने दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल और शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

# स्वस्फूर्त संकल्प को सिद्धि के धरातल पर साकार करने का बीड़ा उठाया गरिमा ने

00 विधि स्नातक गरिमा अग्रवाल ने शिक्षित होकर दो नहीं, बल्कि अपने भाई गौरव के साथ मिलकर कई परिवारों की बेटियों को शिक्षित करने का एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया

00 अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में कन्या छात्रावास के निर्माण का सारा खर्च वहन करने का निर्णय लेकर गरिमा और गौरव ने दिव्यांग बच्चियों की पढ़ाई की दिशा में सार्थक पहल की



**रायपुर।** यह एक स्थापित सत्य है कि बेटी जब शिक्षित होती है तो वह अकेली नहीं, अपितु दो परिवार और कुल शिक्षित होते हैं। लेकिन एक बेटी ने शिक्षित होकर दो नहीं, बल्कि अपने भाई के साथ मिलकर कई परिवारों की बेटियों को शिक्षित करने का एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करके आत्मकेंद्रित और भौतिकवादी होते जा रहे हमारे सामाजिक सरोकारों को एक रचनात्मक दिशा दी है।

अपने स्वस्फूर्त संकल्प को सिद्धि के धरातल पर साकार करने वाली राजधानी के व्यवसायी उमेश अग्रवाल की बिटिया विधि-स्नातक गरिमा अग्रवाल और बेटे गौरव अग्रवाल ने दिव्यांग बेटियों के हॉस्टल एवं शिक्षा हेतु मुक्तहस्त से अविस्मरणीय दान किया है। गरिमा ने लगभग 30 बच्चियों के लिए कन्या छात्रावास की व्यवस्था करने का बीड़ा उठाया है और उनके भाई गौरव अग्रवाल इस पवित्र संकल्प की पूर्ति में अपनी बहन के साथ कदम-से-कदम मिलाकर चल रहे हैं। भाई-बहन के इस संवेदनक्षम संकल्प की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है।

गरिमा और गौरव ने राजधानी के बजाज कॉलोनी (न्यू राजेन्द्र नगर) में संचालित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में कन्या छात्रावास के निर्माण का सारा खर्च वहन करने का निर्णय लेकर इस दिशा में सार्थक पहल की। इस विद्यालय में दिव्यांग बेटियों को पढ़ाने की व्यवस्था थी लेकिन बहुत-से गरीब परिवारों की बच्चियाँ आवास की सुविधा न होने के चलते शिक्षा से वंचित थीं। विदित रहे, अर्पण दिव्यांग स्कूल में ब्वॉय'ज हॉस्टल तो है लेकिन गर्ल्स हॉस्टल नहीं होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र की दिव्यांग बच्चियाँ शिक्षा से वंचित हो रही थीं क्योंकि इन परिवारों की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वे शहर में अपनी बच्चियों की पढ़ाई का खर्च बिना आवासीय सुविधा के उठा सकें।

दिव्यांग बच्चियों की पढ़ाई के प्रति ललक और शिक्षा से वंचित रह जाने की पीड़ा ने तब एक स्वस्फूर्त संकल्प को जन्म दिया और गरिमा अग्रवाल ने बेटियों की शिक्षा के लिए प्रशंसनीय कार्य कर कन्या छात्रावास के निर्माण का पूरा खर्च उठाकर अविस्मरणीय कार्य किया। इससे यह स्पष्ट है कि एक 23 साल की लॉ ग्रेजुएट गरिमा के मन में यह भाव एक बेटी होने के नाते ही आया और गरिमा ने अपने नाम के अनुरूप बेटियों के लिए गरिमापूर्ण कार्य किया।

इस कन्या छात्रावास के लिए हुए भूमिपूजन समारोह के बाद गरिमा ने बताया कि प्रदेश की सभी बच्चियाँ, चाहे वह दिव्यांग हो या अंध-मूक-बधिर, सभी को शिक्षित होना चाहिए, उनका यही लक्ष्य इस प्रेरणा का उत्स है। विद्यालय के प्राचार्य कमलेश मिश्रा ने बताया कि इस दिशा में सरकार की सुविधा के साथ-साथ अर्पण दिव्यांग पब्लिक में निःशुल्क शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराके अलग-अलग विधाओं में प्रशिक्षित कर उन्हें स्वाभिमानपूर्वक आजीविका के योग्य तैयार किया जाता है। समारोह के दौरान पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, अर्पण कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, स्कूल की को-ऑर्डिनेटर सीमा छाबड़ा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## न्यूज गैलरी

### छत्तीसगढ़ में फिर शुरू हो सकता है गौठानों का संचालन, जोशी करेंगे राज्य सरकार से चर्चा



**रायपुर।** भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव संजय विनायक जोशी दो दिवसीय प्रवास पर आज सुबह राजधानी रायपुर पहुंची जहां पर भाजपा कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। माना विमानतल पर कुछ पत्रकारों से चर्चा करते हुए गौशालाओं का नाम गौधाम करने के फैसले का स्वागत करते हुए जमकर उसकी सराहना किया। इस दौरान उन्होंने पूर्वर्ती कांग्रेस सरकार में शुरू की गई गौठानों के संचालन करने कांग्रेस की मांग पर उन्होंने इसके फिर से संचाल के लिए राज्य सरकार से चर्चा करने की बात कही। श्री जोशी बलौदाबाजार में आयोजित समृद्ध भारत सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आज सुबह राजधानी रायपुर पहुंचे। बताते दें कि प्रदेश में रोजाना गौ वंश सड़क हादसे के शिकार हो रहे है और इसकी रोकथाम के लिए गोठानों को फिर से शुरू करने की मांग काफी दिनों से उठ रही है।

### छत्तीसगढ़ में कोरोना मरीजों की संख्या 75 पहुंची



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बुधवार को कोविड के 5 नए मरीज मिले हैं। इनमें रायपुर से 3 और बिलासपुर से 2 मरीज हैं। प्रदेश में अब तक कोविड के कुल 75 केस मिल चुके हैं। इनमें से 30 रिकवर हो चुके हैं। वहीं, 45 एक्टिव हैं। इनमें 41 होम आइसोलेशन में हैं। 3 ऑक्सीजन सपोर्ट पर है व एक आईसीयू में हैं।

### सरकारी मेडिकल कॉलेज बनें जनता की पहली पसंद : स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल



**रायपुर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के "विकसित भारत 2047" के विजन को साकार करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने चिकित्सा और सामुदायिक विकास दोनों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण बैठक लेकर मंगलवार को कांकेर जिले में समीक्षा की। मंत्री श्री जायसवाल ने जिले के नांदनमारा स्थित इंदिरा गांधी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित स्वशासी समिति की बैठक लेकर कॉलेज की कार्यप्रणाली, आधारभूत ढांचे और चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता पर विस्तार से चर्चा की। मंत्री ने साफतौर पर निर्देश दिए कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों को इस रूप में विकसित किया जाए कि वे जनता की पहली पसंद बनें। उन्होंने कहा कि बाह्य रोगी विभाग व अंतःरोगी सेवाओं में संवेदनशीलता और उत्कृष्टता लाना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। जनता को केवल इलाज नहीं, बल्कि सम्मान और संवेदना भी मिले, यही हमारी चिकित्सा व्यवस्था की पहचान होनी चाहिए।

स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने चिकित्सा अधिकारियों की बैठक लेते हुए कहा कि विभाग का उद्देश्य सिर्फ उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना ही नहीं है, अपितु आमजनता के प्रति संवेदनशीलता और उन्हें सम्मान भी मिले। स्वास्थ्य मंत्री ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया।

## पड़ोसी की पत्नी, मां और जीजा से गाली-गलौच करने पर जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज



**जांजगीर-चाम्पा।** जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू के खिलाफ पड़ोसी चंद्रशेखर राठौर ने पत्नी, मां और जीजा से गाली-गलौच कर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। वहीं दूसरी ओर विधायक साहू ने भी चंद्रशेखर राठौर के खिलाफ मारपीट करने का काउंटर रिपोर्ट दर्ज करवाया है। पुलिस ने जमीन विवाद को लेकर मारपीट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चंद्रशेखर राठौर ने पुलिस को अपनी रिपोर्ट में बताया कि जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू के घर के दो एसी के आउटडोर व चिमनी से धुंआ निकलने वाले स्थान को उसकी जमीन तरफ रखा है, जिसे हटाने को कहने के बाद भी नही हटाया था। इस पर 10 जून को बालेश्वर साहू के मकान पर काम करने वाले नौकर को हटाने कहा था। इस बात की जानकारी मिलते ही जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू ने गली और फिर घर आकर घर वालों से अश्लील गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। वहीं जीजा हेमंत राठौर से मारपीट की, जिससे उनके गाल और पीठ पर चोट आई है। उसके माता-पिता, उसकी पत्नी और बच्चों को यदि भविष्य मे कुछ हुआ तो उसका जिम्मेदार बालेश्वर साहू होगा। पड़ोसी की शिकायत पर विधायक के खिलाफ बीएनएस की धारा 329(4), 296, 351(2) और 115 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। वहीं विधायक बालेश्वर साहू ने भी पड़ोसी चंद्रशेखर राठौर के खिलाफ मारपीट की शिकायत की है। एडिशनल एसपी उमेश कश्यप ने बताया कि दोनों पक्ष की ओर से जमीन विवाद को लेकर मारपीट के तहत मामला दर्ज किया कर जांच के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कही है।

## रायपुर से अहमदाबाद जाने वाली फ्लाइट कैंसिल



**रायपुर।** अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना के बाद जारी राहत बचाव कार्य को देखते हुए देश की कुछ उड़ानें रद्द कर दी गई है जिनमें रायपुर से अहमदाबाद जाने वाली फ्लाइट भी शामिल है। रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल में बड़ी संख्या में यात्री अहमदाबाद जाने के लिए पहुंचे थे क्योंकि यह फ्लाइट रायपुर से 1: 40 मिनिट पर रवाना होती है।

## पुण्यतिथि पर महापौर समेत शहरवासियों ने विद्याचरण शुक्ल को किया याद




**रायपुर।** आज पूर्व केन्द्रीय मंत्री शहीद पण्डित विद्याचरण शुक्ल की 12वीं पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करने नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन 4 के सहयोग से राजधानी शहर में रायपुर नगर पालिक निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के सामने नगर निगम के शहीद पण्डित विद्याचरण शुक्ल उद्यान परिसर स्थित उनकी मूर्ति के समक्ष रखे गए संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन में पहुंचकर राजधानी शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने उन्हें समस्त नगरवासियों की ओर से सादर नमन करते हुए मूर्ति स्थल पर आदरांजलि अर्पित की. नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी, पूर्व पार्षद श्री मनोज कंदोई, सामाजिक कार्यकर्त्ता सर्वश्री अनुभव चरण शुक्ला, प्रमोद तिवारी, नवीन चंद्राकर, जोन 4 सहायक अभियंता श्री दीपक देवांगन, गणमान्यजनों, ने शुक्ल को उनकी 12वीं पुण्यतिथि पर मूर्ति स्थल पर नमन किया।

## 13 को नहीं होगी जानकी-भाग 1 रिलीज, सेंसर बोर्ड ने नाम बदलने कहा

00 निमार्ता व निर्देशक मोहित साहू कोर्ट जाने की तैयारी में



**रायपुर।** एन माही फिल्म के बैनर तले बनी छत्तीसगढ़ी व हिन्दी फिल्म जानकी भाग -1, 13 जून को छत्तीसगढ़ के साथ पूरे भारत वर्ष में रिलीज होने वाली थी लेकिन रिलीज से ठीक चार दिन पहले सेंसर बोर्ड ने फिल्म का नाम बदलने और ऊपर से आदेश होने की बात कहकर रिलीज के लिए सर्टिफिकेट देने से इंकार कर दिया। इस बात से निमार्ता व निर्देशक मोहित साहू काफी मायूस दिखे और उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि फिल्म के रिलीज से पहले सेंसर बोर्ड ने पोस्टर, ट्रीजर और दो अन्य चीजों को पास किया था तो उस समय बता देते तो वे कुछ कर सकते थे लेकिन फिल्म के रिलीज डेट नजदीक आने के बाद रिलीज के लिए सर्टिफिकेट देने से इंकार करना बहुत दुख की बात है। उन्होंने कहा कि फिल्म की कहानी उनकी हीरोइन जानकी पर लिखी गई है और यह महिला प्रधान फिल्म है इसमें किसी भी प्रकार की फुहड़पन नहीं दिखाया गया है तो सेंसर बोर्ड को रिलीज के लिए सर्टिफिकेट देने में क्यों तकलीफ हो रही है। सोमवार को वे मुंबई पहुंचे और फिल्म रिलीज के लिए उन्होंने अर्जेंट में 80 हजार रुपये भी जमा किया लेकिन इसके बाद भी उन्हें कह दिया गया कि नाम को बदलना होगा। उन्होंने आमजनों के समक्ष अपनी पीड़ा रखते हुए कहा कि वे इसके रिलीज के लिए कोर्ट तक जाएंगे और इसकी नाम से वे टाइटल लेकर रहेंगे। क्योंकि उन्होंने छत्तीसगढ़ की कला ,संस्कृति और सामाजिक परिवेश को छत्तीसगढ़ के साथ देश और विदेश में फिल्म जानकी भाग -1 के माध्यम से पहुंचाना चाहते है।

## हम सभी की साझी भागीदारी से ही पर्यावरण संरक्षण का संकल्प होगा पूरा : मुख्यमंत्री

00 मुख्यमंत्री फाइट अगेंस्ट ग्लोबल वार्मिंग कैंपेन कार्यक्रम में हुए शामिल




**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषक सभागार में आयोजित फाइट अगेंस्ट ग्लोबल वार्मिंग कैंपेन कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा, विकास का मूलमंत्र है और यह राष्ट्र के समग्र विकास की प्रारंभिक तथा अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि निजी शिक्षण संस्थानों ने भी शिक्षा के विस्तार में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया है, उसे प्राप्त करने में हम सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। राज्य सरकार ने इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विकसित छत्तीसगढ़ का विज? डॉक्यूमेंट तैयार किया है और इस दिशा में निरंतर प्रयासों को गति प्रदान की जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 25 वर्ष का छत्तीसगढ़ आज अपनी रजत जयंती मना रहा है और इस यात्रा में राज्य ने चहुंमुखी विकास की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में आईआईटी, आईआईएम, एम्स जैसे प्रतिष्ठित केंद्रीय संस्थान कार्यरत हैं, जो राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की गंभीर चुनौती से जूझ रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने वर्ष 2070 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य तय किया है, जिसकी दिशा में देश ने तीव्र गति से कदम बढ़ाए हैं। छत्तीसगढ़ ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने की दिशा में अग्रसर है। राज्य की आकर्षक नई औद्योगिक नीति के तहत केवल ऊर्जा क्षेत्र में ही तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि राज्य में वृक्षारोपण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है और विगत वर्ष चार करोड़ पौधे रोपे गए थे। राज्य सरकार "एक पेड़ माँ के नाम" और पीपल फॉर पीपुल जैसे नवाचार कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें नौनिहालों में पर्यावरण चेतना का विकास करना चाहिए, जिससे वे स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित भविष्य की नींव रख सकें। उन्होंने इस अभियान में भाग ले रहे सभी शिक्षकों और आयोजकों की सराहना की और कहा कि सामाजिक भागीदारी से ही हम शुद्ध हवा, निर्मल जल और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने संघ द्वारा आने वाले वर्षों में 11 लाख पीपल के वृक्षारोपण के संकल्प की सराहना की।

कार्यक्रम में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, अशासकीय विद्यालय संचालक संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री सुबोध राठी, सचिव श्री मनोज पाण्डेय तथा अन्य प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ एवं छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था।

## राज स्नान के साथ 15 दिनों तक एकांतवास में रहेंगे भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी



**रायपुर।** आज स्नान पूर्णिमा पर 108 पवित्र कलशों से हुए 'राज स्नान' के साथ ही अब भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी 15 दिनों तक 'अनासर' यानी एकांतवास में रहेंगे। इस अवधि में मंदिर के पट बंद रहेंगे और आम श्रद्धालु भगवान के दर्शन नहीं कर सकेंगे। राजधानी के शंकर नगर (गायत्री नगर) स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में आज स्नान पूर्णिमा पर भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी का भव्य महा स्नान अनुष्ठान सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष एवं विधायक पुरंदर मिश्रा ने बताया कि स्नान पूर्णिमा का आयोजन श्रद्धा और व्यवस्था के साथ संपन्न हुआ है। अब हम 27 जून को निकाली जाने वाली भव्य रथयात्रा की तैयारियों में जुट गए हैं, जिसमें अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। स्नान के पश्चात यह धार्मिक मान्यता है कि भगवान को जलाभिषेक के कारण त्रिदोष (कफ, पित्त, वात) हो जाता है, जिससे वे अस्वस्थ हो जाते हैं। इसी कारण 15 दिनों तक उन्हें एकांत में विश्राम दिया जाता है, जिसे अनासर कहा जाता है। इस दौरान विशेष औषधीय सेवा की जाती है, जिसमें जड़ी-बूटियों, फलों और जौ से बनी औषधीय खिचड़ी भगवान को अर्पित की जाती है। 26 जून को भगवान का नवयौवन दर्शन कराया जाएगा और 27 जून को भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा जी नगर भ्रमण के लिए रथ पर सवार होकर निकलेंगे।

■ स्वामी, मुद्रक प्रकाशक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, नरेन्द्र सिंह टुटेजा द्वारा टुटेजा मीडिया पब्लिकेशन, नमनाकला, अम्बिकापुर, सरगुजा (छत्तीसगढ़) से मुद्रित एवं प्रकाशित, 0 प्रधान संपादक-महेन्द्र सिंह टुटेजा,Mo. 8223000155, 94252 56303, 98261 83780 ■ RNI No. 50247/89 ■ Postal Regn No./ छ.ग./रायगढ़/009/2016 से 2018 ■ Email- ambikavanisurguja@gmail.com


C M Y K




सरगुजा संभाग

# अम्बिकावाणी

■ सरगुजा ■ कोरिया ■ सूरजपुर ■ बलरामपुर ■ जशपुर



सच्ची सेवा वह है जिसमें सर्व की दुआओं के साथ खुशी की अनुभूति हो।

जमीन बिक्री में मिले पैसे नहीं मिलने से नाराज पुत्र ने पिता की कर दी हत्या - 10



■बिहान योजना से ग्रामीण महिलाएं हो रही आत्मनिर्भर- 12

## भीषण सड़क हादसे में बेटे के बाद मां की भी मौत, तीन बेटियां हुई अनाथ

### उग्र भीड़ काफी आक्रोशित नजर आई , मौके पर जाकर पुलिस ने मोर्चा संभाला





**प्रतापपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** बुधवार रात अंबिकापुर-बनारस



मुख्य मार्ग पर स्थित कपसरा गांव के पास हुए भीषण सड़क हादसे में एक मां और उसके १० वर्षीय बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा इतना भयानक था कि बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मां ने अस्पताल ले जाते वक्त दम तोड़ दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक महिला उर्मिला सारथी नगर पंचायत जरही में सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत थीं। बुधवार शाम लगभग ७ बजे वे अपनी ड्यूटी समाप्त कर स्कूटी से बेटे के साथ अपने गांव मटिगढ़ा लौट रही थीं। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार डीजल टैंकर ने कपसरा गांव के पास उनकी स्कूटी को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मासूम बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मां को गंभीर अवस्था में अंबिकापुर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने दिया सहायता का आश्वासन

घटना की जानकारी मिलते ही नगर पंचायत जरही के अध्यक्ष पूरन राम राजवाड़े ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मृतक परिवार को हर संभव सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर आर्थिक मदद और बच्चों के भरण-पोषण के लिए भी प्रयास किया जा यह हृदयविदारक हादसा न सिर्फ एक परिवार को तबाह कर गया, बल्कि पूरे क्षेत्र को गहरे शोक में डुबो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण किया जाए ताकि भविष्य में ऐसे हादसे ना हों।

### घर बनाने लौट रही थीं गांव

बताया गया कि उर्मिला मटिगढ़ा गांव में अपने लिए घर बनवा रही थीं। बुधवार को वे सीमेंट शीट का भुगतान करने के लिए बेटे के साथ गांव जा रही थीं, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। हादसे के बाद डीजल टैंकर चालक मौके से फरार हो गया। लेकिन भटगांव पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ ही घंटों के भीतर लटोरी में टैंकर को पकड़ लिया। चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

उर्मिला सारथी के पति की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी। उनके चार संताने थीं.जिसमें तीन बेटियां और एक बेटा शामिल हैं. अब मां और बेटे दोनों की मौत से तीनों बेटियां पूरी तरह अनाथ हो गई हैं। बड़ी बेटी की उम्र १३ साल, दूसरी की ११ साल और सबसे छोटी महज ८ साल की है। यह खबर सुनते ही गांव और नगर पंचायत जरही में शोक की लहर दौड़ गई।

## सड़क हादसे में बाइक सवार तीन लोगों की हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस



**लखनपुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलदगी मुख्य मार्ग में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही डायल ११२ वाहन ,शव वाहन और पुलिस मौके पर पहुंची। मिली जानकारी के मुताबिक १२ जून दिन गुरुवार की दोपहर लगभग ३:३० बजे हीरो एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी १५ डी ए १६८६ में तीन लोग सवार होकर लखनपुर से ग्राम तुनगुरी जा रहे थे इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात ट्रैक्टर वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को ठोकर मार दी जिससे बाइक सवार सड़क पर गिरे और सर सहित शरीर में गंभीर चोट लगने पर बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों का नाम विजय यादव पिता स्वर्गीय दीप नारायण यादव, सतनारायण पिता कवल साय ६५ वर्ष, ग्राम तुनगुरी थाना दारिमा निवासी संजय पिता रतिराम उम्र २२ वर्ष ग्राम पेंडरखी थाना जयनगर जिला सूरजपुर निवासी बताया जा रहा है। पुलिस और डायल ११२ टीम के द्वारा तीनों मृतकों के शव को शव वाहन में लखनपुर अस्पताल भिजवाया गया जहां शवों के मचुर्री में रखा गया है।लखनपुर पुलिस दुर्घटना कारीत ट्रैक्टर वहान की तलाश में जुटी है। सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत के बाद परिवारजनों और गांव में मातम पसर गया।

### 20 जून को अम्बिकापुर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन,

अम्बिकापुर । जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, अम्बिकापुर द्वारा २० जून २०२५ को प्रातः ११:०० बजे से सायं ४:०० बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। यह कैम्प गंगापुर स्थित रोजगार कार्यालय परिसर में आयोजित होगा, जिसमें निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित संस्था सैफ इंटेलिजेंट सिक्योरिटी सर्विसेस, भिलाई (छ.ग.) के रिक्रूटमेंट ऑफिसर श्री कान्तालाल रात्रे उपस्थित रहेंगे।

प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से सिक्योरिटी गार्ड के २०० पद, सिक्योरिटी सुपरवाइजर के ५० पद, एवं लेबर के ५० पद सहित कुल ३०० से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता कक्षा ५वीं पास से लेकर स्नातक तक निर्धारित की गई है।

## रामगढ़ मेले के कार्य को बजट में शामिल करके एक रेगुलर व्यवस्था करने किया जाएगा प्रयास-मंत्री चौधरी

### विभिन्न विधाओं के नृत्य शैली और नाटक की हुई मनमोहक प्रस्तुतियां, श्री राम के भक्तिमय गीतों से राममय हुई संध्या

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** दो दिवसीय रामगढ़ महोत्सव का शानदार समापन वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में गुरुवार को हुआ। समापन समारोह की शुरूआत श्री राम के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।





इस अवसर पर मंत्री श्री चौधरी ने अपने उद्बोधन की शुरूआत भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी,रामगढ़ एवं महाकवि कालिदास के जयकारे से की। उन्होंने कहा आज हर्ष हो रहा है कि मुझे आपके बीच रामगढ़ महोत्सव में शामिल होने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि आज पुराने दिन याद आ रहे हैं, जब मैं सोलह वर्ष पहले सरगुजा जिला पंचायत सीईओ था। तब यहां आना हुआ था, ऐसा लग रहा है जैसे मैं फिर अपने पुराने गांव में आया हूं। उन्होंने आगे कहा कि में पिछले डेढ़ वर्ष से भारतीय जनता पार्टी की सरकर बनी है, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में हमारी सरकार ने १८ लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए हैं, ७० लाख दीदियों को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह एक हजार की राशि दी जा रही है, हमने किसान भाइयों से ३१०० रुपए प्रति क्विंटल तथा २१ क्विंटल प्रति एकड़ में धान खरीदा। सरगुजा और बस्तर की ओर देखो यह हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता है। जब मैंने वित्त मंत्री के रूप में पहला बजट प्रस्तुत किया तब सरगुजा एवं बस्तर जैसे अंचल जो विकास कि धारा में पीछे रह गए थे उनके विकास के लिए कई प्रावधान किए गए, आगे भी हमसे जो भी हो सकेगा वह किया जाएगा। रामगढ़ के लिए सरगुजा जिला जो चाहेगा उस दिशा में कार्य होंगे। इन पहाड़ियों पर हमारी परंपरा के सबसे बड़े कवियों में से कालिदास जी ने मेघदूतम की रचना की थी। कालिदास जी की पावन स्मृतियों को आप लोगों ने संजो के रखा है, इस मेले के कार्य को बजट में शामिल करके एक रेगुलर व्यवस्था कराने का कार्य भी हमारी सरकार के माध्यम से किया जाएगा, ताकि आगे भी इस तरह के आयोजन अच्छे तरह से होते रहें।

इस अवसर पर सांसद सरगुजा श्री चिन्तामणी महाराज, अम्बिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरुपा सिंह, नगर पालिका निगम अम्बिकापुर महापौर श्रीमती मंजूषा भगत एवं सभापति श्री हरमिंदर सिंह टिन्नी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री देवनारायण यादव,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती राधा रवि, श्रीमती रायमुनिया करियाम एवं श्री प्रदीप सिंह, उदयपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंहदेव, सरपंच पूटा श्री नन्दराम तथा जनप्रतिनिधियों में श्री विनोद हर्ष, श्री भारत सिंह सिसोदिया, श्री आलोक दुबे उपस्थित रहे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम से सजी संध्या

दो दिवसीय रामगढ़ महोत्सव के समापन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विभिन्न कलाकारों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। विभिन्न विधाओं के नृत्य शैली और नाटक के माध्यम से देश की कला एवं संस्कृति को प्रदर्शित किया गया। खैरागढ़ संगीत विद्यालय के मोक्षम ग्रुप के द्वारा श्री राम स्तुति पर मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति दी। छात्र-छात्राओं के द्वारा श्री राम एवं केंवट के संवाद की जीवंत प्रस्तुति ने सभी का मन मोहा। एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने देर शाम तक दर्शकों को कार्यक्रम स्थल पर बांधे रखा।




## पहुँचविहीन क्षेत्र में रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन करने पहुंचे सीतापुर विधायक स्वयं जेसीबी चलाते दिखे

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** मैनपाट के पहुँचविहीन क्षेत्र में रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन करने पहुंचे सीतापुर विधायक वहां स्वयं जेसीबी मशीन चलाते हुए दिखाई दिए। सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो अपने विधानसभा क्षेत्र के पहुंच विहीन क्षेत्र को चुन चुन कर रोड निर्माण करवा रहे हैं। ११ जून को शाम का समय था जब वह अपने दल के साथ मैनपाट के परपटिया से जोकपानी तक बनने वाले २ किलोमीटर लम्बे सड़क



निर्माण कार्य का भूमि पूजन करने पहुंचे तो इसी दौरान वहां खुद जेसीबी मशीन पर सवार होकर उसे चलाने लगे।

आप को बता दें कि मैनपाट के जोकपानी में तीन पीढ़ी बीत जाने के बाद भी रोड का निर्माण नहीं हुआ था। इसकी वजह से यह क्षेत्र पहुंच विहीन बना हुआ था। यहां मूलतः विशेष पहाड़ी कोरवा जनजाति,माझी मझवार समाज के लोग निवास करते हैं, जिनको रोड की कमी की वजह से भारी मुश्किल का सामना करना पड़ता है।जब उन्हें कोई काम होता है,या किसी बीमार व्यक्ति का इलाज कराने हेतु ले जाना पड़े, तो उनको वहां से पैदल ही चलना पड़ता है। रोड की कमी की वजह से इस क्षेत्र के लोग सरकार की योजनाओं का लाभ भी नहीं ले पा रहे हैं ।क्योंकि वाहन ना पहुंचने के कारण साधन भी नहीं पहुंच पा रहा है, जिस कारण यहां के लोग आज भी अभाव ग्रस्त जिंदगी जीने के लिए मजबूर थे। परन्तु अब यह समस्या नहीं रहेगी रोड निर्माण होने के बाद यहां के लोगों को भी सरकार की मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिलने लगेगा। जिसकी शुरूआत रोड निर्माण कार्य से प्रारंभ हो गई है।

## भीषण गर्मी के मद्देनजर स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश को विस्तारित किए जाने की मांग..

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** भीषण गर्मी के मद्देनजर स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश को विस्तारित किए जाने की मांग जिला



कांग्रेस कमेटी, सरगुजा छ.ग के महामंत्री संजीव मंदिलवार ने सरगुजा जिला कलेक्टर से की है। ज्ञापन के माध्यम से श्री मंदिलवार ने कहा है कि स्कूल के बच्चों की ग्रीष्मकालीन छुटटी दिनांक १५ जून को समाप्त हो रही है। चूकि अभी मौसम प्रतिकूल है। जिसमें बच्चों के स्वास्थ्य पर गलत प्रभाव पडेगा। इस पर विचार करते हुए छुट्टी को विस्तारित किया जाना चाहिए।

बता दें कि वर्तमान में कुछ दिनों से उमस भरी गर्मी ने लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। लगातार अस्पताल में मौसमी बीमारी के मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। खास तौर पर छोटे बच्चों को ऐसे मौसम में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार का मौसम अगर आगे रहा तो ग्रीष्मकालीन छुट्टी के बाद भी स्कूली बच्चों को स्वास्थ्यगत परेशानी उठानी पड़ सकती है। श्री मंदिलवार ने मांग करते हुए कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए बच्चों की छुट्टी में विस्तार करने पर विचार करे।

## रामगढ़ महोत्सव में पहुंचे प्रभारी मंत्री ओ. पी. चौधरी

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** सरगुजा जिले के उदयपुर विकासखंड में आयोजित रामगढ़ महोत्सव के अवसर पर प्रदेश के वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी ने एक दिवसीय प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने राम वनगमन पर्यटन परिपथ परिसर में च्एक पेड़ मां के नाम २.०ज्ज अभियान के अंतर्गत रुद्राक्ष का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण और मातृ स्मरण का संदेश दिया।

इस अवसर पर सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज,अंबिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज ने भी चंदन के पौधे रोपित किया।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरुपा सिंह, महापौर श्रीमति मंजूषा भगत, जिला



पंचायत उपाध्यक्ष श्री देवनारायण यादव, श्री भरत सिंह सिसोदिया, अलोक दुबे स्थानीय जनप्रतिनिधि गण सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। मंत्री श्री चौधरी ने महोत्सव स्थल का अवलोकन किया और आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि रामगढ़ की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में ऐसे आयोजनों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि च्एक पेड़ मां के नाम २.०ज्ज अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक पहल है, बल्कि यह पीढ़ियों को भावनात्मक रूप से प्रकृति से जोड़ने का कार्य भी करता है।

रामगढ़ महोत्सव में स्थानीय लोक कला, संस्कृति, पारंपरिक व्यंजन और हस्तशिल्प की विविध झलक देखने को मिल रही है, जिससे क्षेत्रीय प्रतिभाओं को मंच और पहचान मिल रही है

C M Y K

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन

बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० की अनुशंसा अनुसार उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जाना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत १५ वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का अध्ययन कराकर सितंबर २०२५ व मार्च २०२६ में आयोजित परीक्षा में शामिल कराया जाना है।

इस संबंध में कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के निर्देशन एवं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित किया जाना है। बैठक में विकासखण्ड एवं सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड परियोजना अधिकारी, बीआरसी, संकुल प्राचार्य, ग्राम पंचायत प्रभारी/उल्लास केन्द्र प्रभारी उपस्थित रहेंगे। १८ जून २०२५ को प्रातः ०९:३० बजे विकासखण्ड शंकरगढ़ एवं दोपहर ०२:३० बजे विकासखण्ड कुसमी की बैठक आयोजित की गई है। बैठक संबंधित विकासखण्ड मुख्यालय में होगी। इसी प्रकार १९ जून २०२५ को प्रातः ०९:३० बजे विकासखण्ड बलरामपुर एवं दोपहर ०२:३० बजे राजपुर की बैठक होगी। २० जून २०२५ को प्रातः ०९:३० बजे विकासखण्ड रामचन्द्रपुर एवं ०२:३० बजे वाड्रफनगर की बैठक होगी। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी सहित जिला परियोजना अधिकारी एवं जिला साक्षरता प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान का 10 लाख का चेक जरुरतमंदो को लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज द्वारा किया गया प्रदान



**लुण्ड्रा (अम्बिकावाणी समाचार)।**

लुण्ड्रा जनपद पंचायत सभागार में ११ जुन बुधवार कबीर जयंती के अवसर पर विधायक प्रबोध मिज एवं जनपद अध्यक्षश्रीमती कृष्णा पावले जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती कंचन जायसवाल व जनप्रतिनिधियो की उपस्थिति में १०० हितग्राहीयो को १०-१० हजार का मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान का चेक जनपद पंचायत सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित कर प्रदान कि गई।

विदित हो कि एक लम्बे अंतराल के बाद स्वेच्छानुदान राशि का वितरण जरूरतमंद वर्ग के लोगों को दिया गया है जिसमें अधिकांशतः दिव्यांगजनों एवं आर्थिक तथा शारीरिक रूप से रूप से कमजोर गरीब तबके के वर्ग को मिली है। बता दें कि इससे पूर्व केवल पार्टी से सम्बन्धित लोगों व कई अपात्र लोगों को वह भी एक एक घर में दो तीन लोगों को स्वेच्छानुदान राशि प्राप्त होती थी। जिसकी खबर भी पूर्व में कई अखबारों में प्रमुखता के साथ उठाई भी गई थी । किंतु इस बार लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने भारतीय जनता पार्टी व अपने स्वयं के जनहित सेवा व सुशासन नीति का परिचय देते हुए स्वेच्छा अनुदान का सरकार के मंशा अनुरुप इस दृष्टिकोण से बाकायदा गांव में सर्वे करवा वास्तविक तौर पर पात्रता रखने वाले जरूरतमंद व्यक्तियों का चिन्हाकन करा लाभान्वित किया गया । मिले हितग्राहियों मे से ८० परसेंट दिव्यांगजन तथा २० प्रतिशत आर्थिक वह शारीरिक रूप से कमजोर तथा वृद्ध जन लोग हैं । तो वहीं कई लोग दिव्यांग होने के वजह से कोई कार्य न कर पाने के कारण .भीख मांग जीवन यापन करते हैं ऐसे लोगों को चेक का प्रदान किया गया ।

इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष लुण्ड्रा सतीश जायसवाल मंडल अध्यक्ष धौरपुर संजय गुप्ता जनपद सदस्य लुण्ड्रा राजेश सोनी जनपद सदस्य प्रमिला लकड़ा मंडल उपाध्यक्ष अभिषेक पावले धनेश्वर सिंह संवाद प्रमुख राजीव कश्यप सोशल मीडिया प्रभारी शिवनारायण सरपंच लुण्ड्रा सोमार साय सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रीती भगत एवं जनपद कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित थे।

**दिव्यांगों के आंखों में छलक उठा खुशी के आंसू**

दोनों पैर से विकलांग खालपोडी निवासी सोनसाय मरकाम तथा लुण्ड्रा के कुंवर लोहार वह एक पैर तथा दोनों आंखों से दिव्यांग ठुरु ने चेक पाते ही खुशी से झूम उठे और उनके आंखों से आंसू छलक पड़े .तथा कहा कि आज तक कोई भी .सरकार या विधायक हम जैसे दोनों आंखों एक पैर दोनों हाथों से विकलांग है जो कोई शारीरिक कार्य नहीं कर पाने के कारण भिक्षा मांग जीवन निर्वाह करते हैं पर कोई सहायता राशि शासन द्वारा नहीं मिला था किंतु आज विधायक प्रबोध मिंज वह भाजपा सरकार द्वारा जो सहयोग राशि हमें दी गई है वह हमारे लिए बहुत बड़ी राशि है इससे हम सब्जी दुकान चाट अंडा ठेला पान ठेला इत्यादि छोटा-मोटा दुकान की शुरूआत कर जीविका जीविकापोर्जन आसानी से चला सकते हैं ।

# सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति विषय पर विश्वविद्यालय स्तरीय दो दिवसीय हुई कार्यशाला

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**



सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति विषय पर विश्वविद्यालय स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला एवं प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय अम्बिकापुर में आयोजित किया गया ।

जिसकी अध्यक्षता कुलपति डॉ. पी. पी. सिंह , संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय ने किया । कार्यक्रम में सरगुजा संभाग के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के लगभग २०० स्वयंसेवक एवं ५९ कार्यक्रम अधिकारियों ने सहभागिता की । कार्यक्रम के प्रथम दिवस सड़क यातायात सुरक्षा एवं नशा मुक्त समाज के लिए युवा विषय पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सरगुजा एडिशनल एसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, यातायात विभाग के अभय तिवारी , नवविहान संस्था के अनिल मिश्रा और मंगल पांडेय ने अपना व्याख्यान दिया । कार्यक्रम के दूसरे दिवस पर राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. नीता वाजपेई और संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के कुलपति के उपस्थिति में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताएं यथा निबंध लेखन , रंगोली , पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमें सरगुजा संभाग के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों के लगभग २०० छात्र छात्रों ने अपनी सहभागिता निभाई । जिसमें राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर के राष्ट्रिय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेवक श्रुति कश्यप एम ए इतिहास की छात्रा ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में संभाग स्तरीय इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे सरगुजा जिले को गौरवान्वित किया ।

छात्रा को माननीय कुलपति महोदय डॉ.पी. पी. सिंह एवं राज्य एन एस एस अधिकारी डॉ. नीता वाजपेई और कार्यक्रम समन्वयक संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय डॉ. एस. एन. पांडेय के द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरुस्कार राशि के रूप में १५०० रुपए प्रदान किया गया ।

श्रुति कश्यप के इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ स्नेहलता श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी श्री राजीव कुमार एवं महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शशि कला सनमानी ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## जमीन बिक्री में मिले पैसे नहीं मिलने से नाराज पुत्र ने पिता की कर दी हत्या

**बिश्रामपुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**



जमीन बिक्री में मिले रकम के बंटवारे की बात को लेकर नशेड़ी पुत्र ने पिता की बेदम पिटाई कर दी इसके बाद भी मन नहीं भरा तो उसे जमीन में उठा कर पटक दिया जिससे सर में चोट लगने से पिता की मौके पर ही मौत हो गई।घटना बुधवार शाम साढ़े चार बजे की बताई गई है।पुलिस ने बताया कि कुमदा बस्ती में युवक की मौत हो जाने की सूचना पर पुलिस जब आज मौके पर पहुंची और परिजनो का बयान लिया तब मामला हत्या का निकला।पुलिस ने मामले में हत्यारे पुत्र अहिवरन सिंह पिता स्व बेचन सिंह २६ वर्ष निवासी कुमदा बस्ती के खिलाफ बीएनएस की धारा १०३(१)के तहत केस दर्ज कर आज गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है।परिजनो के मुताबिक बुधवार को कुमदा बस्ती निवासी बेचन सिंह जो पिछले दिनो अपने हिस्से की जमीन बेचा था जमीन बिक्री से मिले पैसे को लेकर उसका आरोपित बेटे से विवाद चल रहा था कि बुधवार को जब पिता पुत्र दोनों घर पर थे तभी आरोपी पुत्र अहिबरन सिंह ने पिता बेचन सिंह से जमीन बिक्री से मिले रकम का हिस्सा नहीं देने की बात को लेकर विवाद करने लगा।

नशे में धुत अहिबरन ने इस दौरान पिता बेचन की हांथी मुक्के से जमकर पिटाई कर अधमरा कर दिया बाद में उसे उठाकर जमीन में पटक दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। बेचन की मौत हो जाने की सूचना पर पुलिस ने पहले मर्ग कायम किया और जब जांच के लिए पहुंची और परिजनो का बयान लिया तो मामला हत्या का निकला।रिपोर्ट पर पुलिस ने तत्काल आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर आज न्यायालय पेश कर दिया है।बताया गया कि घटना के वक्त आरोपी पुत्र मृतक पिता और उसकी मां सभी शराब के नशे में थे नशे में होने इस दौरान हुए विवाद पर किसी ने बीच बचाव नहीं किया जिससे युवक की मौत हो गई।



अम्बिकापुर( अम्बिकावाणी समाचार)।

अखिल भारतीय अग्रवाल महिला संगठन के नेतृत्व में ११ जून से २० जून तक १० दिवसीय निशुल्क योग शिविर बनभौरी मंदिर में करवाया गया ।महिला पतंजलि योग समिति की जिला अध्यक्ष योग शिक्षिका ममता अग्रवाल के द्वारा योगासन सिखाया गया ।संगठन की बहनों के द्वारा उनका सम्मान किया गया।

## सात पिछड़ी जनजातियों के मुखिया बने उदय,प्रांतीय अध्यक्ष की दूसरी बार मिली जवाबदारी

**अम्बिकपुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**

पण्डो समाज से आने वाले उदय पण्डो को छत्तीसगढ़ की सात विशेष पिछड़ी जनजातियों का मुखिया बनाया गया है। रायपुर में हुई एक बैठक के दौरान उन्हें लगातार दूसरी बार प्रांतीय अध्यक्ष की जवाबदारी दी गई है।गौरतलब है कि उदय पण्डो समाज के साथ सभी जनजातियों के विकास के लिए कई वर्षो से काम कर रहे हैं।उनके साथ उनकी टीम के प्रयास से जनजातियों में जागरूकता आई है।उनके पिछले कार्यकाल को देखते हुए ही उन्हें फिर से प्रांतीय अध्यक्ष की जवाबदारी दी गई है।उदय ने चर्चा के दौरान कहा कि सभी विशेष पिछड़ी जनजातियां आर्थिक सामाजिक तथा हर दृष्टि से पिछड़ी हुई हैं।मेरा उद्देश्य हमेशा से इन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ना है तथा शिक्षा स्वास्थ्य सहित



सभी शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाकर आगे बढ़ाना है।सबसे जरूरी है कि प्रत्येक व्यक्ति जागरूक हो,क्योंकि जागरूक होकर ही वे अपनी स्थिति और अधिकार के बारे में जान सकते हैं।कुछ वर्षो से हमने संगठित होकर अपने विकास और अधिकारों के लिए आवाज उठाई है,आगे भी यह क्रम जारी रहेगा।उन्होंने कहा कि समाज प्रमुखों ने मुझ पर दूसरी बार विश्वास दिखा इतनी बड़ी जवाबदारी दी है,वे और उत्साह के साथ पिछड़ी जनजातियों को आगे बढ़ाने,उनका अधिकार दिलाने तथा विकास की मुख्यधारा से जोड़ने काम करेंगे।दूसरी तरफ उनके फिर से प्रांतीय अध्यक्ष बनने पर समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते शुभकामनाएं दी हैं।

बैठक मे शामिल देवचाम पण्डो समाज, नवतुराम नेताम कमार समाज, धनीराम कडमिया बैगा समाज, जोगीराम हसदा पहाड़ी कोरवा समाज,मनीवडडे अबुझमाडिया समाज, बरत राम बिरहोर समाज,टिकम नागवंशी भंजिया समाज, अर्जुन सिह नायक,झगरू राम कमार,मोहर लाल पण्डो, रामरतन पण्डो, मानसाय मुढिहार, गिरधारी, झुलना पहाडी कोरवा, पलटु राम पहाडी कोरवा, शिवकुमार बैगा, धरम सिह पहाडी कोरवा, मोहन राम, बलदेव प्रसाद, देशराम धनुधारी, बैशाखू सोरी, चैनसिह सोरी, रामकृष्ण नेताम, चैत राम कमार, पुन्नी कमार, मुन्नी बाई पहाडी कोरवा, टिकेश्वरवरी कमार, दयालू राम नेताम, रतिराम कमार सातो विशेष पिछडी जनजाति के समाज प्रमुख के साथ काफी संख्या मे महिला एवं पुरूष लोग उपस्थित थे।

**मोहरलाल पण्डो, देवचंदरामपण्डो के साथ अन्य को भी मिली जिम्मेदारी**

उदय पण्डो को प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत करने के साथ बैजनपाठ के मोहरलाल पण्डो को प्रदेश मिडिया प्रभारी तथा देवचंदराम पण्डो को प्रवक्ता बनाया गया है. इनके साथ टिकम नागवंशी को प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष प्रदेश सचिव धनीराम कडमिया बैगा , प्रदेश सह सचिव झगरुराम कमार व बरतराम बिरहोर, प्रदेश उपाध्यक्ष जोगी राम पहाड़ी कोरवा व मुरा कावडे अबुझमाडिया बनाए गये हैं। ,महिला प्रभाग के प्रदेश अध्यक्ष मुन्नी बाई पहाड़ी कोरवा एवं प्रदेश सचिव पुन्नी कमार को बनाया गया. डॉ. सुखराम दोरपा अबुझमाडिया संरक्षक, नवतुराम नेताम कमार सह संरक्षक, अर्जुन सिह नायक प्रदेश कोषाध्यक्ष, वाजयभान बैगा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष, करण सिह कमार संगठन सलाहकार एवं महेंद्र उसेंडी अबुझमाडिया सह प्रवक्ता बनाया गया है.

### शांतिपूर्ण रैली के साथ ,ज्ञापन सौंपा जाएगा,मंचीय कार्यक्रम स्थगित

अम्बिकापुर( अम्बिकावाणी समाचार)।

युक्तियुक्तकरण विसंगतियों को लेकर १३ जून को संभागायुक्त व संयुक्त संचालक शिक्षा को चार सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही संभाग में हुए अनियमितता को उजागर किया जाएगा।शिक्षक साझा मंच के प्रांतीय उपसंचालक हरेंद्र सिंह एवं सुनील सिंह ने बताया कि अहमदाबाद के हृदय विदारक घटना के कारण सम्भाग स्तरीय कार्यक्रम का स्वरूप परिवर्तन किया जा रहा है। उक्त घटना में कई छात्र सहित अन्य कई लोग आहत हुए हैं जो कि काफी दुःखद है। इसलिये कोई मंचीय कार्यक्रम का आयोजन नहीं होगा।

# शिक्षा विभाग के युक्तियुक्तकरण नीति से शिक्षकों को मानसिक प्रताड़ना- एम एस आजाद

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं



सरगुजा के जिला अध्यक्ष एम एस आजाद प्रांतीय महामंत्री कमलेश सोनी ने आरोप लगाया है कि युक्तियुक्तकरण के आड़ में शिक्षकों को मानसिक प्रताड़ना दिया जा रहा है। प्रदेश के लगभग सभी जिलों में युक्तियुक्तकरण के आड़ में स्थानांतरण का खेल चल रहा है। शिक्षकों का आर्थिक शोषण हो रहा है। फेडरेशन के कहना है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद ३०९ के अधीन छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार समय-समय पर प्रकाशित शिक्षा विभाग के सेवा भर्ती पदोन्नति नियमों (छत्तीसगढ़ राजपत्र) के अनुसूची-एक में कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) नियुक्ति प्राधिकारी नहीं हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा भर्ती नियमों (छत्तीसगढ़ राजपत्र) के नियम-६ में भर्ती के तरीका में प्रकार (क)चयन/सीधी भर्ती (ख)पदोन्नति (ग)स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति (घ)संविलयन द्वारा का उल्लेख है। सेवा भर्ती नियमों के अनुसूची-एक (नियम-५) में नियुक्ति प्राधिकारी अर्थात नियुक्ता का उल्लेख है। उक्त अनुसूची में कलेक्टर अथवा अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) का उल्लेख नहीं है। युक्तियुक्तकरण का प्रक्रिया स्थानांतरण अंतर्गत आता है। नियमों के अनुसार जिला/विकासखंड स्तरीय युक्तियुक्तकरण समिति में नियुक्ति प्राधिकारी/विभागीय अधिकारी के अतिरिक्त अन्य को अध्यक्ष बनाया जाना असंवैधानिक है।उन्होंने बताया कि प्राचार्य की नियुक्ति राज्य शासन,व्याख्याता का संचालक, प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक तथा शिक्षक का संयुक्त संचालक एवं प्रधानपाठक प्राथमिक शाला तथा सहायक शिक्षक के लिये जिला शिक्षा अधिकारी नियुक्ति प्राधिकारी हैं।लेकिन युक्तियुक्तकरण में सेवा संवर्ग पद अनुसार नियुक्ति प्राधिकारी के द्वारा आदेश जारी नहीं हुआ है। जोकि सेवा भर्ती नियम का उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि स्कूल शिक्षा सचिव का युक्तियुक्तकरण निर्देश एक परिपत्र है।जोकि सेवा भर्ती नियम (छत्तीसगढ़ राजपत्र) को अधिक्रमण नहीं कर सकता है।

फेडरेशन के कहना है कि राज्य के लगभग सभी जिलों तथा विकासखंड कार्यालयों में तैयार किये गये युक्तियुक्तकरण सूची में व्यापक गड़बड़ी अथवा पक्षपात अथवा नियमों का मनमर्जी व्याख्या करने का मामला उजागर हो रहा है। जारी किये जा रहे आदेश,एक प्रकार से शिक्षकों को काला पानी की सजा दिया गया है।यहाँ तक कि कैंसर जैसे गंभीर बीमारी/शारिरिक अस्वस्थता से ग्रसित शिक्षकों को दुर्गम स्थानों के विद्यालयों में भेजकर अमानवीय व्यवहार किया गया है।कहीं पर विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक संवर्ग के नियुक्ति का आधार विषय के आधार पर अतिशेष का गणना किया गया है तो कहीं पढ़ाये जा रहे विषय के आधार पर अतिशेष चिन्हांकन विकासखंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालयों में किया गया है।जिसके कारण निलंबन की कार्यवाही करना पड़ रहा है। प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षकों के कार्यभार ग्रहण दिनाँक के आधार पर कनिष्ठतम के निर्धारण में हेराफेरी हुई है। मिडिल स्कूल में विषय शिक्षकों (प्रधानपाठक सहित) का चक्रानुक्रम (१)अंग्रेजी(२)गणित (३)कला (४) विज्ञान (५) हिंदी (६) संस्कृत/उर्दू/वाणिज्य का मनमानी व्याख्या कर अतिशेष किया गया है। गौरतलब है कि मिडिल स्कूल में वाणिज्य विषय ही नहीं है। लेकिन इस विषय के आधार पर अतिशेष के गणना में बचाया गया है। हाई/हायर सेकंडरी स्कूल में विषयवार स्वीकृत पदों में कार्यरत व्याख्याता को अतिशेष बनाया गया है ! जोकि गलत है। प्रश्न यह है कि क्या यह विषय रिक्त पद खाली रहेगा या समाप्त हो जायेगा या अन्य विषय शिक्षक की पदस्थापना होगी ? यदि किसी विद्यालय में विषय व्याख्याता पदस्थ था तो उस विद्यालय में उसी विषय व्याख्याता के पद पर संविदा/परिवीक्षा/अन्य की नियुक्ति का दोषी कौन है? युक्तियुक्तकरण सिर्फ सरकारी स्कूलों में विषय शिक्षक उपलब्ध नहीं रखने का सुनियोजित युक्ति है। इससे प्राइवेट स्कूलों को लाभ होगा।सरकारी स्कूलों में पर्याप्त विषय शिक्षक उपलब्ध नहीं रहेंगे धीरे धीरे सरकारी स्कूलों में विद्यार्थी पढ़ने नहीं आयेंगे। सरकारी स्कूल बंद होंगे ! इस पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या वित्त विभाग के स्वीकृति दिनाँक १०/०३/२००८ एवं ०८/०५/२००८ (ई संवर्ग) तथा ११/०९/२००८ (टी संवर्ग) द्वारा प्राथमिक,पूर्व माध्यमिक, हाइस्कूल तथा हायर सेकेंडरी स्कूलों के इकाई वार सेटअप २००८ में कटौती करने की स्वीकृति वित्त विभाग से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लिया गया है ?*

*क्या अतिशेष शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण से सभी शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय विद्यालयों में सहायक शिक्षक/शिक्षक/व्याख्याता की पदस्थापना हो गई है ?

**रिसाली नगर निगम कीपार्षद सीमा ने थामा भाजपा का दामन**

दुर्ग। रिसाली नगर निगम में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। वार्ड क्रमांक 28 वीआईपी नगर से कांग्रेस की पार्षद और एमआईसी सदस्य डॉ. सीमा साहू ने पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है। उन्होंने सांसद विजय बघेल के निवास पहुंचकर भाजपा की सदस्यता ली। इस मौके पर सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक मौजूद थे। इससे पहले भी कांग्रेस के चार पार्षद पार्टी से असंतुष्ट होकर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। सीमा साहू ने भी पार्टी और खासकर महापौर शशि सिन्हा के व्यवहार को लेकर नाराजगी जताई थी।

**सड़क हादसे में बाइक सवार तीन लोगों की हुई मौत पेज 09**



# प्रोजेक्ट युवा की पहली सफलताः सुनील, कीर्तन, भुवन ने शौक को बनाया स्व रोजगार का जरिया

**धमतरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में युवाओं के लिए सरकार द्वारा रोजगारपरक योजनाओं में से एक प्रोजेक्ट योजना के तहत धमतरी जिले के तीन युवकों के लिए आय का साधन बन गया है। धमतरी जिले में प्रोजेक्ट युवा के परिणाम अब आने शुरू हो गए हैं। इस प्रोजेक्ट के तहत फोटोग्राफी का निःशुल्क प्रशिक्षण लेकर गंगरेल-रुद्री के तीन युवाओं ने अपने शौक को अब रोजगार के रूप में अपना लिया है। सुनील साहू, कीर्तन साहू और भुवन मीनपाल ने महानदी के किनारे अंगारमोती में अपनी फोटोग्राफी की दुकान खोली है। तीनों युवा यहाँ माँ अंगार मोती के दर्शन के लिए आने वाले पर्यटकों की अलग अलग लोकेशनों में आकर्षक फोटो खींचकर तुरंत प्रिंट उपलब्ध करा देते है। तीनों युवा हर दिन एक से डेढ़ हजार रुपए कमा रहे हैं। इन तीनों ने प्रोजेक्ट युवा की संकल्पना को मूर्त रूप देकर धमतरी के युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही स्व रोजगार उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार का आभार जताया है।

फोटोग्राफी की निःशुल्क ट्रेनिंग ने फोटोग्राफी की कला को निखारा। फोटोग्राफी की कला अब कमाई का जरिया बन गया है, फोटोग्राफी कभी सिर्फ शौक था, अब वही रोजगार बन चुका है। गंगरेल के स्थानीय निवासी कीत्र्तन कुमार साहू और उनके साथी सुनील साहू तथा भुवन मीनपाल आज फोटोग्राफी के जरिए आत्मनिर्भर बन चुके हैं। जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निः शुल्क फोटोग्राफी प्रशिक्षण की बदौलत। कीर्तन साहू बताते हैं, "हम पहले भी फोटो खींचते थे, फोटोग्राफी हमारा शौक था, लेकिन तकनीक और समझ की कमी थी। जब जिला प्रशासन ने प्रोजेक्ट युवा में फोटोग्राफी का निःशुल्क प्रोफेशनल प्रशिक्षण दिया, तब समझ आया कि फोटो सिर्फ क्लिक नहीं होती, बल्कि एक कला होती है।" तीनों साथियों ने इस प्रशिक्षण में फोटोग्राफी की बारीकियां सीखी। कैमरे के प्रकार से लेकर लाइट, अपर्चर, स्पीड, फ्रेम सब की जानकारी मिली। इंडोर और आउट डोर फोटोग्राफी के गुर भी सीखें। ट्रेनिंग के बाद आज कीर्तन, सुनील और भुवन तीनों ने मिलकर गंगरेल डैम और अंगारमोती परिसर जैसे पर्यटन स्थलों पर फोटोग्राफी का काम शुरू किया हैं। छुट्टी के दिनों और विशेष मेला-मड़ई के अवसर पर भीड़ वाले दिनों में इनकी कमाई एक से डेढ़ हजार रुपये प्रतिदिन तक पहुंच जाती है, जबकि सामान्य दिनों में पाँच सौ से एक हजार रुपये तक की आमदनी हो जाती है। प्रोजेक्ट युवा के तहत निःशुल्क ट्रेनिंग ने न सिर्फ इनकी कला को निखारा, बल्कि कमाई का साधन भी बना दिया। यह पहल उन युवाओं के लिए मिसाल है, जो हुनर तो रखते हैं, लेकिन उन्हें सही दिशा नहीं मिलती। प्रशिक्षण के बाद इन तीनों युवाओं को फोटोग्राफी का स्टाल शुरू करने के लिए भी जिला प्रशासन ने मदद की है। इन्हें रेडीमेड और आसानी से असेंबल होने वाले आकर्षक स्टॉल भी निःशुल्क दिए गए है। अब ये युवा एक बैट्री से चलने वाले प्रिंटर की मदद से पर्यटकों के आकर्षक फोटो प्रिंट कर तत्काल उपलब्ध करा देते हैं। रियायती दरों पर लोगों को उनके पेन ड्राइव या मोबाइल में भी फोटो की सॉफ्ट कॉपी भी उपलब्ध कराई जा रही है। अब पर्यटकों को भी अपने प्रवास की मधुर स्मृतियाँ इस फोटो बूथ से मिल रही है। युवा कार्यक्रम के तहत धमतरी जिले के बारहवीं कक्षा से लेकर कॉलेज तक में पढ? वाले विद्यार्थियों को आज के जमाने की डिजीटल तकनीकों और पेशेवर कौशलों में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

## अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे पेड़ से टकराई, 2 घंटे तक आवागमन रहा बाधित

**कोंड़ागांव।** जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग 30 खालेमुरवेंड के समीप बुधवार रात लगभग 10 बजे एक भीषण सड़क हादसे में जगदलपुर से रायपुर की ओर लौह अयस्क लेकर जा रही एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित पेड़ से जा टकराई। इस दुर्घटना में ट्रक का ड्राइवर पेड़ और ट्रक के बीच में बुरी तरह से फंस गया था। इसकी सूचना मिलते ही केशकाल एसडीएम अंकित चौहान और थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह चौहान अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर उन्होंने सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्काल क्रेन बुलवाकर लगभग 2 घंटे की मशक्कत के बाद ट्रक में फंसे ड्राइवर को बाहर निकाला गया।

जिसे 108 की मदद से उपचार हेतु जिला अस्पताल कांकेर भेजा गया है। इस दौरान वहां से गुजर रहे ट्रक चालकों व स्थानीय लोगों ने सहयोग दिया। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में लगभग 2 घंटे तक आवागमन बाधित रहा, फिलहाल आवागमन सुचारू रूप से जारी है।

## फ्लैगशिप योजनाओं में लक्ष्य प्राप्त करने के दिए निर्देश

रायपुर। अपर मुख्य सचिव एवं रायपुर जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती ऋचा शर्मा ने रेडक्रॉस कक्ष में जिले की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में कलेक्टर डॉ गौरव सिंह और अन्य अधिकारियों ने विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी साझा की। श्रीमती शर्मा ने अधिकारियों को फ्लैगशिप योजनाओं में लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया, साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और आयुष्मान कार्ड निर्माण को मिशन मोड में पूरा करने पर जोर दिया। श्रीमती शर्मा ने आयुष्मान भारत योजना के तहत अस्पतालों के रीइंबर्समेंट की जानकारी ली। प्रभारी सचिव ने आश्रम-छात्रावासों का आकलन करने का निर्देश दिया। शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर देते हुए उन्होंने शिक्षा विभाग को नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और बच्चों तथा परिजनों की काउंसलिंग की जिम्मेदारी सौंपी। कलेक्टर डॉ सिंह ने बैठक में सुशासन तिहार में प्राप्त हुए आवेदनों और उनके निराकरण की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में 2,98,000 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें स्वच्छता संबंधी शिकायतें सर्वाधिक थीं, जिनका निराकरण कर लिया गया है। इसके अलावा महतारी वंदन योजना के तहत शिकायतें मिली जिनका निराकरण किया गया। उन्होंने प्रभारी सचिव को बताया कि अधिकांश राजस्व प्रकरण निराकृत किए गए हैं, शेष के लिए कार्य योजना बनाए गए है। डॉ सिंह ने बताया कि रायपुर जिला प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में प्रदेश में प्रथम स्थान पर है, और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में लखपति दीदी योजना में लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में संस्थागत प्रसव अधिक से अधिक कराए जा रहे है।जल जीवन मिशन के तहत कलेक्टर डॉ. सिंह ने मल्टी-विलेज स्कीम की आवश्यकता पर जोर दिया, जिसके समाधान का आश्वासन प्रभारी सचिव ने दिया।

इसके साथ ही पेयजल, प्रमाण पत्र, ई-ऑफिस, सडक परियोजनाएं, जन औषधि केंद्र, फसल चक्र परिवर्तन, खाद-बीज भंडारण, और पानी की टंकियों की सफाई जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर डॉ. सिंह ने टीम प्रहरी पहल की जानकारी दी, जो स्कूलों के आसपास नशीले पदार्थ बेचने वालों पर कार्रवाई कर रही है। डॉ. सिंह ने जिले के नवाचार की भी जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने बैठक में पिछले पांच वर्षों के आपराधिक आंकड़े और सडक सुरक्षा प्रयासों की जानकारी दी।

## धमतरी जिले में एक भी स्कूल शिक्षकविहीन नहीं, सभी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने मिले टीचर्स, अब फैलेगा ज्ञान का उजियारा

**धमतरी।** धमतरी जिले में स्कूलों और शिक्षकों के युतियुक्तकरण से सबसे ज्यादा फायदा एक शिक्षक वाले स्कूलों को हुआ है। ऐसे 170 स्कूलों में से 133 स्कूलों को अतिरिक्त शिक्षक मिल गए है। दूरस्थ अंचलों में शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय शाला होने से बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा था, जो अब शिक्षकों के पदस्थापना से दूर होने जा रहा है। धमतरी जिले में युक्तियुक्तकरण के बाद शिक्षकों की पदस्थापना से बिना टीचर वाले तीन प्राथमिक और चार मिडिल स्कूलों में भी शिक्षकों की पदस्थापना हो गई है। इसके साथ ही 111 हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों को गणित तथा विज्ञान विषयों के टीचर भी मिल गए है, इससे इन शालाओं में शैक्षणिक वातावरण बेहतर होगा। राज्य शासन के दिशा-निर्देश में जिले में अतिशेष शिक्षकों के काउंसलिंग की प्रक्रिया पूर्ण होने पश्चात जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में मौजूद शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय विद्यालयों को अब न केवल नए शिक्षक मिले हैं, बल्कि विद्यार्थियों के लिए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा भी सुनिश्चित हुई है। जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र के बच्चों को टीचर्स की कमी के कारण पढ़ाई में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। शिक्षक नहीं होने से बच्चों का भविष्य अधर में था। लेकिन आज युक्तियुक्तकरण के माध्यम से शालाओं को शिक्षक मिलने से बच्चों के भविष्य के लिए आशा की एक नई किरण दिखने लगी है। युक्तियुक्तकरण से पहले जिले के मैदानी इलाकों के स्कूलों में दर्ज संख्या के मान से अधिक शिक्षक कार्यरत थे और वहीं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या के अनुपात से शिक्षक कार्यरत नहीं होने के कारण शिक्षक, छात्र-छात्राओं के अध्यापन कार्य में असंतुलन की स्थिति थी।

टीचर्स के इस असंतुलित वितरण से कई विद्यालयों में बच्चों की पढ़ाई पर काफी नकारात्मक असर पड़ रहा था। गणित, विज्ञान, रसायन और भौतिकी विषय के शिक्षकों की उपलब्धता नहीं होने से छात्रों को इन विषयों पर पकड़ बनाने में दिक्कत होती थी। जिला प्रशासन ने इसे युक्तियुक्तकरण के माध्यम से दूर करने का काम किया गया है।

कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने कहा कि जिले के 111 स्कूलों में गणित विज्ञान के शिक्षक नहीं थे, ऐसे स्कूलों में विषय अनुसार टीचर्स नियुक्त किए गए हैं। युक्तियुक्तकरण से दूरस्थ अंचल जैसे दक्षिण मगरलोड नगरी विकासखंड और डूबान क्षेत्र में शिक्षकों की कमी को दूर कर समाधान निकाला गया है। उन्होंने कहा कि खुशी की बात है कि युक्तियुक्तकरण पश्चात सभी शिक्षकों ने अपने आवंटित स्कूलों में ज्वाइन कर लिया है। इन क्षेत्रों में शिक्षकों की नियुक्ति से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों पालकों और स्कूली बच्चों में उत्साह है। बच्चों की पढ़ाई में जो समस्या होती थी, अब उससे राहत मिल पाएगी। साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा।

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)

डॉ. भुवन शर्मा
MD, DM (Neurology)
• लकवा, पैरालिसिस, मिर्गी एवं सिर दर्द का इलाज
• दिमागी बुखार, भूलने की बीमारी (अल्जाइमर रोग)
• पार्किंसन बीमारी, गर्दन, बांह और पैरों का दर्द

डॉ. बी. मिंज
MBBS, MD, FIPM

डॉ.संजय कुमार अग्रवाल
MBBS, MD, Medicne (Delhi)
DM (Gastro) BHU Varanasi
पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ
+ गैस, उल्टी की समस्या, भूख न लगना, पेट दर्द
+ पीलिया, पित्त की समस्या, क्रोनिक पेनक्रियटाइटिस
+ सीने में जलन, खाना एवं पानी का अटकना

सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र
1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites

डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल - II

डॉ.महावीर सिंह जौहरी
MBBS,MS,DNB (Haderbad)
FEN (Jabalpur), CNETS AIIMS (Delhi)
• स्लीपडिस्क, स्पाइन की समस्या
• हाथ, पीठ, जानु या पैर में दर्द, पैर सुन्न होना

08 जून 2025, प्रत्येक माह के दूसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
07774222555,9425583780,9826183780,
8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉंच

◆◆◆---अपना बाजार---◆◆◆

विज्ञापन के लिए जगह रिक्त है

माता राजरानी मेमोरियल ¼MRM½ हॉस्पीटल
RSBY/MSBY
(स्मार्ट कार्ड) द्वारा भर्ती एवं इलाज की सुविधा उपलब्ध
स्थान - बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर,
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

बच्चों के N.I.C.U. सुविधा
नवजात बच्चों को गहन चिकित्सा कक्ष की सुविधा।
24 घंटे विशेषज्ञों की देख-रेख में वेंटीलेटर, सी-पेप एवं अन्य अत्याधुनिक उपकरणों से युक्त नियोनेटल केयर यूनिट
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

एम.एस. जनरल सर्जन
हॉर्निया, हाईड्रोसिल, एपेण्डीक्स, पाईल्स, पथरी एवं सभी प्रकार की जनरल सर्जरी एवं हर प्रकार के आपरेशन की सुविधा प्रतिदिन
fo'k"k & RSBY & MSBY
(स्मार्ट कार्ड) की सुविधा उपलब्ध
-: प्रतिदिन उपलब्धः-
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

"M.S., E.N.T."
नाक, कान, गला
दूरबीन से प्रतिदिन नाक, कान, गला की जांच की जाती है
रोगों के वरिष्ठ अनुभवी चिकित्सक (अत्याधुनिक उपकरणों की सुविधा) के साथ
प्रतिदिन उपलब्ध
समय-दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक
कान एवम् बहरेपन की सम्पूर्ण जांच की जर्मनी की अत्याधुनिक मशीन द्वारा।
कान की मशीन उत्कृष्ट क्वालिटी एवं दो साल की वारण्टी के साथ अत्यन्त रियायती मूल्यों पर उपलब्ध।
आडियोमेट्री की जांच एवम् सेवाए नियमित उपलब्ध
विशेष- नाक, कान, गले से संबंधित सभी प्रकार के आपरेशन (सर्जरी) की सुविधा स्मार्ट कार्ड द्वारा उपलब्ध।
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

प्रतिदिन फिजिशियन परामर्श
डायबिटिज (शुगर/मधुमेह), हृदय संबंधी समस्त रोग, सभी प्रकार के हार्मोन्स विकार (थाइराईड), समस्त प्रकार के इंफेक्शन (सर्दी, खांसी, बुखार, ब्लड प्रेशर (हायपरटेंशन)), एनीमिया, सिकलिंग, थैलीसीमीया, टी.बी., श्वसन एवं छाती संबंधी समस्त रोग, पाचन एवं पेट, लीवर, किडनी (गुर्दा), सिर, मस्तिष्क एवं नस संबंधी समस्त रोग एवं सभी प्रकार के पुराने रोगों के उपचार हेतु उपलब्ध रहेंगे...
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

सभी बीमारियों के
विशेषज्ञ चिकित्सक नियमित उपलब्ध
डॉक्टर्स हाउस
रानी तालाब के सामने, गेहूं बाड़ी के आगे
शासकीय अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
मो.-94255-83780, 62626-39090, 62626-39191
फोन 07774222555

पतंजली सेवा केन्द्र
पतंजली के सभी प्रोडक्ट पर 2 से 10 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध
निः शुल्क डॉक्टर (वैद्य) परामर्श सेवा प्रतिदिन उपलब्ध
सुबह 10.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर, तेज मेडिकल के सामने
सम्पर्क नम्बर- 9425583780, 9522629990
आपसे विनम्र निवेदन है कि जरूरतमंद मरीजों तक इसकी जानकारी देने की कृपा करें।
आपके सहयोग एवं सलाह के लिए हृदय से धन्यवाद।

आधुनिक मशीनों एवम् विश्वसनीय जांच 24 घंटे उपलब्ध
एम.आर.आई | ब्लड बैंक सुविधा (24 घंटे)
सीटी स्कैन | ई.ई.जी, ई.सी.जी.
सोनोग्राफी | टीकाकरण की सुविधा
टी.एन.टी. | प्रतिदिन
आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित कम्प्यूटरीकृत पैथोलॉजी लैब
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
हमारी उच्च स्तरीय स्वस्थ्य सेवाएं
• जनरल मेडिसिन, सर्जरी रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग, एवं बाल हृदय रोग
• सभी प्रकार के सर्जरी की सुविधा आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
• 24X7 आपातकालीन सुविधा
• क्रिटिकल केयर एवं ट्रामा केयर
• एडवांस आई. सी. यू. यूनिट
• निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा
• 24X7 फार्मेसी एवं डायग्नोस्टिक सेवाएं उपलब्ध
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा इलाज की सुविधा उपलब्ध
More Information call us
+91 96176 05000, +91 70499 85558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के पास अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ. ग.)

आपके नगर अम्बिकापुर मे अब प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
मानसिक एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ
समय-दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
रोग : डिप्रेशन, उदासी, चिंता, घबराहट, सरदर्द, माइग्रेन, मिर्गी, झटका, बेहोशी, कम एकाग्रता, नींद की कमी, असामान्य व्यवहार, पागलपन, शराब व अन्य नशे की लत, गर्दन दर्द, कमर दर्द, नस मांसपेशियों में दर्द, बच्चों में चंचलता, मंदबुद्धि आदि से संबंधित बीमारियों के परामर्श एवं उपचार हे
पता : माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल/ तेज डायग्नोस्टिक से
पुराना बस स्टैण्ड, बाबूपारा, जोड़ा तालाब के पास, अम्बिकापुर मो.नं. 07774-222999, 8224007799, 98261

# विकसित संकल्प अभियान के तहत कृषि शिविर में 1106 किसान हुए लाभान्वित

**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विगत दिवस दो पालियों में कृषि शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक एवं आधुनिक कृषि पद्धतियों से अवगत कराना, उनकी समस्याओं का समाधान करना तथा नवीन कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करना रहा।शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों के साथ कृषि वैज्ञानिक, कृषि सखी, कृषक मित्र, पशु सखी तथा प्रगतिशील कृषकों ने सहभागिता की। इस दौरान किसानों को मोटे अनाज (मिलेट्स) की खेती, फसल चक्र परिवर्तन, प्राकृतिक और जैविक खेती, उन्नत बीज एवं कृषि यंत्रों का उपयोग, जल संरक्षण, मूल्य संवर्धन, पशुपालन एवं उद्यानिकी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।उल्लेखनीय है कि करसी एवं टुकुडांड शिविर स्थल पर डॉ. के.एल. पैकरा, तेलगंवा एवं केवटाली में डॉ. योगेन्द्र राठौर तथा देवनगर एवं पस्ता शिविर स्थल पर डॉ. आर.एस. सिदार ने किसानों को मार्गदर्शन दिया।इन शिविरो में कुल ११०६ कृषक लाभान्वित हुए। शिविर के दौरान १२ स्प्रेयर, २० सॉयल हेल्थ कार्ड, ११ धान बीज पैकेट, १० पैकेट खाद तथा २९५ फलदार पौधों का वितरण किया गया।

प्रोजेक्ट युवा की पहली सफलता: सुनील, कीर्तन, भुवन ने शौक को बनाया स्व रोजगार का जरिया...पेज 11



## समन्वित प्रयास से समयबद्ध रूप पीएम आवास कराएं पूर्ण..... जिला पंचायत सीईओ



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती कमलेश नंदनी साहू ने कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देश पर जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे मोर गांव मोर पानी महाअभियान, मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कार्यों का औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों की जमीनी हकीकत का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत मानी में अमृत सरोवर और रिचार्ज पिट, लोलकी में मिट्टी बांध, गैबियन और सोक्ता गड्ढा, पहिया में अमृत सरोवर और चंदौरा में मिट्टी बांध के निर्माण कार्यों का गहन निरीक्षण किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी वर्षा ऋतु से पहले सभी आवश्यक मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता दी जाए ताकि ग्रामीणों को खेती के लिए अधिकतम जल स्रोत उपलब्ध हो सके। इससे खरीफ के साथ-साथ रबी की फसल की भी अच्छी पैदावार सुनिश्चित हो सकेगी, जिससे ग्रामीणों की आय में सीधा इजाफा होगा।सीईओ साहू ने कहा कि ग्रामीणों के मनोबल को बढ़ाना और सभी हितग्राहियों का समन्वय स्थापित करना ही योजनाओं की सफलता की कुंजी है। इस दिशा में समन्वित प्रयासों की जरूरत है। प्रधानमंत्री आवास योजना में गति लाने के निर्देश प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदौरा, पहिया, मानी, और लोलकी में चल रहे आवास निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय महिलाओं, ग्राम पंचायत मेट, रोजगार सहायक, और सचिव को आपसी समन्वय बनाकर तय समय सीमा में सभी आवास पूर्ण करने के निर्देश दिए।इसके साथ ही उन्होंने विकासखंड स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवास की किस्तों का भुगतान समयबद्ध रूप से किया जाए ताकि निर्माण में कोई बाधा न आए। सभी हितग्राहियों को अपने पक्के मकानों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे जल संरक्षण और सतत कृषि को बढ़ावा मिल सके।

## बिहान योजना से ग्रामीण महिलाएं हो रही आत्मनिर्भर



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशन में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रीमती कमलेश नंदनी साहू के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) योजना के अंतर्गत महिलाओं को स्वावलंबन की दिशा में सशक्त किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत भैयाथान अंतर्गत ग्राम पंचायत पासल की गौरी महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रेरणास्पद उपलब्धि प्राप्त की है।गौरी महिला स्वयं सहायता समूह का गठन १७ नवम्बर २०१९ को १० महिलाओं के समूह द्वारा किया। प्रारंभ में ये महिलाएं कृषक या दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करती थीं। बिहान योजना के तहत ग्राम में सी.आर.पी. दीदियों के माध्यम से जानकारी मिलने के बाद महिलाओं ने समूह बनाकर आजीविका गतिविधि प्रारंभ करने का निर्णय लिया। नियमित बैठकें, बचत एवं ऋण लेन-देन की प्रक्रिया को अपनाते हुए समूह ने तीव्र गति से आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में कार्य प्रारंभ किया।गौरी महिला स्वयं सहायता समूह को रिवॉल्विंग फंड से १५,००० रू., सामुदायिक निवेश निधि से ६०,००० रू, बैंक क्रेडिट लिंकेज से ३,००,००० रू आर्थिक सहयोग शासन से प्राप्त हुआ। इन सहयोगों के माध्यम से समूह की महिलाओं ने अलग-अलग स्वरोजगार गतिविधियाँ प्रारंभ कीं, जिनमें से श्रृंगार एवं मनिहारी दुकान प्रमुख रही।समूह की सदस्य श्रीमती सीमा ने वर्ष २०१९ में ७५,००० रू का बैंक ऋण प्राप्त कर श्रृंगार/मनिहारी दुकान का संचालन प्रारंभ किया। प्रारंभिक पूंजी की कमी के बावजूद उन्होंने साहस और दृढ़ संकल्प के साथ व्यवसाय शुरू किय।आजीविका गतिविधि के माध्यम से श्रीमती सीमा अब प्रतिमाह लगभग रू १३,८०० की आय अर्जित कर रही हैं, जिससे न केवल उनका परिवार आर्थिक रूप से सशक्त हुआ है, बल्कि उन्होंने समाज में आत्मनिर्भरता की नई मिसाल भी कायम की है।

# शिक्षक पाठक ने सरगुजा की संस्कृति, पुरातत्व,पर्यटन में रामगढ़ के महत्व विषय पर किया शोध पत्र का वाचन



### विधायक ने स्मृति चिन्ह ,सम्मानपत्र देकर किया सम्मानित

**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** आषाढ़ मास के प्रथम दिवस सरगुजा के पुरातात्विक महत्व और पर्यटन स्थल के रूप में विख्यात रामगढ़ में रामगढ़ महोत्सव के दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं शोध पत्र वाचन का कार्य किया गया, इसी क्रम में "सरगुजा की संस्कृति,पुरातत्व,पर्यटन में रामगढ़ का महत्व" विषय पर सूरजपुर जिले के रामानुजनगर विकासखंड में पदस्थ सहायक शिक्षक मिथिलेश पाठक ने अपना शोध पत्र पढ़ा , संस्कृत ,हिंदी के साथ ही सरगुजिहा बोली में उन्होंने अपने शोधपत्र का वाचन किया जिसमें सरगुजा की संस्कृति रामगढ़ का धार्मिक एवं पुरातात्विक महत्व तथा सरगुजा पर्यटन के संदर्भ में संभावनाओं को बिंदु वार बताया,कविकुल गुरु काली दास की रचनास्थली रामगढ़ जहां मेघदूत की रचना की गई थी साथ ही एक मान्यता के अनुसार रामगढ़ विश्व की प्राचीनतम नाट्य शाला भी मानी जाती है।रामपथ गमन का केंद्र रामगढ़ में भगवान राम माता सीता एवं अनुज लक्ष्मण जी के साथ इस स्थान पर आए थे और वर्षो निवास किया था, रामगढ़ के साथ ही,देवगढ़ ,कछला भदवाही ,महेशपुर, डीपाडीह, तातापानी ,प्राचीन सती स्तंभों वाला पुरातात्विक स्थल सरगुजा संभाग में ही स्थित बरतूंगा के विषय में जानकारियां दीं,कार्यक्रम के पश्चात विधायक अंबिकापुर राजेश अग्रवाल ने प्रशस्ति पत्र,स्मृति चिन्ह,और सम्मान की राशि देकर शिक्षक मिथिलेश पाठक को सम्मानित किया है।शिक्षक साहित्यकार मिथिलेश पाठक शासकीय सेवा पूर्व आकाशवाणी अंबिकापुर में आकस्मिक उद्घोषक के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं,कहानी,कविताओं के साथ ही राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं परिषद (एस सी ई आर टी) के उत्कृष्ट शिक्षकों पर आधारित पुस्तक भी प्रकाशित हो चुकी हैं।विधायक राजेश अग्रवाल ने शिक्षक के शोध वाचन शैली की सराहना करते हुए उन्हें अपनी बधाई दी है।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियानज्ञ के उद्देश्य की दी गई जानकारी



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** कलेक्टर एस.जयवर्धन की उपस्थिति में आज धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अभियान के तहत सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका में व्याप्त अंतराल को समाप्त करके जनजातीय क्षेत्रों और समुदायों का समग्र और सतत विकास करना है। उन्होंने बताया कि धरती आबा जनभागीदारी अभियान अंतर्गत राष्ट्राव्यापी जागरूकता सह लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जाना है, जिसका उद्देश्य अंतिम व्यक्ति को पात्रता अनुसार व्यक्तिगत लाभों से संतृप्त किया जाना और इस अभियान के प्रति जन जागरूकता उत्पन्न किया जाना है।उन्होंने जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत लगने वाले शिविर के प्रचार प्रसार में सहयोग प्रदान करें और इसका वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार करें। इस अवसर पर आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त घनश्याम कुमार ने पत्रकार बंधुओं को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के विषय पर संपूर्ण जानकारी उपलब्ध करायी। उन्होंने बताया कि जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना अंतर्गत २८४ ग्राम पंचायत का चिन्हांकन किया गया है। जिसमें विकासखंड सूरजपुर, प्रतापपुर, भैयाथान, ओड़गी, प्रेमनगर, रामानुजनगर अंतर्गत क्रमशः ३४,११०,२५,४६,२८ व ४१ ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि इन ग्रामों का क्लस्टर बनाकर शिविर लगाया जायेगा और इन शिविर में आधार कार्ड,आयुष्मान कार्ड, जनधन खाता,किसान क्रेडिट कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र,मनरेगा जॉब कार्ड,उज्जवला, राशन कार्ड इत्यादि से जनजातीय बाहुल्य ग्रामों के जनजातीय परिवारों को संतृप्त किया जाना है।

## भारी मालवाहक व कोयला लोड वाहनों का शहर में हो प्रवेश वर्जित



### ०० कांग्रेस की मांग,सौंपा ज्ञापन

**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) के प्रदेश महासचिव सैय्यद आमिल हुसैन ने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के साथ कलेक्टर को ज्ञापन सौंप भारी मालवाहक एवं कोयला लोड वाहनों के शहर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि सूरजपुर शहर में भारी एवं मालवाहक वाहन - हाईवा, ट्रक के शहर में प्रवेश करने एवं तेज रफ्तार से वाहन चालन से निरंतर दुर्घटना कारित हो रही है, जिससे जन हानि के साथ-साथ शहर की सड़को की स्थिति भी खराब हो रही है। आगामी वर्षा ऋतु में भारी वाहनो के परिचालन से सड़को की स्थिति और अधिक खराब होने की संभावना है, जिससे सड़क दुर्घटना भी बढ़ेगी। जनहित एवं सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से भारी एवं मालवाहन के नगर में प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाते हुए केवल बाईपास मार्ग से भारी वाहनो के परिचालन कराये जाने का आदेश पारित प्रशासन द्वारा किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ एनएसयूआई प्रदेश महासचिव कौनेन अंसारी, रजा अंसारी, राजू पाटले, वसीम अली, हैदर अली, देव सिंह, फरहान अब्बास, अजय, शिव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## टीम ने किया खाद-बीज दुकानों एवं रेक पॉइंट का निरीक्षण

**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** किसानों को गुणवत्ता युक्त एवं मानक स्तर का उर्वरक एवं बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देश पर उप संचालक कृषि के मार्गदर्शन में विकासखण्ड स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा विकासखण्ड-रामानुजनगर के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. उमापुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संदेह के आधार पर कृष्णा फोस्केम लिमि. कम्पनी का उर्वरक एन.पी. के. २०:२०:०:१३ का नमूना लिया गया तथा विश्लेषण परिणाम आने तक उक्त उर्वरक की मात्रा ३२.४५ मे.टन का विक्रय प्रतिबंध लगाया गया है, अभिलेखों का परीक्षण करने पर कमियां पाये जाने पर संबंधित प्रबंधक को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। उक्त कार्यवाही करते समय उर्वरक निरीक्षक सह वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री प्रफुल्ल गुप्ता एवं क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित थे। साथ ही जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा विश्रामपुर उर्वरक रेक पांइट का निरीक्षण किया गया। जिसमें उर्वरक निमार्ता कम्पनी पारादीप फास्फेट लिमि. कम्पनी का डी.ए.पी. उर्वरक का ०५ नमूना, फास्फो जिप्सम का ०१ नमूना तथा उर्वरक निमार्ता कोरोमण्डल इंटरनेशनल लिमि. कम्पनी का एन.पी.के. २०रू२०रू०रू१३ का ०१ नमूना लिया गया। उक्त कार्यवाही करते समय सहायक संचालक कृष सन्दीप सिन्हा, उर्वरक निरीक्षक सह वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अशोक सोनवानी, असिस्टेंट फिल्ड आफिसर लिवेन खेस, जिला स्तरीय निरीक्षण दल के सदस्य तथा पी.पी.एल. कंपनी के प्रतिनिधि हरिकृष्णनन वाजपेयी उपस्थित थे।

## एक और आदतन बदमाश किया गया तड़ीपार

### ०० दो दिन में दो लोग किये गए जिलाबदर



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** अवैध कार्यो सहित आदतन अपराधिक गतिविधि में संलिप्त व्यक्ति के विरूद्ध सूरजपुर पुलिस के द्वारा लगातार सख्ती बरती जा रही है। गंभीर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता के कारण सूरजपुर पुलिस ने एक और आदतन बदमाश के विरूद्ध जिला बदर की अनुशंसा की थी जिस पर कलेक्टर ने आदतन अपराधी को ६ माह की अवधि के लिए जिलाबदर का आदेश जारी किया है। जिले में शांती एवं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाये रखने के लिए अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों एवं आदतन आरोपियों पर सतत निगरानी रखी जा रही हैं और अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्यवाही भी की जा रही है। इसी तारतम्य में डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के अनुशंसा पर कलेक्टर एस. जयवर्धन ने जिले के आदतन अपराधी सत्येन्द्र कुमार राय उर्फ सत्येन्द्र तिवारी उर्फ मोनू पिता रामप्यारे उम्र ३७ वर्ष निवासी नगर पंचायत प्रेमनगर, थाना प्रेमनगर के विरूद्ध जिला बदर का आदेश जारी किया है।

छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम १९९० की धारा-५ के तहत दाण्डिक प्रकरण में पारित आदेश के अनुसार आदतन अपराधी सत्येन्द्र कुमार राय उर्फ सत्येन्द्र तिवारी उर्फ मोनू को १० जून २०२५ से जिला सूरजपुर तथा समीपवर्ती राजस्व जिला सरगुजा, कोरबा, कोरिया, बलरामपुर-रामानुजगंज, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छत्तीसगढ), सिंगरौली मध्यप्रदेश जिला क्षेत्र से ६ माह की अवधि के लिए बाहर चले जाने और जब तक यह आदेश लागू रहेगा, बिना वैधानिक पूर्व अनुमति लिए इस जिले एवं उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करने, आदेश का पालन न करने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।आदतन अपराधी सत्येन्द्र कुमार राय उर्फ सत्येन्द्र तिवारी उर्फ मोनू के विरूद्व कुल ०९ प्रकरण जिनमें ३ मारपीट गाली-गलौज, एसटीएससी एक्ट सहित शासकीय कार्य में बाधा, शासकीय सेवा को अभित्रास करना एवं मेडिकल प्रो. एक्ट के तहत, १ अपराध उद्दीपन सहित एसटीएससी एक्ट एवं ०५ बार परिशांति कायम रखने प्रतिबंधक धाराओं के तहत कार्यवाही की गई है।

## शिक्षा न्याय आंदोलन के तहत शहर कांग्रेस ने घेरा बीईओ कार्यालय



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पूरे प्रदेश में शिक्षा न्याय आंदोलन के साथ शिक्षा न्याय यात्रा के चल रहे चरणबद्ध आंदोलन में शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय विकासखंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन व नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष संजय डोसी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में उपस्थित शहर कांग्रेस व किसान कांग्रेस के पदाधिकारी के साथ युवक कांग्रेस व एनएसयूआई सहित नगरीय निकाय के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्थानीय रंगमंच से बीईओ कार्यालय तक रैली निकाल कर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। हाथों में तख्तियां लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने सरकार पर शिक्षा के मंदिरों में राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा की सरकार प्रदेश में १०००० स्कूल बंद करने का षड्यंत्र रच रही है। जिससे निजी विद्यालयों को सीधा लाभ मिलेगा। वहीं कहा कि युक्तियुक्तकरण के माध्यम से सरकार की नीतियां रोजगार विरोधी नीति के रूप में है। जिसका विरोध पूरा शिक्षा जगत कर रहा है। इस दौरान बीईओ कार्यालय को घेर कर मुख्य द्वार पर नारेबाजी करते हुए कांग्रेस के कार्यकर्ता काफी समय तक वहां धरने पर बैठे रहे और बाद में तहसीलदार इजराईल खान व बीआरसी मनोज मंडल के समझाईस पर शहर कांग्रेस के कार्यकर्ता वहां से हटे। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात था। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बीईओ कार्यालय घेराव में किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष रामकृष्ण ओझा, विमलेश दत्त तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े, पूर्व एआईसीसी सदस्य सुनील अग्रवाल, शकील हुसैन, पार्षद पारसनाथ राजवाड़े, प्रवेश गोयल,मंजूलता गोयल, सावित्री शर्मा, इम्तियाज खान, युंकाध्यक्ष परमेश्वर राजवाड़े, शक्ति ठाकुर, सैयद आमिल, कौनेंन अंसारी, अजय सोनवानी,पवन साहू,शान्तु डोसी,राजपाल कसेरा,गिरधारी साहू,हरि साहू,मधु साहू,शिवम साहू,राजेश साहू, इमरान इराकी,मोहम्द अजहर,जब्बारुल हक,ईशु डालमियां, मोंटू साहू,आशीष सिंह,सौरभ सिंह बघेल,राजू पाटले,रजा अंसारी,आर्यन साहू,हैदर,भोला राम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस व अनुसांगिक संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के उद्देश्य की दी गई

**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
कलेक्टर एस.जयवर्धन की उपस्थिति में आज धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अभियान के तहत सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका में व्याप्त अंतराल को समाप्त करके जनजातीय क्षेत्रों और समुदायों का समग्र और सतत विकास करना है। उन्होंने बताया कि धरती आबा जनभागीदारी अभियान अंतर्गत राष्ट्राव्यापी जागरूकता सह लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जाना है, जिसका उद्देश्य अंतिम व्यक्ति को पात्रता अनुसार व्यक्तिगत लाभों से संतृप्त किया जाना और इस अभियान के प्रति जन जागरूकता उत्पन्न किया जाना है।उन्होंने जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत लगने वाले शिविर के प्रचार प्रसार में सहयोग प्रदान करें और इसका वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार करें। इस अवसर पर आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त घनश्याम कुमार ने पत्रकार बंधुओं को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के विषय पर संपूर्ण जानकारी उपलब्ध करायी। उन्होंने बताया कि जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना अंतर्गत २८४ ग्राम पंचायत का चिन्हांकन किया गया है। जिसमें विकासखंड सूरजपुर, प्रतापपुर, भैयाथान, ओड़गी, प्रेमनगर, रामानुजनगर अंतर्गत क्रमशः ३४,११०,२५,४६,२८ व ४१ ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि इन ग्रामों का क्लस्टर बनाकर शिविर लगाया जायेगा और इन शिविर में आधार कार्ड,आयुष्मान कार्ड, जनधन खाता,किसान क्रेडिट कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र,मनरेगा जॉब कार्ड,उज्जवला, राशन कार्ड इत्यादि से जनजातीय बाहुल्य ग्रामों के जनजातीय परिवारों को संतृप्त किया जाना है।